# शुभम संदेश

धनबाद, रांची एवं पटना से प्रकाशित

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | रांची, मंगलवार 27 अगस्त 2024 • भाद्रपद कृष्ण पक्ष 09, संवत 2081 • पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ • वर्ष : 2, अंक : 139 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र



झारखण्ड सरकार GOVERNMENT OF JHARKHAND

## वीर शहीद सिदो-कान्हू, चांद-भैरव और फूलो-झानो

की बलिदानी भूमि संताल परगना की लाखों बहनों को

## खुशियों का उपहार

झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत

**श्री हेमन्त सोरेन**

माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

## सम्मान राशि का करेंगे हस्तांतरण

**27 अगस्त, 2024 | पूर्वाह्न 11:30 बजे से**

**पंदन पहाड़ी मैदान, जामा, दुमका**

**संताल परगना** (गोड्डा, देवघर, दुमका, जामताड़ा, साहिबगंज और पाकुड़)
**की सभी बहनों का समारोह में स्वागत है**

- 48 लाख से अधिक निबंधन
- अब तक 43 लाख से अधिक बहनों का आवेदन स्वीकृत
- 31 अगस्त से पहले सभी बहनों के खातों में होगी एक हजार रुपये की सम्मान राशि (पहली किस्त)
- सितंबर से हर महीने की 15 तारीख को हर बहन के खाते में पहुँचेगी सम्मान राशि

झारखण्ड मुख्यमंत्री
## मंईयां सम्मान योजना

## हर बहना को हर साल ₹ 12 हजार



**हेमन्त सोरेन**
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार

### झारखंड में सक्रिय तीन बड़े उग्रवादी संगठनों में बचे सिर्फ सात बड़े उग्रवादी

# तीनों उग्रवादी संगठनों के कई छोटे-बड़े उग्रवादी पकड़े गये

- झारखंड पुलिस ब्रजेश गंझू को पकड़ने में अब तक सफल नहीं हो पायी है
- दिनेश गोप समेत कई इनामी उग्रवादी गिरफ्तार हो चुके हैं



संवाददाता। रांची

झारखंड में भाकपा माओवादी के अलावा कई छोटे-बड़े उग्रवादी संगठन सक्रिय हैं. इन उग्रवादी संगठनों में तीन उग्रवादी संगठनों प्रमुख हैं. इनमें टीपीसी, पीएलएफआई और जेजेएमपी उग्रवादी संगठन शामिल हैं. तीनों उग्रवादी संगठन समय-समय पर आपराधिक घटनाओं को अंजाम देकर झारखंड पुलिस को चुनौती देने का काम करते रहे हैं. इस दौरान तीनों उग्रवादी संगठनों के कई छोटे-बड़े उग्रवादी पकड़े गये हैं या फिर मुठभेड़ में मारे गये हैं. वर्तमान में हालात यह है कि इन उग्रवादी संगठनों में सिर्फ सात बड़े उग्रवादी बचे हैं. इनमें टीपीसी के तीन, पीएलएफआई के एक और जेजेएमपी के तीन उग्रवादी शामिल हैं.

### झारखंड पुलिस और एनआईए के रडार पर ब्रजेश गंझू और आक्रमण गंझू

10 लाख के इनामी भीखन गंझू की गिरफ्तारी और मुकेश गंझू के सरेंडर करने के बाद, टीपीसी में सिर्फ तीन बड़े इनामी उग्रवादी बचे है. इनमें 25 लाख का इनामी ब्रजेश गंझू और 15 लाख का इनामी आक्रमण गंझू और 10 लाख का इनामी आरिफ उर्फ शशिकांत शामिल है. झारखंड पुलिस और एनआईए के रडार पर टीपीसी सुप्रीमो ब्रजेश गंझू, आक्रमण गंझू भी हैं. झारखंड पुलिस ब्रजेश गंझू को पकड़ने में अब तक सफल नहीं हो पायी है.

### पीएलएफआई में बचा एक बड़ा उग्रवादी

पीएलएफआई उग्रवादी संगठन के खिलाफ झारखंड पुलिस का अभियान लगातार जारी है. इस दौरान जिदन गुड़िया शनिचर सुरीन समेत कई इनामी उग्रवादी मारे गये हैं. सुप्रीमो दिनेश गोप समेत कई इनामी उग्रवादी गिरफ्तार हुए हैं. वर्तमान में पीएलएफआई संगठन में सिर्फ एक बड़ा उग्रवादी 15 लाख का इनामी मार्टिन केरकेट्टा बचा हुआ है.

### जेजेएमपी में बचे सिर्फ तीन

जेजेएमपी उग्रवादी संगठन में सिर्फ तीन बड़े उग्रवादी बचे हैं, जिनमें दस लाख का इनामी जेजेएमपी सुप्रीमो पप्पू लोहरा, पांच लाख का इनामी लवलेश गंझू और पांच लाख का इनामी रविंद्र यादव शामिल हैं.

## राज्यपाल से मिले बाबूलाल मरांडी



रांची। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को राजभवन में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात की. इस दौरान मरांडी ने राज्यपाल को कोल्हान विश्वविद्यालय के लिए जेपीएससी से चयनित प्राध्यापकों की शीघ्र नियुक्ति प्रक्रिया पूरी कराने के लिए एक ज्ञापन भी सौंपा.

### गुस्से में लोग : बिना टेस्टिंग के उपभोक्ताओं पर स्मार्ट मीटर थोप दिया

# सरकार नहीं मानी तो सड़क पर उतरेंगे सूबे के बिजली उपभोक्ता

**खास बातें**

- कई संगठन विरोध में हो रहे गोलबंद
- दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई करे राज्य सरकार



संवाददाता। रांची

विद्युत वितरण की व्यवस्था को ठीक नहीं किया गया. लो वोल्टेज, हल्की बारिश, हवा में बिजली गुल होने की समस्या रहते हुए सिर्फ स्मार्ट मीटर लगाने के लिए उपभोक्ताओं को बाध्य करना राज्य सरकार का जनविरोधी कदम है. ये बातें ऑल इंडिया लॉयर एसोसिएशन फोर जस्टिस और रांची विद्युत मंच की ओर से आयोजित प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए मंच से जुड़े लोगों ने कहीं. माकपा माले से जुड़े और रांची विद्युत उपभोक्ता मंच के संयोजक भुनेश्वर केवट ने कहा कि स्मार्ट मीटर लगाने से पहले उपभोक्ताओं को विश्वास में लेने के लिए मीटर टेस्टिंग की व्यवस्था नियमावली में है. इसे हजारों उपभोक्ताओं की शिकायत के बावजूद अनदेखा किया गया. राज्य सरकार केंद्र सरकार की पिछलागू बन कर राज्य में स्मार्ट मीटर लगाने का काम कर रही है. वहीं दिल्ली और केरल सरकार ने इस व्यवस्था को लागू नहीं किया है. राष्ट्रीय स्मार्ट मिटरिंग योजना केंद्र सरकार की है. 2025 तक देश के सभी उपभोक्ताओं के घरों में स्मार्ट मीटर लगाने की योजना सरकार की है. सरकार सभी बिजली उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर योजना प्रीपेड सेवा से जोड़ने की योजना पर काम कर रही है. प्रीपेड सेवा बहाल होने के बाद कंपनियों की मनमानी बढ़ेगी. उपभोक्ताओं को अत्यधिक बिल का भुगतान करना पड़ेगा. पहले 100 वॉट के बल्ब घरों में जलते थे, अब 9 वॉट में बदल गया. इसके बावजूद 250 रुपये महीने आने वाला बिल अब 10 सालों में बढ़कर 5000 तक पहुंच गया है. स्मार्ट मीटर लगने के बाद आठ से दस गुना बिल का भुगतान करना पड़ रहा है.

### स्मार्ट मीटर को संस्थागत लूट का जरिया बना रही सरकार: एसोसिएशन

ऑल इंडिया लॉयर एसोसिएशन फोर जस्टिस की झारखंड कमेटी एक सितंबर से लागू होने जा रहे प्रीपेड स्मार्ट मीटर सिस्टम का विरोध किया है. रांची में होने वाले प्रीपेड मीटर से संबंधित कार्यक्रम को स्थगित करने की मांग की है. साथ ही समय पर मीटर रीडिंग करने पर उपभोक्ताओं को हर्जाना भी बिजली वितरण निगम दे. देश में स्मार्ट मीटर की बाध्यता अनिवार्य रूप से बनाई जा रही है. बिजली वितरण निगम का यह काम स्मार्ट मीटर के नाम पर संस्थागत लूट का जरिया बन रहा है. बिजली बिल स्मार्ट मीटर लगाने से दोगुना हो गया है. स्मार्ट मीटर प्रकरण में दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की की जाय. नियामक आयोग ने जिन तीन कंपनियों की सिफारिश स्मार्ट मीटर लगाने के लिए की थी, उसे दरकिनार कर अलग कंपनी को मीटर लगाने का काम दिया गया. पूरे मामले में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ है. एसोसिएशन ने बिजली सहित अन्य विभागों में व्याप्त भ्रष्टाचार की सीबीआई से जांच करायी करने की मांग की.

### लैंड स्कैम से अर्जित राशि का आतंकी मॉड्यूल में फंडिंग का मामला

# बबलू खान से ईडी ने की पूछताछ

संवाददाता। रांची

अलकायदा इन इंडियन सब कॉन्टिनेंट मॉडयूल (एक्यूआईएस) के संदिग्ध आतंकी डॉ इश्तियाक की गिरफ्तारी के बाद ईडी लैंड स्कैम से अर्जित राशि से उसे फंडिंग किये जाने के मामले की जांच कर रही है. इस कड़ी में ईडी द्वारा तलब करने के बाद डॉ इश्तियाक का करीबी बबलू खान सोमवार को ईडी ऑफिस पहुंचा. केंद्रीय जांच एजेंसी के अफसरों ने उससे घंटों सघन पूछताछ की. ईडी अब इस बात का पता लगा रही है कि रांची में जमीन घोटाले के आरोपियों का पैसा एक्यूआईएस के लिए फंडिंग में तो नहीं लगा है. क्योंकि डॉ इश्तियाक के तार लैंड स्कैम के आरोपियों से जुड़े होने की बात सामने आई है. बता दें कि बबलू खान लैंड स्कैम के आरोप में जेल में बंद अफसर खान का भाई और ताल्हा खान का ससुर है. उसे पूछताछ के लिए ईडी ने समन जारी किया था. बबलू खान के अस्पताल से संदिग्ध आतंकी डॉ इश्तियाक के जुड़े होने की बात सामने आयी है. इनकी पारिवारिक रिश्तेदारी भी है. अफसर अली और ताल्हा खान, दोनों लैंड स्कैम मामले में चार्जशीटेड है.



रांची में ईडी ऑफिस के बाहर सुरक्षा में तैनात जवान.

### डॉ इश्तियाक का करीबी रहा है बबलू खान

पिछले दिनों झारखंड एटीएस और दिल्ली पुलिस की स्पेशल टीम ने अलकायदा इन इंडियन सब कॉन्टिनेंट के मॉडयूल से जुड़े केस में संदिग्ध डॉ इश्तियाक अहमद को गिरफ्तार किया था. जांच में उसके बबलू खान से करीबी संबंध सामने आए थे. इसके बाद ही ईडी ने बबलू खान को पूछताछ के लिए समन किया था. बबलू खान कांग्रेस नेता होने के साथ-साथ रांची के बरियातू स्थित लेक व्यू अस्पताल का संचालक भी है.

### आतंकी मॉड्यूल को आगे बढ़ा रहा था इश्तियाक

एक्यूआईएस के झारखंड मॉड्यूल को डॉ इश्तियाक आगे बढ़ा रहा था. इश्तियाक मूल रूप से झारखंड के जमशेदपुर का रहने वाला है. वह रांची के मेडिका अस्पताल में रेडियोलॉजी विभाग में काम करता था. इसके अलावा हजारीबाग में भी उसका अपना क्लीनिक है. डॉ इश्तियाक रांची के जोड़ा तालाब स्थित अल हसन रेसिडेंसी में रहता था. उसने रांची के रिम्स से एमबीबीएस किया है.

## यशवंत सिन्हा ने बनायी नयी पार्टी, नाम रखा अटल विचार मंच

प्रमुख संवाददाता। रांची



पूर्व केंद्रीय मंत्री यशवंत सिन्हा ने नए राजनीतिक दल का गठन कर लिया है. अपनी नई पार्टी का नाम अटल विचार मंच रखा है. हजारीबाग में अपने समर्थकों के साथ बैठक में नयी राजनीतिक पार्टी बनाने का फैसला किया है. हालांकि यशवंत सिन्हा वर्ष 2021 में ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस में शामिल हुए थे, लेकिन अब पार्टी में उनकी सक्रियता नहीं के बराबर है. लोकसभा चुनाव में हजारीबाग सीट पर भारतीय जनता पार्टी ने उनके पुत्र जयंत सिन्हा का टिकट काट दिया था. इसके बाद उन्होंने यहां भाजपा के प्रत्याशी बनाए गए मनीष जायसवाल की सीधी मुखालफत की थी. यशवंत सिन्हा ने यहां से कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश पटेल को समर्थन दिया था और उनके पक्ष में वोट की अपील भी की थी. हालांकि कांग्रेस प्रत्याशी को पराजय का सामना करना पड़ा.

### विधानसभा चुनाव में उतार सकते हैं उम्मीदवार

विधानसभा चुनाव में यशवंत सिन्हा कुछ सीटों पर अपनी पार्टी के उम्मीदवार उतार सकते हैं. समर्थकों ने सिन्हा से खुद हजारीबाग विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने का आग्रह किया है. यशवंत सिन्हा हजारीबाग लोकसभा सीट से तीन बार सांसद और संयुक्त बिहार में रांची विधानसभा सीट से विधायक रह चुके हैं.

### अडाणी पावर के डॉक्टर को आइकॉन ऑफ हेल्थ अवार्ड

रांची । रांची में आयोजित एक कार्यक्रम में अडाणी पावर प्लांट में कार्यरत डॉ. धर्मेन्द्र चौधरी को 'टाइम्स आइकॉन्स ऑफ हेल्थ' अवार्ड से सम्मानित किया गया. डॉ. चौधरी को यह सम्मान रिम्स के डायरेक्टर प्रो. डॉ. राजकुमार के हाथों दिया गया. कार्यक्रम में चीफ गेस्ट हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद के अलावा झारखंड के अनेकों नामी डॉक्टर, प्राइवेट अस्पताल व कार्पोरेट घराने के प्रतिनिधिमंडल ने शिरकत की. स्टेट हेड संजीव शेखर और उनकी टीम के सदस्यों रणबीर सिंह और प्रवीण कुमार ने हिस्सा लिया. हॉस्पिटल के सफल संचालन और कोविड-19 महामारी में 50 हजार से अधिक वैक्सीनेशन में डॉ. चौधरी चौधरी और उनकी टीम की भूमिका रही है.

### तीन जेलों का होगा कायाकल्प, राशि हुई आवंटित

रांची। झारखंड के तीन जेलों में आधुनिकीकरण का कार्य किया जाएगा, जिनमें रांची, खूंटी और सरायकेला जिला के जेल शामिल हैं. इन तीनों जेलों में 1.18 करोड़ रुपये की लागत से हॉस्पिटल और बाउंड्री वॉल मरम्मत का कार्य किया जाएगा. इसे लेकर झारखंड गृह विभाग द्वारा राशि आवंटित कर दिया गया है. यह कार्य झारखंड पुलिस हाउसिंग द्वारा कराया जायेगा. वहीं तीनों जेल के जेल अधीक्षक को यह आदेश दिया गया है कि गुणवत्ता पूर्ण कार्य को कराना सुनिश्चित करेंगे. अगर ऐसा नहीं होता है तो उनकी जवाबदेही तय की जाएगी.

**जानें कहां कितने रुपये की लागत से होगा कार्य**

- रांची जेल में बाउंड्री वॉल की मरम्मत कार्य : 84 लाख
- सरायकेला जेल में हॉस्पिटल की मरम्मत का कार्य : 23 लाख
- खूंटी जेल में हॉस्पिटल की मरम्मत का कार्य : 11 लाख

### सीपीआई के महासचिव डी राजा आठ को रांची आएंगे

रांची। सीपीआई के महासचिव आठ सितंबर को रांची आएंगे. वे सीपीआई की कार्यकारिणी की बैठक में शामिल होंगे. इसके बाद कार्यकर्ता सम्मेलन में हिस्सा लेंगे. साथ विधानसभा चुनाव पर भी मंथन किया जाएगा. यह जानकारी पार्टी के जिला सचिव अजय कुमार ने दी.

## चुनाव की तिथि को बदलने की मांग आयोग से की गई : झामुमो

- इससे पता चलता है कि भाजपा डरी हुई है : सुप्रियो भट्टाचार्य

संवाददाता। रांची



झारखंड मुक्ति मोर्चा के महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि इस साल के अंत में चार राज्य में विधानसभा चुनाव होना है. जम्मू और कश्मीर में 10 साल के बाद चुनाव होने जा रहा है. झारखंड, महाराष्ट्र और हरियाणा में भी विधानसभा चुनाव होने हैं. चुनाव आयोग ने 2 राज्य में चुनाव की घोषणा कर दी, जिसमें हरियाणा में जो चुनाव होना है, उसे लेकर बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष ने तिथि परिवर्तन करने को लेकर चुनाव आयोग को पत्र लिखा है. देश में ऐसा पहली बार आम चुनाव की तिथि को बदलने की मांग किसी पार्टी द्वारा किया गया है. इससे पता चल रहा है कि भाजपा डरी हुई है. वही डर झारखंड में भी दिख रहा है. वे सोमवार को हरमू स्थित झारखंड मुक्ति मोर्चा के पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से रूबरू होते हुए बोल रहे थे.

**झारखंड पुलिस ने शांति का परिचय दिया :** प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि यहां 23 तारीख को भाजपा के उपद्रवी लोग राज्य के सुरक्षा कर्मी पर जानलेवा हमला किया है. असम के मुख्यमंत्री ने कल बयान दिया है, जिसमें उन्होंने कहा कि बीजेपी और डीजीपी के नाम की चर्चा रही. साथ ही उन्होंने कहा कि 12 हजार अज्ञात लोगों पर एफआईआर दर्ज की गयी है. उन्होंने कहा कि किसान आंदोलन में कितने लोगों के नाम पर एफआईआर की गयी है, ये जानकारी असम के मुख्यमंत्री को नहीं है. एक लाख 36 हजार करोड़ जो हम केंद्र से पाते हैं, उसे हमें दिलवा दीजिए, हरियाणा चुनाव की यदि तिथि बढ़ती है तो उसे राजनीति से प्रेरित कहा जायेगा. हरियाणा और पंजाब के किसना को हिमाचल की सांसद ने क्या कहा, मैं उसे दोहराना भी नहीं चाहता. यह तो शुक्र मानिए कि यहां हेमंत सोरेन की सरकार है, इसलिए बचे हुए हैं, नहीं तो बीजेपी की सरकार होती तो कितनों के घर बुलडोजर से तोड़ दिए जाते, बाबूलाल जी के भाषण के दौरान पत्थरबाजी हुई. इसका वीडियो है हमारे पास. उन्होंने कहा कि मुख्य वक्ता के तौर पर आपके सीनियर थे, रात को आए और सुबह भागा गए. झारखंड पुलिस ने शांति का परिचय दिया.

### चयनित प्राध्यापकों की नियुक्ति शीघ्र होगी, मिला आश्वासन

रांची। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में सोमवार को कोल्हान विश्वविद्यालय के लिए जेपीएससी परीक्षा द्वारा चयनित 17 इतिहास विषय के शिक्षकों के प्रतिनिधिमंडल ने राजभवन जाकर महामहिम राज्यपाल से मुलाकात की. मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को बताया कि कोल्हान विश्वविद्यालय के लिए वर्ष 2018 में विज्ञापन द्वारा इतिहास विषय के 17 सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू हुई थी. 31 अक्टूबर 2023 को जेपीएससी द्वारा परीक्षा परिणाम घोषित करते हुए उम्मीदवारों के नामों की अनुशंसा की. कोल्हान विश्वविद्यालय के सिंडिकेट द्वारा भी 2फरवरी 2024 को नियुक्ति की अनुशंसा की जा चुकी है. परंतु विश्वविद्यालय में स्थाई कुलपति के नहीं होने के कारण अनुमोदन की संचिका कुपाधिपति कार्यालय में लंबित है. इसपर राज्यपाल ने चयनित सहायक प्राध्यापकों की बातों को सुनकर शीघ्र नियुक्ति प्रक्रिया पूरी होने का भरोसा दिलाया. चयनित प्राध्यापकों में विनोद कुमार लोहरा, हेमा लकड़ा, मुक्तारानी ओडेया, मैरी नीला हांसदा,कविता कुमारी, अरविंद कुमार साहू, विकास नंदन, साकेत बिहारी, प्रदीप झा शामिल हैं.

## राज्य के आठ जिलों में होगी भारी बारिश, येलो अलर्ट जारी

प्रमुख संवाददाता। रांची

झारखंड के आठ जिलों में 27 अगस्त को भारी बारिश होने की संभावना जताई गई है. मौसम विभाग ने भारी बारिश की संभावना को देखते हुए देवघर, धनबाद, दुमका,गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड, साहेबगंज और गिरिडीह के लिए येलो अलर्ट जारी किया है. मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि 27 अगस्त को राज्य में कहीं-कहीं गरज के साथ बारिश होगी. वज्रपात होने की भी संभावना है. उत्तर-पूर्वी भागों में कहीं-कहीं भारी वर्षा भी हो सकती है.

**बंगाल की खाड़ी में बन रहा निम्न दबाव का क्षेत्र :** मौसम विभाग ने जानकारी दी है कि बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव का क्षेत्र बन रहा है, जो झारखंड और ओडिशा की ओर बढ़ेगा. वहीं पूर्व-मध्य और उत्तरी बंगाल की खाड़ी में 29 अगस्त तक एक नया लो प्रेशर एरिया बनने की संभावना है.

**सबसे अधिक बारिश पाकुड़ में :** पिछले 24 घंटे में सबसे अधिक बारिश पाकुड़ के महेशपुर में हुई. वहां 118.4 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई. वहीं अगले पांच दिनों तक झारखंड में तापमान में बड़े बदलाव की संभावना नहीं है. गोड्डा का अधिकतम तापमान सबसे ज्यादा रहा. गोड्डा में पिछले 24 घंटे के दौरान अधिकतम तापमान 34.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया.

क्लासिफाइड










### लापरवाही झारखंड की स्क्वैश टीम का मामला, जेईपीसी ने रोकी रकम

# सात माह में भी नहीं किया 36 हजार का भुगतान

- झारखंड स्क्वैश की 25 सदस्यीय टीम जिसमें छह ऑफिशियल और 19 खिलाड़ियों ने 10 से 13 जनवरी तक पुणे में आयोजित 67वीं नेशनल एसजीएफआई में भाग लिया था.

शुभम किशोर। रांची



### एक सप्ताह में होगा भुगतान : धीरसेन सोरेंग

इस मामले पर जब जेईपीसी के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग से बात की गई, तो उन्होंने कहा एसजीएफआई के कई बिल का भुगतान करना अभी बाकी है. एक सप्ताह में बकाया राशि का भुगतान कर दिया जाएगा.

झारखंड की स्क्वैश टीम का सात माह बाद भी झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद (जेईपीसी) ने 36 हजार 345 रुपए का भुगतान नहीं किया है. झारखंड स्क्वैश की 25 सदस्यीय टीम जिसमें छह ऑफिशियल और 19 खिलाड़ियों ने 10 से 13 जनवरी तक पुणे में आयोजित 67 वीं नेशनल एसजीएफआई में भाग लिया था. खिलाड़ियों के आने जाने और प्रतियोगिता स्थल पर रहने के इंतेजाम जेईपीसी को करने थे. जानकारी के अनुसार, किसी कारणवश झारखंड स्क्वैश टीम को पुणे जाने का टिकट जेईपीसी से नहीं मिला. जिसपर खिलाड़ियों ने जेईपीसी के अधिकारियों के कहने पर खुद टिकट करवाया, क्योंकि उन्हें कहा गया था जो भी टिकट का बिल होगा, उसका भुगतान जेईपीसी करेगी. 25 टिकट का बिल 75 हजार 345 रुपए हुआ. जिसकी एवज में जेईपीसी ने सात जनवरी को 39 हजार का ही भुगतान किया, बाकी पैसे 2- 4 दिन में देने की बात भी कही गई. प्रतियोगिता समाप्त हुए सात माह बीत गए, लेकिन बकाया राशि का भुगतान अब तक नहीं है. इस दौरान खिलाड़ी कई बार जेईपीसी के कार्यालय गए, हर बार उन्हें 2-4 दिन में भुगतान की बात कही गई.

## सीबीए मेंबर्स और डॉक्टर्स कॉन्क्लेव का हुआ आयोजन



रांची । मोरहाबादी स्थित संगम गार्डन में सोमवार को सीबीए मेंबर्स और डॉक्टर्स कॉन्क्लेव आयोजित किया गया. इसमें 60 डॉक्टर-मेंबर शामिल हुए. इस अवसर पर सीबीए फाउंडर्स के सीबीए राज वर्मा एवं सीबीए देव सिन्हा ने डॉक्टर्स को उनके कार्य उपलब्धि और सेवा भावना के लिए सर्टिफिकेट से सम्मानित किया. सीबीए के दारा शुरुआत किए गए सम्मान, कायस्थ रत्न, अवॉर्ड से डॉ सीबी सहाय एवं डॉ केपी सिन्हा को समानित किया गया. इस सीबीए डाक्टर्स मीट में सीबीए के प्रेजिडेंट सीबीए अभिमन्यु लाल वाइस प्रेसिडेंट सीबीए अर्पित कुमार, सेक्रेट्री सीबीए रंजन सिन्हा, विशाल कुमार, सौरव स्वरूप, अमित, रवि कुमार, राकेश, सौरव बोस, अनीश, पियूष, अमरेंद्र श्रीवास्तव, जितेंद्र, पंकज, आनंद, रवि, राजीव, रूमी शेखर आदि शामिल थे.

मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 28.7 | 25.3 |
| जमशेदपुर | 32.4 | 24.8 |
| डालटनगंज | 31.6 | 25.2 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

* *

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | रांची, मंगलवार 27 अगस्त 2024 ● भाद्रपद कृष्ण पक्ष 09, संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ~~6~~ ● वर्ष : 2, अंक : 139 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र




## चंपाई पहले बाद में हिमंता, अर्जुन व सुदेश पहुंचे दिल्ली

अटकलें तेज



प्रमुख संवाददाता। रांची

पूर्व सीएम चंपाई सोरेन एक बार फिर वाया कोलकाता दिल्ली पहुंच गए हैं. माना जा रहा है कि दिल्ली में चंपाई भाजपा के बड़े नेताओं से मिलेंगे. उनके भाजपा में शामिल होने के भी कयास हैं. इस बीच, अर्जुन मुंडा और आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो भी दिल्ली पहुंचे हुए हैं. यहां की चुनावी राजनीति दिल्ली में तय की जानी है.

उधर, सोमवार को दिल्ली रवाना होने से पहले असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि हम चाहते हैं कि चंपाई सोरेन भाजपा में आएं. उनके साथ बातचीत का रास्ता खुला है. वे सीनियर लीडर हैं. उनके बार में मैं ज्यादा कुछ कहना सही नहीं है. वे अपने तीसरे विकल्प की ओर आगे बढ़ सकते हैं. बता दें कि एक हफ्ते में चंपाई की यह दूसरी दिल्ली यात्रा है. पहली बार उन्होंने इसे निजी बताया था, लेकिन इस बार वो अपनी नई राजनीतिक रणनीति का ऐलान कर सकते हैं. हालांकि उन्होंने न तो यह स्वीकार किया कि भाजपा में शामिल हो रहे हैं, न ही उन्होंने इससे इंकार ही किया है. चंपाई होटल वे ताज पैलेस में रुके हुए हैं. बातचीत में उन्होंने कहा, अभी तक भाजपा के किसी नेता से उनकी मुलाकात नहीं हुई. उन्होंने कहा, जो फैसला होगा, वो बता दिया जाएगा, दिल्ली में दो दिन ठहरेंगे.

### घुसपैठ रोकें तो हेमंत सोरेन को भी सपोर्ट

हिमंता विस्वा सरमा ने हेमंत सोरेन को लेकर एक सवाल के जवाब में कहा कि राज्य में घुसपैठ रोकने के लिए वो पहल करते हैं, तो हम उनका सपोर्ट करेंगे. इस मुद्दे पर ऑल पार्टी मीटिंग बुलाने की भी अपील की. कि अगर हेमंत के नेतृत्व में यह पहल की जाती है, तो भाजपा इसका स्वागत करेगी.

## नंद घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की



**मथुरा में** श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर भागवत भवन की सजावट और भव्यता बारिश के बाद और भी निखरी हुई नजर आई. जन्मभूमि मंदिर में सनातन युगल जोड़ी के दिव्य दर्शन के लिए देर रात तक भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी रही.

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 67,800 |
| चांदी (किलो) | 86,000 |

### ब्रीफ खबरें

**छग में 25 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण**

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में 25 नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है. पुलिस अधिकारियों के मुताबिक आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में से पांच पर कुल 28 लाख रुपए का इनाम था.

**18 प्रदेशों के सीएस होंगे सुप्रीम कोर्ट में पेश**

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने न्यायिक अधिकारियों को बकाया पेंशन के भुगतान पर द्वितीय राष्ट्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों को लागू न करने पर 18 राज्यों के मुख्य सचिवों को मंगलवार को अपने समक्ष व्यक्तिगत रूप से पेश होने के लिए तलब किया है.

**मंदिर में मूर्ति टूटने के बाद 12 घर जलाए गए**

**अगरतला।** पश्चिमी त्रिपुरा के रानीरबाजार क्षेत्र में एक मंदिर में मूर्ति क्षतिग्रस्त पाए जाने के बाद अज्ञात लोगों ने कम से कम 12 घरों और कुछ वाहनों को आग लगा दी. इसके बाद पूरे इलाके में निषेधाज्ञा लगा दी गई. आरोपियों की खोज शुरू कर दी गई है.

**23 लाख को मिलेगा यूपीएस का विकल्प**

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए हाल ही में घोषित एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) केवल उन लोगों के लिए ही उपलब्ध होगी जो फिलहाल नई पेंशन योजना (एनपीएस) के ग्राहक हैं और इनमें सेवानिवृत्त कर्मचारी भी शामिल हैं.

**पेटीएम के बॉस को सेबी ने नोटिस भेजा**

**नयी दिल्ली।** सेबी ने पेटीएम ब्रांड का संचालन करने वाली वित्तीय-प्रौद्योगिकी कंपनी वन97 के सीईओ विजय शेखर शर्मा को दिए गए कर्मचारी स्टॉक विकल्पों पर नोटिस जारी किया है.

**कोलकाता कांड में दूसरे दौर का पॉलीग्राफ टेस्ट**

**कोलकाता।** सीबीआई ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में चिकित्सक के साथ बलात्कार और उसकी हत्या की जांच के सिलसिले में सोमवार को पूर्व प्राचार्य संदीप घोष और पांच अन्य का दूसरे दौर का पॉलीग्राफ टेस्ट कराया.

### पेयजल विभाग ने पानी की शुद्धता के मानकों का किया आकलन

## 22 जिलों के 9743 चापाकल का पानी पीने लायक नहीं

रवि भारती। रांची

झारखंड सरकार के पेयजल विभाग द्वारा लगाए गए चापाकल का पानी कई जिलों में प्रदूषित हो चुका है. विभाग की ओर से 22 जिलों में 9743 चापाकलों के पानी की शुद्धता की जांच की गई. इसके लिए चार कैटेगरी निर्धारित की गई. इसे वेरी हाई रिस्क लेवल, हाई रिस्क लेवल, मीडियम रिस्क लेवल और लो रिस्क लेवल में विभाजित किया गया था. इसमें 11 जिलों के 167 चापाकल के पानी को वेरी हाई रिस्क लेवल कैटेगरी में रखा गया है. वहीं 20 जिलों के 1425 चापाकल के पानी को हाई रिस्क लेवल कैटेगरी में रखा गया है. वहीं 2580 चापाकल के पानी मीडियम और 5571 के पानी लो रिस्क कैटेगरी में रखा गया है.

**12 जिलों में पानी की शुद्धता चिंताजनक :** पेयजल विभाग के सर्वे के अनुसार, 12 जिलों में पानी की शुद्धता की स्थिति चिंताजनक है. रिपार्ट में दुमका में 38, चतरा में 16, गढ़वा, गोड्डा व सरायकेला-खरसांवा में 14-14, पलामू में 12, पाकुड़ में 11, देवघर व धनबाद में नौ-नौ, रामगढ़ में सात, सिमडेगा में पांच और लातेहार में तीन चापाकल का पानी पीने लायक ही नहीं है. सर्वे में इन चापाकल के पानी को वेरी हाई रिस्क कैटेगरी में रखा गया है.

**दुमका, चतरा, गढ़वा, गोड्डा, सरायकेला, पलामू और पाकुड़ की स्थिति चिंताजनक**



**राज्यभर में चापाकल के पानी की स्थिति**

| जिला | वेरी हाई रिस्क | हाई रिस्क | मीडियम रिस्क | लो रिस्क |
|---|---|---|---|---|
| बोकारो | 00 | 07 | 25 | 45 |
| चतरा | 16 | 197 | 282 | 891 |
| देवघर | 09 | 73 | 116 | 182 |
| धनबाद | 09 | 86 | 142 | 394 |
| दुमका | 38 | 163 | 190 | 457 |
| गढ़वा | 14 | 70 | 137 | 307 |
| गिरिडीह | 00 | 28 | 82 | 103 |
| गोड्डा | 14 | 137 | 159 | 326 |
| गुमला | 00 | 07 | 14 | 13 |
| हजारीबाग | 00 | 12 | 26 | 32 |
| जामताड़ा | 00 | 09 | 00 | 04 |
| खूंटी | 00 | 14 | 30 | 68 |
| कोडरमा | 00 | 22 | 39 | 59 |
| लातेहार | 03 | 00 | 11 | 10 |
| पाकुड़ | 11 | 83 | 214 | 582 |
| पलामू | 12 | 39 | 51 | 70 |
| पूर्वी सिंहभूम | 00 | 25 | 133 | 297 |
| रामगढ़ | 07 | 133 | 319 | 711 |
| रांची | 00 | 03 | 16 | 16 |
| साहिबगंज | 00 | 19 | 24 | 21 |
| सरायकेला | 14 | 139 | 329 | 732 |
| सिमडेगा | 05 | 149 | 246 | 248 |

**राज्य भर में 34,805 चापाकल खराब**

राज्यभर में चापाकलों की संख्या एक लाख 37 हजार 525 है, जिसमें 34805 चापाकल खराब हैं. इसे अब तक ठीक नहीं किया जा सका है. वहीं, एक लाख दो हजार 610 चापाकल काम कर रहे हैं.

## बंटेंगे तो कटेंगे, एक रहेंगे तो नेक रहेंगे: योगी आदित्यनाथ

### श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर किया आगाह, कहा- बांग्लादेश वाली गलती यहां नहीं होने देनी है

एजेंसी। आगरा (यूपी)

उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर हिंदू एकता पर बड़ा बयान दिया है. उन्होंने कहा कि अगर हम बंटेंगे, तो कटेंगे. इस बयान के जरिए उन्होंने हिंदुओं को एक होने की अपील की. इस क्रम में उन्होंने बांग्लादेश का उदहारण दिया. सीएम योगी ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के प्रति भारत के हिंदुओं को चेतने की जरूरत है. वहां की गलती यहां नहीं होने देनी है. हमें सावधान रहना है, जिससे यहां कोई भी ऐसी जुर्रत न कर पाए.

सीएम योगी आदित्यनाथ ने आगरा में आयोजित कार्यक्रम में साफ कहा कि हम बंटेंगे तो कटेंगे, हमें एक रहना होगा. हम एक रहेंगे तो नेक रहेंगे. सीएम योगी आगरा में जन्माष्टमी के अवसर पर राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर की प्रतिमा का अनावरण करते हुए कहा कि यहां के कण-कण में कन्हैया का वास है. यहां कला है. आस्था है. समर्पण है.



- यूपी के सीएम ने किया बांके बिहारी का दर्शन
- भारत के हिंदुओं को चेतने की जरूरत, जिससे यहां बांग्लादेश दोहराने की कोई जुर्रत न करे


विश्वास है. ये ही राष्ट्र निष्ठा बढ़ाते हैं. सीएम योगी ने आगे कहा कि समाज, जाति, भाषा के नाम पर बांटने वाली ताकतों से सावधान रहना होगा.सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बांग्लादेश से सबक सीखिए. हमें बंटना नही है. हम अगर बटेंगे तो कटेंगे और एक रहेंगे तो नेक रहेंगे. सीएम ने कहा कि आगरा में धोखेबाज औरंगजेब ने तोड़ने का काम किया.

### सनातन धर्म व भारत की चुनौतियों को बताया एक

इससे पहले कृष्ण की जन्मभूमि मथुरा में भी हिंदू एकता का जिक्र सीएम योगी ने किया. श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर मथुरा पहुंचे सीएम योगी ने कहा कि सनातन धर्म और भारत की चुनौतियां एक ही हैं. दोनों एक-दूसरे से खुद को अलग नहीं कर सकते. सीएम ने संतों का आह्वान किया गया है कि समाज को एकजुट करने के लिए साथ जुटना होगा. अगर हमने भूल की, समाज को फिर से बांटा और जो साजिशें हो रही हैं, वो सफल हुईं तो हालात खराब होंगे. सीएम योगी ने कहा कि शास्त्र, दर्शन, साधना पद्धति तभी सुरक्षित हो पाएगी, जब सनातन धर्म, देश और हिंदू समाज सुरक्षित होगा. हमें एक-एक को जोड़ना पड़ेगा और उन विभाजनकारी ताकतों को बेनकाब करना होगा. वे वादों के आधार पर समाज को बांटना चाहती हैं.

### कंगना के किसानों पर विवादित बयान पर भाजपा ने दी नसीहत, कहा

## भविष्य में ऐसी गलती न दोहराएं



**क्या बोलीं थीं कंगना**

एक मीडिया इंटरव्यू में भाजपा सांसद कंगना रनौत ने कहा था कि अगर हमारा शीर्ष नेतृत्व कमजोर होता तो भारत में बांग्लादेश जैसी स्थिति हो सकती थी. सभी ने देखा कि किसान आंदोलन के दौरान क्या हुआ. प्रदर्शन के नाम पर हिंसा फैलाई गई. वहां रेप हो रहे थे, लोगों को मारकर लटकाया जा रहा था. केंद्र सरकार की ओर से कृषि कानूनों को वापस लेने के फैसले को सही ठहराते हुए कंगना ने कहा कि जब बिल को वापस लिया गया, तो सभी उपद्रवी चौंक गए. क्योंकि उनकी प्लानिंग तो बहुत लंबी थी.

एजेंसियां। नयी दिल्ली

हिमाचल की मंडी लोकसभा सीट से भाजपा सांसद कंगना रनौत ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान किसान आंदोलन को लेकर विवादित बयान दिया था. उनके इस बयान के बाद विपक्ष ने जमकर भाजपा पर निशाना साधा और कंगना के खिलाफ केस दर्ज करने की मांग की.

विवाद बढ़ता देख अब पार्टी ने आधिकारिक बयान जारी करते हुए कंगना द्वारा की गई टिप्पणी पर ऐतराज जताया है और कहा है कि कंगना को निर्देशित किया गया है कि वे इस प्रकार के कोई भी बयान भविष्य में न दें. दरअसल, कंगना रनौत ने एक इंटरव्यू के दौरान कहा था कि अगर हमारा शीर्ष नेतृत्व मजबूत नहीं रहता, तो किसान आंदोलन के दौरान पंजाब को भी बांग्लादेश बना दिया जाता. कंगना रनौत के इस बयान पर विपक्ष लगातार हमलावर है. भाजपा ने भी कंगना के इस बयान से किनारा करते हुए कहा कि ये उनका निजी बयान है और पार्टी का इससे कोई लेना-देना नहीं है.

कंगना के विवादित बयान पर भाजपा के केंद्रीय मीडिया विभाग की ओर से सोमवार को ऑफिशियल बयान जारी किया गया है. इसमें कहा गया है, भाजपा सांसद कंगना रनौत द्वारा किसान आंदोलन के परिप्रेक्ष्य में दिया गया बयान पार्टी मत नहीं है. भाजपा कंगना रनौत के बयान से असहमति व्यक्त करती है. पार्टी की ओर से, पार्टी के नीतिगत विषयों पर बोलने के लिए कंगना रनौत को न तो अनुमति है और न ही वे बयान देने के लिए अधिकृत हैं. भाजपा की ओर से कंगना रनौत को निर्देशित किया गया है कि वे इस प्रकार के कोई बयान भविष्य में न दें.

## 6 जिलों के डीसी ने बताया, संताल में घुसपैठिए नहीं

### हाईकोर्ट ने पूछा, तो आदिवासियों की संख्या कैसे घटी, यह भी बताएं

विनीत आभा उपाध्याय। रांची

झारखंड हाईकोर्ट ने संताल इलाके के उपायुक्तों (डीसी) और एसपी द्वारा अदालत में दिये गये हलफनामे में आदिवासियों की लगातार घटती आबादी पर कोई जानकारी नहीं देने पर निराशा जताई है. दानयाल दानिश की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस सुजीत नारायण और जस्टिस अरुण कुमार राय की खंडपीठ ने 22 अगस्त को 5 पन्नों के अपने आदेश में केंद्र सरकार की एजेंसियों द्वारा जवाब देने के लिए समय मांगे जाने पर भी नाराजगी जताई है.

**सुनवाई के आदेश की विस्तृत कॉपी वेबसाइट पर अपलोड :** जनहित याचिका पर हुई सुनवाई के आदेश की विस्तृत कॉपी हाईकोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गयी है.



**झारखंड की वेबसाइट पर आदेश की कॉपी की गई अपलोड**

अदालत ने अपने आदेश में कहा कि संताल के डीसी यह बता रहे हैं कि वहां बांग्लादेशी मूल के लोगों की घुसपैठ नहीं हुई है, लेकिन आदिवासियों की घटती संख्या के पीछे की क्या वजह है, यह नहीं बताया गया है.

**अगली सुनवाई 5 सितंबर को है :** बता दें कि इससे पहले बीते गुरुवार को हुई सुनवाई के दौरान अदालत ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के महानिदेशक, यूनिक आइडेंटीफिकेशन अथॉरि टी (यूआईडी) के द्वारा जवाब दाखिल करने के लिए समय दिये जाने के आग्रह को ठुकराते हुए अगली सुनवाई से पहले जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है. इसके साथ ही अदालत ने संताल के जिला उपायुक्तों द्वारा आधार कार्ड और मतदाता पहचान पत्र बनाने के लिए किन दस्तावेजों को आधार बनाया जा रहा है, इस बिंदु पर भी जानकारी मांगी है. इस मामले की अगली सुनवाई 5 सितंबर को होनी है. उससे पहले जनहित याचिका करने वाले दानयाल दानिश डीसी द्वारा दिये गये जवाब पर अपना प्रतिउत्तर दाखिल करेंगे.

### क्या है याचिका में

प्रार्थी दानयाल दानिश ने याचिका में कहा है की जामताड़ा, पाकुड़, गोड्डा, साहिबगंज आदि झारखंड के बॉर्डर इलाके से बांग्लादेशी घुसपैठिए झारखंड आ रहे हैं. इससे इन जिलों में जनसंख्या में कुप्रभाव पड़ रहा है. इन जिलों में बड़ी संख्या में मदरसा स्थापित किया जा रहा है. साथ ही स्थानीय ट्राइबल के साथ वैवाहिक संबंध बनाया जा रहा है. प्रार्थी ने मांग की है कि इस मामले में भारत सरकार का गृह मंत्रालय रिपोर्ट दाखिल करे और बताएं कि झारखंड के बॉर्डर इलाके से कैसे बांग्लादेशी घुसपैठिए झारखंड आ रहे हैं और उनके द्वारा झारखंड में कैसे लोगों को गुमराह कर वैवाहिक संबंध स्थापित किया जा रहा है.

### चुनाव तैयारी भाजपा ने जम्मू-कश्मीर के लिए जारी की नई संशोधित लिस्ट, मोदी-शाह संभालेंगे प्रचार की कमान

## पहले 44 नाम घोषित किए, फिर लिस्ट वापस लेकर 16 नामों का ऐलान

एजेंसियां। नयी दिल्ली

जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए भाजपा ने सोमवार को उम्मीदवारों की संशोधित लिस्ट जारी कर दी है. पहले चरण के तहत इस लिस्ट में 16 उम्मीदवारों के नाम जारी किए गए हैं. इससे पहले सोमवार सुबह 10 बजे भाजपा ने जम्मू कश्मीर चुनाव के लिए 44 उम्मीदवारों की लिस्ट जारी की थी. लेकिन बाद में इस लिस्ट को वापस ले लिया गया. अब इसे नए सिरे से जारी किया गया है. लेकिन पहले चरण के लिए 16 उम्मीदवारों के नाम की लिस्ट जारी की गई है.

सूत्रों का कहना है कि भाजपा के कई वरिष्ठ नेता पहली लिस्ट में अपने नाम नहीं होने की वजह से नाखुश थे, जिस वजह से पार्टी को नए सिरे से लिस्ट जारी करनी पड़ी. बता दें कि जम्मू-कश्मीर में तीन चरणों में चुनाव होने हैं.

**मोदी-शाह होंगे स्टार प्रचारक:** भाजपा ने जम्मू कश्मीर में चुनाव प्रचार की कमान संभालेंगे. स्टार प्रचारकों की जारी लिस्ट में दोनों नेताओं का नाम शामिल है. इसके अलावा कई अन्य नेताओं को भी शामिल किया गया है.

**पूर्व डिप्टी सीएम को टिकट नहीं :** इससे पहले जारी की गई लिस्ट में जम्मू कश्मीर में भाजपा के कई बड़े नेताओं को टिकट नहीं दिया गया था. इसमें पूर्व डिप्टी सीएम और जम्मू-कश्मीर विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष डॉ. निर्मल सिंह भी शामिल थे. निर्मल सिंह ने 2014 में बिलावर विधानसभा सीट से जीत हासिल की थी. वहीं, पूर्व डिप्टी सीएम कविंद्र गुप्ता को भी टिकट नहीं मिला था.



### दो कश्मीरी पंडितों को भी टिकट

भाजपा की पुरानी लिस्ट में पार्टी ने कश्मीर घाटी की दो सीटों से कश्मीरी पंडित को अपना उम्मीदवार बनाया था. शंगस-अनंतनाग पूर्व से वीर सराफ और हब्बाकदल से अशोक भट्ट को उम्मीदवार बनाया गया था.

### कश्मीर में पीएम मोदी की दो रैलियां

सूत्रों के मुताबिक, इस मीटिंग में तय हुआ कि पीएम मोदी की कश्मीर में एक से दो रैली होगी, जबकि जम्मू में पीएम मोदी 8 से 10 रैलियां करेंगे. बता दें कि राज्य की 90 विधानसभा सीटों पर मतदान के लिए चुनाव आयोग ने चुनाव तारीखों का ऐलान कर दिया है. जम्मू कश्मीर में 18 सितंबर, 25 सितंबर और 1 अक्टूबर को मतदान होगा. सुरक्षा के लिहाज से संवेदनशील केंद्र शासित प्रदेश में विधानसभा चुनाव 3 चरणों में कराए जाएंगे. विधानसभा चुनाव के नतीजे 4 अक्टूबर को आएंगे. पहले फेज में 24 सीटों पर, दूसरे फेज में 26 सीटों पर और तीसरे फेज में 40 सीटों पर मतदान होना है.

## लद्दाख में पांच नए जिले बनाने का ऐलान

**नयी दिल्ली।** केंद्र की मोदी सरकार ने केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख में पांच नए जिले बनाने का फैसला किया है. गृहमंत्री अमित शाह ने बताया कि इन जिलों के नाम जंस्कार, द्रास, शाम, नुबरा और चांगथांग होंगे. गृहमंत्री ने कहा कि लद्दाख को समृद्ध बनाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के सपने पूरा करनेके लिए गृह मंत्रालय ने पांच नए जिले बनाने का फैसला किया है. इससे लद्दाख के लोगों को बेहतर प्रशासन और सेवाएं उपलब्ध करवाई जा सकेंगी. मोदी सरकार लद्दाख के लोगों के लिए अवसर उपलब्ध करवाने को प्रतिबद्ध है. बता दें कि 2019 में जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के साथ ही राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में बांट दिया गया था. इसके बाद लद्दाख अलग केंद्र शासित प्रदेश बन गया. फिलहाल लद्दाख में दो ही जिले थे. एक कारगिल और दूसरा लेह. वहीं नए जिलों के साथ कुल संख्या सात हो जाएगी. 31 अक्टूबर 2019 को लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश बना था.लद्दाख का कारगिल जिला मुस्लिम बहुल है. यहां के लोग आजीविका के लिए सिंधु नदी और कृषि पर निर्भर हैं. लद्दाख ट्रांस हिलाय क्षेत्र में आता है. लद्दाख के लेह में एक मात्र हवाई अड्डा है. इसका नाम कुशोक बकुला रिम्पोची एयरपोर्ट है. लद्दाख में ठंड के मौसम में भयंकर बर्फबारी होती है. यहां लेह जिले में बौती और कारगिल में हिंदू, उर्दू, पुरखी और अंग्रेजी भाषा बोली जाती है. बौती एक तिब्बती भाषा है.

## जेएनयू में कितने यादव-कुर्मी कितने ठाकुर, होगी गिनती!

एजेंसी। नयी दिल्ली

- हड़ताली छात्रों के आगे झुका यूनिवर्सिटी प्रशासन, जाति गणना पर बनी सहमति

जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) प्रशासन और उसके छात्र संघ के बीच चल रहा गतिरोध जल्द ही खत्म हो सकता है. पिछले 15 दिनों से हड़ताल कर रहे छात्रों के संगठन और विश्वविद्यालय प्रशासन के बीच कई मांगों पर आम सहमति बन गई है.

विवि प्रशासन ने प्रदर्शनकारी छात्र संघ की 12 मांगों में से कम से कम छह को पूरा करने पर सहमति जताई है. इनमें प्रवेश के लिए पुरानी आंतरिक प्रवेश परीक्षा प्रणाली - जेएनयू प्रवेश परीक्षा (जेएनयूईई) को बहाल करना, जेएनयू परिसर में जाति जनगणना कराना, छात्रवृत्ति राशि में इजाफा करना और प्रवेश के लिए वाइवा को दिए जानेवाले वेटेज में कमी का प्रस्ताव शामिल है. इन मांगों पर सहमति बन जाने के बावजूद अभी भी छात्र संघों की हड़ताल जारी है. छात्र संघ अध्यक्ष धनंजय और पार्षद नीतीश कुमार भूख हड़ताल पर बैठे हैं. ये हड़ताल सोमवार को अपने 16वें दिन में प्रवेश कर गई.

ये लोग जिन मुद्दों पर सहमति बनी है, उनकी लिखित पुष्टि की मांग कर रहे हैं. ये भूख हड़ताल 11 अगस्त को शुरू हुई थी. दोनों छात्र 11 अगस्त से अपनी मांगों के संबंध में प्रशासन के कथित गैर-जिम्मेदाराना रवैये के खिलाफ प्रदर्शन कर रहेहैं. इस बीच, छात्र संघ ने एक बयान में कहा है कि धनंजय का वजन 5 किलो से भी ज्यादा कम हो गया है और उसका कीटोन लेवल 4 हो गया है, जो भूख हड़ताल की वजह से उसके गुर्दे पर गंभीर दबाव को दर्शाता है.

## ब्रीफ खबरें

### महाप्रबंधक के खिलाफ प्रदर्शन

**तेतुलमारी।** बीसीसीएल सिजुआ क्षेत्र संख्या-5 के महाप्रबंधक की मनमानी के खिलाफ संयुक्त मोर्चा समर्थकों ने सोमवार को तेतुलमारी पीएसटी दो नंबर भूमिगत खदान के समक्ष विरोध प्रदर्शन किया. इस दौरान महाप्रबंधक के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई. यूनियन नेता खगेंद्र रवानी ने कहा कि तेतुलमारी कोलियरी में महाप्रबंधक की मनमानी इतनी बढ़ गई है कि किसी भी कोलकर्मी को रविवार और अन्य अवसरों पर छुट्टी नहीं दी जा रही है. कर्मियों को परियोजना में कार्य के दौरान जरूरी सुरक्षा उपकरण भी उपलब्ध नहीं कराया जाता है. कर्मी जान जोखिम में डालकर कार्य करते हैं. हो सकता है किसी समय बड़ा हादसा हो जाए, जिसके लिए महाप्रबंधक जिम्मेवार होंगे. उन्होंने कहा कि इसके अलावा मशीनें भी क्षतिग्रस्त हो चुकी है, जिसका मरम्मत किया जाना जरूरी है. समय रहते प्रबंधन इन समस्याओं पर ध्यान दे नहीं तो कर्मी उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे. विरोध प्रदर्शन करीब एक घंटा चला. मौके पर मनोज साव, पंकज वर्मा, फिरोज मियां, भीम महतो, सुरेंद्र शर्मा, अभिनव सिंह, अशोक महतो, नारायण कुम्हार आदि मौजूद थे

### कई ट्रेनों का परिचालन 31 तक प्रभावित

**धनबाद।** झारखंड से चलने वाली कई ट्रेनों का परिचालन 31 अगस्त तक प्रभावित रहेगा. दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल में विकास कार्य के लिए रोलिंग ब्लॉक लिया जाएगा. रांची रेल मंडल के अनुसार, ट्रेन संख्या 18601 टाटानगर-हटिया एक्सप्रेस 28, 30 और 31 अगस्त को अपने निर्धारित मार्ग चांडिल, पुरुलिया, कोटशिला, मुरी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग चांडिल, गुंडा बिहार, मुरी होकर चलेगी. ट्रेन संख्या 18035 और 18036 खड़गपुर-हटिया-खड़गपुर एक्सप्रेस का 29 अगस्त को आद्रा स्टेशन पर आंशिक समापन और आंशिक प्रारंभ होगा. इन ट्रेनों का आद्रा, हटिया, आद्रा के बीच परिचालन रद्द रहेगा.

### प्रदेश भाजपा के चार नए प्रवक्ता नियुक्त

**धनबाद।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को चार नए प्रदेश प्रवक्ताओं की नियुक्ति की है. प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशानुसार प्रदेश महामंत्री सह सांसद आदित्य साहू ने पत्र जारी कर नियुक्ति की घोषणा की. नए नियुक्त प्रवक्ताओ में पूर्व सांसद गीता कोड़ा सहित रांची से प्रदीप सिन्हा, चाईबासा से अजय शाह, जमुआ (गिरिडीह) से विजय चौरसिया शामिल हैं. यह मनोनयन तत्काल प्रभाव से लागू होगा.

### मंदरा में दस टन कोयला जब्त

**बरोरा।** बरोरा थाना क्षेत्र के मंदरा में अवैध कोयला डिपो पर सोमवार को स्थानीय पुलिस व सीआईएसएफ ने संयुक्त रूप से छापेमारी कर करीब 10 टन कोयला जब्त किया. छापेमारी टीम ने जब्त कोयले को बीसीसीएल बरोरा प्रबंधन के हवाले कर दिया. पुलिस व सीआईएसएफ को लंबे समय से मंदरा में अवैध कोयला डिपो संचालन की गुप्त सूचना मिली थी. इस डिपो में चोरी का कोयला भंडारण कर रात के समय वाहन से बाहर भेजा जाता था. छापेमारी के दौरान किसी अवैध कोयला कारोबारी के गिरफ्तार होने की सूचना नहीं है.



# पांच विधानसभा के लिए कांग्रेस में अबतक 26 दावेदार

## टुंडी से एक भी दावेदार नहीं, धनबाद से 12 लोगों का आवेदन

**खास बातें**

- झरिया के लिए अबतक 2 आवेदन दिए गए
- जिलाध्यक्ष ने कहा कि 28 अगस्त तक कई नेता अपना आवेदन जमा करेंगे

- बाघमारा विधानसभा के लिए 6 दावेदारों ने अपना आवेदन दिया
- निरसा के लिए 3 और सिंदरी विधानसभा के लिए 3 ने आवेदन देकर दावेदारी पेश की
- जिलाध्यक्ष ने कहा कि धनबाद में कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भारी है उत्साह

संवाददाता । धनबाद

धनबाद। जिला कांग्रेस कार्यालय में धनबाद जिला अंतर्गत छह विधानसभा धनबाद, बाघमारा, झरिया, सिंदरी, निरसा, टुंडी के लिए पार्टी के निर्देशानुसार जिला अध्यक्ष संतोष सिंह के द्वारा टिकट की दावेदारी के लिए आवेदन लिए जा रहे हैं. सोमवार तक कुल 26 लोगों ने दावेदारी पेश कर दी है. धनबाद विधानसभा के लिए धनबाद कांग्रेस उपाध्यक्ष नवनीत नीरज, प्रदेश कांग्रेस डेलिगेट सदस्य मनोज यादव, पूर्व 20 सूत्री उपाध्यक्ष सुंदर यादव, विजेंद्र पासवान, बीके सिंह, पेट्रोलियम संघ के अध्यक्ष अशोक सिंह, धनबाद प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष पप्पू पासवान सहित कुल 12 लोगों ने अपना आवेदन जिलाध्यक्ष को सौंप दिया है. बाघमारा विधानसभा के लिए रोहित यादव, सुखदेव महतो, राजीव रंजन प्रसाद, बी के सिंह एक के लाल सहित 6 दावेदारों ने अपना आवेदन दिया है. निरसा के लिए सुरेश चंद्र झा समेत तीन एवं सिंदरी विधानसभा के लिए सफुद्दीन अंसारी एवं दिलीप मिश्रा समेत तीन ने आवेदन देकर दावेदारी पेश की है. वहीं झरिया के लिए अबतक दो आवेदन दिए गए हैं. कांग्रेस नेता अपने समर्थको और वाहन के काफिले के साथ नामांकन दाखिल करने कांग्रेस कार्यालय पहुंच रहे हैं. सोमवार को आवेदन देने आए नवनीत नीरज अपने सैकडों समर्थकों के साथ कार्यालय पहुंच कर कांग्रेसियों का हौसला बढ़ा दिया. जिलाध्यक्ष ने कहा कि धनबाद में कांग्रेस कार्यकताओ में भारी उत्साह है. सभी संभावित उम्मीदवारों का नामांकन फार्म आवेदन प्राप्त कर झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश को अपना प्रतिवेदन के साथ जमा कर देंगे. जिलाध्यक्ष ने कहा कि 28 अगस्त तक कई नेता अपना आवेदन जमा करेंगे .

# बाघमारा अंचल कार्यालय से लोगों को बड़ी शिकायत



**खास बातें**

- पंद्रह दिनों से चल रहा है अनिश्चिकालीन धरना
- अबुआ आवास योजना को लेकर पड़ोसियों में विवाद

संवाददाता । कतरास

बाघमारा अंचल कार्यालय में अधिकारियों की कार्यशैली सो लोग परेशान हैं. ग्राम स्वराज अभियान के बैनर तले पंद्रह दिनों से स्थानीय रैयत जमीन संबंधी त्रुटि, ऑनलाइन प्रविष्टि, म्यूटेशन, जमीन की मापी, रसीद कटवाने समेत अन्य समस्याओं को लेकर धरनारत हैं. अंचल कार्यालय के बाहर बरामदा पर धरमाबांध ग्राम पंचायत के रैयत राजेश महतो की पत्नी जगनी देवी अपने 22 वर्षीय पुत्र विशाल कुमार महतो के साथ धरना पर बैठी है. उसका कहना है कि मैं अबुआ आवास योजना का लाभुक हूं. उसे 30 हजार रुपए प्रथम किस्त की राशि भी प्राप्त हो चुकी है.

वह अपनी 4 डिसमिल रैयती जमीन पर अबुआ आवास बनाने जाती है तो उसके पड़ोसी भागीरथ महतो घर बनाने नहीं देते. भागीरथ इस जमीन पर अपना मालिकाना हक जता रहा है. उक्त जमीन का खाता संख्या 166 और प्लॉट संख्या 117 है. जगनी देवी स्थानीय मुखिया मंजू देवी से जमीन विवाद निपटारा की गुहार लगा चुकी है, लेकिन मुखिया ने विवाद का हल नहीं किया.

इसके बाद जगनी देवी स्थानीय थाना में लिखित शिकायत की, लेकिन थाना प्रभारी ने न ही जांच पड़ताल किया और न ही मामला दर्ज किया, उल्टे जगनी देवी को डांट-फटकर कर कहा कि जमीन विवाद के लिए थाना नहीं है, शिकायत लेकर सीओ ऑफिस जाओ. इसके बाद जगनी देवी ने 7 अगस्त को सीओ कार्यालय में जमीन विवाद निपटारा करने के लिए ऑनलाइन आवेदन दिया.

फिर वह 10 अगस्त को बीडीओ कार्यालय में भी इसी मामले में आवेदन दिया. दोनों कार्यालय द्वारा समस्या को संज्ञान में नहीं लेने पर वह धरना पर बैठ गई. सीओ कार्यालय की लचर व्यवस्था के शिकार निचितपुर-2 ग्राम पंचायत अंतर्गत खोनाठी गांव के कैलाश रजवार भी है. कैलाश रजवार दलित परिवार का है. इस परिवार ने रास्ता विवाद निपटारा के लिए ऑनलाइन आवेदन 6 अगस्त को सीओ ऑफिस में दिया था.

इसके बाद उसके पुत्र प्रदीप रजवार ने सीओ को लिखित आवेदन देकर शीघ्र जमीन नापी कराने का आग्रह किया. जबकि विवाद का निपटारा उक्त पंचायत के मुखिया फागु महतो ने ग्रामसभा की बैठक में 6 जनवरी 2022 में ही कर दिया था.

धरनारत रैयतों का कहना है कि अंचल कार्यालय में सही तरीके से कामकाज नहीं हो रहा है.

इस कार्यालय में भ्रष्टाचार का बोलबाला है. समस्याओं के त्वरित निपटारा के लिए गांव में कैंप लगाकर सिर्फ आवेदन बटोरने का काम अधिकारी करते हैं. कैंप समाप्त होने के बाद लोगों की समस्याओं का समाधान नहीं किया जाता.

## तीन तलाक़, पत्नी पर गंभीर आरोप

संवाददाता । महुदा

भाटडीह ओपी क्षेत्र में पिछले दिनों हुई तीन तलाक मामले में तलाकशुदा पत्नी के पति मुस्तफा हुसैन ने अपनी पत्नी पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं. प्रेस विज्ञप्ति जारी कर उन्होंने कहा है कि पत्नी के व्यवहार से तंग आकर मुझे फोन पर ही तलाक देना पड़ा. विज्ञप्ति में कहा गया है कि मेरी शादी 18 वर्ष पूर्व भाटडीह निवासी सलमा खातून से हुई थी. शादी के बाद से वह लगातार मेरे साथ लड़ाई-झगड़ा किया करती थी. साथ ही अपने भाइयों को बुलाकर मारपीट भी करती थी. कई बार सुलह के लिए पंचायती भी हुआ, लेकिन उसके व्यवहार में बदलाव नहीं आया. अक्सर वह आधी रात तक फोन पर किसी लड़के से बातचीत करती थी. पूछने पर वह कहती कि रिश्तेदार से बातचीत करती हूं. कुछ दिनों बाद मुझे पता चला कि वह किसी सुनील नामक लड़के से बातचीत करती थी.

## जमीन विवाद में मारपीट

संवाददाता । धनबाद

भूली ओपी क्षेत्र के पांडरपाला में रविवार की देर शम जमीन विवाद एक ही परिवार के बीच मारपीट होने से एक महिला हो गई. घायल महिला का नाम अंजुम खातून हे, जिसे एसएनएमसीएच में भर्ती कराया गया है. अंजुम खातून के अनुसार घर बंटवारे को लेकर आपस में विवाद है. इस पहले भी दो बार घर के ही लोग महिला के साथ मारपीट कर चुके हैं. रविवार की देर शाम एक बार फिर मारपीट की गई. इस संबंध में पूछे जाने पर भूली ओपी प्रभारी ने बताया कि तीन डिसमिल पुश्तैनी जमीन को लेकर परिवार में ही विवाद है. इस परिवार में कुल 10 सदस्य हैं, जिसमें सात भाई व तीन बहन हैं. सभी घर में हिस्सा मांग रहे हैं.

आपस में बंटवारा पर सहमति नहीं बनने पर मारपीट हुई।

# धनबाद में धूमधाम से मनी जन्माष्टमी



### ब्रज वासियों का नृत्य, वृंदावन के साधुओं से कथा, गुजरात व कोलकाता के भक्तो का कीर्तन

**धनबाद ।** इस्कॉन कुसुम विहार के द्वारा तीन दिवसीय श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया. कार्यक्रम की शुरुवात गुजरात से आए भक्तो के द्वारा कीर्तन से की गई. धनबाद के बच्चों द्वारा नृत्य व ग्रामीण क्षेत्रों के भक्तों के द्वारा ड्रामा की प्रस्तुति की गई. डॉक्यूमेंट्री मूवी के माध्यम से इस्कॉन कुसुम विहार के द्वारा किए जा रहे ट्राइबल केयर, मुफ्त शिक्षा मेडिकल कैंप और अन्य प्रोजेक्ट की जानकारी भक्तों को दी गई. आरती के बाद भगवान का महा अभिषेक मुख्य अतिथि एवम भक्तों के द्वारा किया गया. अभिषेक के पश्चात भगवान को 56 भोग लगाया गया. जन्माष्टमी उत्सव में 5000 से अधिक भक्तों के मध्य महा प्रसाद वितरण किया गया.

### पहला कदम स्कूल में मनाई गई जन्माष्टमी

धनबाद। जगजीवन नगर स्थित दिव्यांग बच्चों की स्कूल पहला कदम में सोमवार को जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाई गई. महोत्सव में सरायढेला थाना की एसआई पायल कुमारी शामिल हुई. पहला कदम स्कूल में सभी दिव्यांग बच्चे कृष्ण और राधा की वेशभूषा में थे, जिससे पूरा स्कूल कृष्णमय लग रहा था. इस अवसर पर माखन-हांडी फोड़ समेत अन्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. दही-हांडी फोड़ने के लिए बच्चे आंखों में पट्टी बांधकर शामिल हुए. इसके अलावा राधा कृष्ण फैंसी ड्रेस समेत अन्य तरही का प्रतियोगिताएं हुई. सबी प्रतियोगिताओं में बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया. प्रतियोगिता में विजयी हुए बच्चों को पुरस्कृत किया गया.



### जन्माष्टमी महोत्सव में भक्तों ने कृष्ण के जन्म का जश्न मनाया

**धनबाद ।** धनबाद के न्यू टाउन हॉल प्रांगण में सोमवार को आयोजित जन्माष्टमी महोत्सव में सैकड़ों कृष्ण भक्तों ने भाग लिया और भगवान कृष्ण के जन्म का जश्न मनाया. इस्कॉन धनबाद शाखा द्वारा आयोजित इस महोत्सव में भक्तों ने नाचते-गाते हुए उल्लास की मस्ती में डूबे रहे. महोत्सव के लिए इस्कॉन धनबाद शाखा द्वारा टाउन हॉल में बने पंडाल को फूल, मोर पंख, मुरली, माखन की थीम पर सजाया गया था. शाम 5 बजे मधुर कीर्तन के साथ कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव आरंभ हुआ. मंगलाचरण प्रार्थना से भगवान का आशीर्वाद लिया गया. इसके बाद इस्कॉन के उपाध्यक्ष दामोदर गोविंद जी ने श्रद्धालुओं को कथा के माध्यम से भगवान कृष्ण के आविर्भाव की दिव्यता का बोध कराया. फिर भगवान श्री श्री राधा कृष्ण की युगल मूर्ति का दही, दुग्ध, मधु, शर्करा, पुष्प, फलों के रस व गंगा जल से भव्य महाअभिषेक किया गया.

## किसान मजदूर यूनियन की प्रखंड कमेटी गठित


- फर्केश्वर महतो अध्यक्ष एवं रंगलाल मोहली उपाध्यक्ष मनोनीत



संवाददाता । गोमो

झारखंड एकता किसान मजदूर यूनियन की बैठक सोमवार को हटिया मैदान में हुई. बैठक में तोपचांची प्रखंड कमेटी का गठन किया गया. सर्वसम्मति से फर्केश्वर महतो प्रखंड अध्यक्ष और रंगलाल मोहली उपाध्यक्ष मनोनीत किए गए. इसके अलावा प्रदीप साव सचिव, शकील खान उप सचिव और मनोवर आलम कोषाध्यक्ष मनोनीत हुए. महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष रीना देवी और उपाध्यक्ष अनीता देवी मनोनीत की गई. संगठन मंत्री बहादुर हजाम मनोनीत किए गए. सभी सदस्यों को माला पहनाकर स्वागत किया गया. बैठक की अध्यक्षता सुनीता देवी और संचालन राजेश मोहली ने किया. कमेटी गठन से पूर्व तोपचांची प्रखंड के किसानों की समस्याओं पर चर्चा की गई. बैठक में बतौर मुख्य अतिथि यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष गंगाधर महतो शामिल हुए. मौके पर मदन मोहली, रविंद्र कुमार महतो, नुनू चंद महतो समेत यूनियन के अन्य सदस्य उपस्थित थे.

## शारदीय नवरात्र को लेकर दुर्गा पूजा समिति की बैठक



संवाददाता । धनबाद

पुराना स्टेशन दुर्गा पूजा समिति की बैठक दुर्गा मंडप परिसर में हुई. बैठक में अन्य वर्ष की तरह इस साल भी दुर्गा पूजा आयोजन करने का निर्णय लिया गया. कुछ दिनों पूर्व पुराना रेलवे कॉलोनी के क्वार्टरों को अवैध कब्जाधारियों से मुक्त कराने के लिए तोड़ दिया गया. इस वजह से पूजा आयोजन में परेशानी को देखते हुए पुराना स्टेशन के स्थानीय निवासियों ने धूमधाम से पूजा करने का निर्णय लिया. इसके लिए दुर्गा पूजा समिति का भी गठन किया गया. समिति के संरक्षक भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह, सांसद ढुल्लू महतो, विधायक राज सिन्हा, पूर्व महापौर चंद्रशेखर अग्रवाल, नंदलाल अग्रवाल, अंजन चटर्जी, सुरेश सिंह बनाए गए. वहीं समिति के अध्यक्ष गोपाल मुखर्जी, कार्यकारी अध्यक्ष राजेश सिन्हा, सचिव चंद्रशेखर मुन्ना, उपाध्यक्ष सुधीर श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष अमित गुप्ता बनाए गए हैं. समिति के कोषाध्यक्ष अमित गुप्ता ने बताया कि बैठक में कई निर्णय लिए गए. विगत वर्ष दुर्गा पूजा आयोजन में रेलवे क्वार्टर में रहने वाले लोगों ने सहयोग किया था, लेकिन इस बार रेलवे प्रशासन ने क्वार्टरों को तोड़ दिया. यह जगह सुनसान पड़ा है. यहां रहने वाले लोग पूजा आयोजन में चंदा के तौर पर सहयोग करते थे, लेकिन इस बार वित्तीय संकट उत्पन्न हो गई है. इसलिए अन्य लोगों के सहयोग से दुर्गा पूजा आयोजन का निर्णय लिया है.

## बीसीसीएल को गोवा में मिला सीएसआर टाइम्स पुरस्कार




संवाददाता । धनबाद

धनबाद। बीसीसीएल को सीएसआर स्कीम के तहत बेहतर कार्य करने पर सीएसआर टाइम्स पुरस्कार से नवाजा गया है. गोवा में आयोजित अखिल भारतीय कार्यक्रम में बीसीसीएल के निदेशक (कार्मिक) मुरली कृष्णा रमैया ने यह पुरस्कार शुक्रवार को प्राप्त किया. इस अवसर पर सीएसआर स्कीम के तहत शिक्षा और कौशल विकास में योगदान देने पर बीसीसीएल की सराहना हुई. गोवा से लौटने पर मुरली कृष्णा रमैया ने सोमवार को यह पुरस्कार बीसीसीएल मुख्यालय में सीएमडी समीरन दत्ता को सौंपा. सीएमडी समीरन दत्ता ने कहा कि बीसीसीएल अपनी प्रगति के साथ-साथ सीएसआर बजट में वृद्धि कर रही है.

### टाटा आयरन एंड स्टील कंपनी की स्थापना : 26 अगस्त 1907

# भारत में इस्पात की दिग्गज कंपनी की स्थापना

**खास बातें**

- इस्पात उत्पादन की शुरुआत : 16 फरवरी 1912
- जमशेदजी टाटा की भारत के औद्योगिक परिदृश्य में विरासत

संवाददाता । जामाडोबा

**टाटा स्टील की स्थापना दिवस पर विशेष रिपोर्ट**



जमशेदजी नसरवानजी टाटा, एक दूरदर्शी उद्यमी, ने भारत में इस्पात कारखाना स्थापित करने का सपना देखा। यह सपना, जो भारत को एक वैश्विक औद्योगिक शक्ति बनाने की इच्छा से प्रेरित था, शुरू में कड़े कानूनों के कारण मुश्किलों में घिर गया। हालांकि, जमशेदजी ने हार नहीं मानी। 1899 में इस्पात योजना को पुनर्जीवित किया गया, और 1900 में भारत के राज्य सचिव जॉर्ज हैमिल्टन के समक्ष अपने महत्वाकांक्षी योजना को प्रस्तुत करने के लिए जमशेदजी इंग्लैंड गए। हैमिल्टन ने इस परियोजना का दिल से समर्थन किया, जिससे इसे आवश्यक प्रोत्साहन मिला। प्रख्यात इंजीनियर जूलियन केनेडी के परामर्श से प्रेरित होकर, जमशेदजी ने प्रसिद्ध अमेरिकी कंसल्टिंग इंजीनियर चार्ल्स पेज पेरिन की विशेषज्ञता का लाभ उठाने का निर्णय लिया। पेरिन, जमशेदजी के विज़न से प्रभावित होकर, सहयोग के लिए तैयार हो गए। दुर्भाग्यवश, 1904 में जमशेदजी का निधन हो गया। उनके पुत्र, सर दोराबजी टाटा ने जिम्मेदारी संभाली और पी एन बोस की सहायता से इस्पात कारखाने के लिए उपयुक्त स्थान की खोज शुरू की। बोस ने मयूरभंज राज्य में समृद्ध लौह अयस्क भंडार की खोज की, जो झरिया और रानीगंज से आसानी से पहुँचने योग्य था, यह एक महत्वपूर्ण क्षण साबित हुआ।

व्यापक खोज के बाद, उन्होंने बिहार (अब झारखंड) में साकची नामक एक छोटे से गाँव को उपयुक्त स्थान के रूप में पाया। गाँव सुवर्णरेखा और खरकई नदियों के पास स्थित था, जो पानी की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करता था। दृढ़ संकल्प के साथ, सर दोराबजी टाटा ने धन का प्रबंध किया, रणनीतिक साझेदारियाँ कीं और अमेरिकी इस्पात निर्माता जूलियन केनेडी की विशेषज्ञता और सलाह को अपनाया। 26 अगस्त 1907 को टाटा आयरन एंड स्टील कंपनी (टिस्को, अब टाटा स्टील) की स्थापना के साथ ही भारत के इस्पात उद्योग की नींव रखी गई। पांच साल बाद, 16 फरवरी 1912 को, इस कारखाने ने इस्पात का उत्पादन शुरू किया, जमशेदजी के सपने को साकार करते हुए भारत के औद्योगिक परिदृश्य में एक ऐतिहासिक अध्याय जोड़ा।


## दो तीन संभावित महामंत्री लेकर घूम रहे मंडल अध्यक्ष

**खास बातें**

- महानगर और ग्रामीण जिला कमिटी में विरोध का दौर जारी
- नियमों के विरुद्ध लगातार तीसरी बार बने राजगंज मंडल अध्यक्ष

संवाददाता । धनबाद

धनबाद भाजपा में विरोध का स्वर थमने का नाम नहीं ले रहा है. कभी महानगर तो कभी ग्रामीण जिला कमिटी में विरोध का दौर जारी ही हैं. महानगर में पुतला दहन तो थम गया लेकिन अब मंडल अध्यक्षों को लेकर सवाल उठने शुरू हो गए हैं. सोशल मीडिया पर एक भाजपाई ने अपनी भड़ास निकालते हुए लिखा है कि मंडल अध्यक्ष तो बदल दिए गए लेकिन कमिटी वही पुरानी है. प्रदेश से निर्देश हैं कि आगामी विधानसभा चुनाव तक अन्य मंडल अध्यक्ष पुरानी टीम के साथ ही पार्टी का कार्य करेंगे. ऐसे में नए मंडल अध्यक्ष अपने साथ नए नए संभावित दो तीन महामंत्री लेकर घूम रहे हैं. ऐसे में पार्टी के अंदर बढ़ते विरोध पर प्रदेश नेतृत्व क्यों नहीं संज्ञान ले रही है. अब जबकि पुरानी टीम को पता है कि वह चुनाव के बाद हटा दिए जाएंगे तो ऐसे में विधानसभा में वह कितनी ऊर्जा के साथ काम करेंगे. वहीं दूसरी ओर ग्रामीण जिला कमिटी में राजगंज मंडल अध्यक्ष को लेकर विरोध दर्ज किया जा रहा है. भाजपा कार्यकर्ताओं का कहना है कि नियम के विरुद्ध लगातार तीसरी बार एक ही व्यक्ति को राजगंज का मंडल अध्यक्ष बनाया गया है. आर के चौधरी ने राजगंज मंडल के व्हाट्सएप ग्रुप में पैसे लेकर लगातार तीसरी बार रंजीत सिंह को अध्यक्ष बनाने का आरोप लगाया है. भाजपा आगामी चुनाव में सत्ता पाने के लिए कोई भी कसर नहीं छोड़ना चाहती है तो इधर धनबाद में विरोध का दौर लगातार जारी है.






चूल्हा चौकी, नावाडीह (असर्फी अस्पताल के समीप, धनबाद)

राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | धनबाद, मंगलवार 27 अगस्त 2024 भाद्रपद कृष्ण पक्ष 09 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ~~6~~ ● वर्ष : 2, अंक : 139 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र




## ब्रीफ खबरें

### कई ट्रेनों का परिचालन 31 तक प्रभावित

**धनबाद।** झारखंड से चलने वाली कई ट्रेनों का परिचालन 31 अगस्त तक प्रभावित रहेगा. दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल में विकास कार्य के लिए रोलिंग ब्लॉक लिया जाएगा. रांची रेल मंडल के अनुसार, ट्रेन संख्या 18601 टाटानगर-हटिया एक्सप्रेस 28, 30 और 31 अगस्त को अपने निर्धारित मार्ग चांडिल, पुरुलिया, कोटशिला, मुरी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग चांडिल, गुंडा बिहार, मुरी होकर चलेगी. ट्रेन संख्या 18035 और 18036 खड़गपुर-हटिया-खड़गपुर एक्सप्रेस का 29 अगस्त को आद्रा स्टेशन पर आंशिक समापन और आंशिक प्रारंभ होगा. इन ट्रेनों का आद्रा, हटिया, आद्रा के बीच परिचालन रद्द रहेगा.

### प्रदेश भाजपा के चार नए प्रवक्ता नियुक्त

**धनबाद।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को चार नए प्रदेश प्रवक्ताओं की नियुक्ति की है. प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशानुसार प्रदेश महामंत्री सह सांसद आदित्य साहू ने पत्र जारी कर नियुक्ति की घोषणा की. नए नियुक्त प्रवक्ताओ में पूर्व सांसद गीता कोड़ा सहित रांची से प्रदीप सिन्हा, चाईबासा से अजय शाह, जमुआ (गिरिडीह) से विजय चौरसिया शामिल हैं. यह मनोनयन तत्काल प्रभाव से लागू होगा.

### ग्रामीण एसपी ने किया थाना का निरीक्षण

**तेतुलमारी ।** धनबाद ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी ने सोमवार को तेतुलमारी थाना का निरीक्षण किया. एसपी लगभग एक घंटे तक तेतुलमारी में रुके और थाना प्रभारी लव कुमार चौधरी से कई मामलों की जानकारी ली. इस दौरान उन्होंने थाना के विभिन्न रजिस्टरों का भी अवलोकन किया. निरीक्षण के दौरान एसपी ने थाना के अन्य पुलिस अधिकारियों से बातचीत कर कई दिशा-निर्देश दिए और क्षेत्र में गश्ती बढ़ाने की बात कही. मौके पर थानेदार लव कुमार चौधरी, उप-निरीक्षक शंकर उरांव, अभिराम सिंह, श्रवण कुमार और अन्य मौजूद थे.


## मौसम विभाग की चेतावनी : चार दिनों तक लगातार मध्यम से भारी बारिश की संभावना

# सितंबर महीना सामने, कोयला खदानों के लिए खतरा

▪ कोल खनिकों में सिहरन

संवाददाता। धनबाद

अगस्त महीना अपनी रवानगी पर है और सितंबर आने वाला है. धनबाद फिर से मूसलाधार बारिश की जद में है. मौसम विभाग के भविष्यवाणी है कि चार दिनों तक लगातार बारिश हो सकती है. टिप टिप और लगातार होने वाली यह बारिश धनबाद की कोयला खदानों के लिए काफी खतरनाक मानी जाती है. धनबाद के खदान हादसों के इतिहास में दो बड़ी घटनाएं भी सितंबर महीने ही दर्ज की गई है क्योंकि मानसून की बारिश काली सुरंगों को और भी खतरनाक बना देती है.





### 26 सितंबर 1995, गंजलीटांड़ हादसा

कतरास कोयलांचल के लोग शायद ही कभी इस दिन को भूल पाएं. इसी दिन कतरास के 64 कोयला मजदूरों की एक साथ जलसमाधि हो गई थी. उस दिन रिकॉर्ड 331 मिलीमीटर बारिश हुई थी, इस कारण कतरी नदी में उफान आ गया था. गजलीटांड़ खदान के बगल में बहने वाली कतरी नदी की जलधारा बेकाबू हो गई और इसके दबाव को तटबंध झेल नहीं सका. तटबंध को तोड़ते हुए नदी की धारा मुड़कर गजलीटांड़ खदान की ओर चली गई, जिससे छह नंबर चानक में उस दिन द्वितीय पाली में काम कर रहे 64 श्रमिकों की एक साथ जल समाधि हो गई थी, हालांकि सात नंबर चानक से कुछ श्रमिक अपनी सूझबूझ से किसी तरह जान बचाकर निकले थे.

### नगदा हादसा, 50 श्रमिकों की हुई थी मौत

भाटडीह कोलियरी के नगदा 17 नंबर इंक्लाइन में शाम 7 :30 बजे अचानक भयंकर विस्फोट हुआ था. चारों तरफ धुआं ही धुआं के साथ कोहराम मच गया था. खदान के अंदर 50 श्रमिक अपनी दूसरी पाली की ड्यूटी में गये थे. विस्फोट के बाद खदान पर बैठे कोलियरी के पदाधिकारी स्थिति को देखकर वहां से फरार हो गये. देखते ही देखते नगदा से लेकर महुदा तक वाहनों का तांता लग गया, परंतु प्रबंधन द्वारा राहत कार्य समय पर शुरू नहीं किया जा सका था. घटना के बाद तत्कालीन सीएम शिबू सोरेन, सीएमडी पार्थो भट्टाचार्या सहित कई मंत्री, पुलिस अधिकारी, नेता व समाजसेवी पहुंचे थे. काफी जद्दोजहद के बाद सात सितंबर की शाम प्रबंधन ने किसी तरह मनोज मिश्रा का शव निकाला. बाद में रेस्क्यू टीम द्वारा एक-एक कर शहीद हुए 49 श्रमिकों के शवों को खदान से बाहर निकाला गया था.

### अक्सर होती हैं छोटी घटनाएं..

इस माह को बीसीसीएल प्रबंधन भी काफी गंभीरता से लेता है, क्योंकि अक्सर छोटी छोटी खान दुर्घटनाएं होती रहती हैं. बारिश के कारण आऊट सोर्सिंग स्थलों में भी घटनाओं की शंकाएं बनी रहती हैं.

### धनबाद की पूर्व डीएसई निर्मला बरेलिया का निधन



**धनबाद ।** धनबाद की पूर्व जिला शिक्षा अधीक्षक (डीएसई) और कोल्हान की क्षेत्रीय संयुक्त शिक्षा निदेशक (आरजेडीई) निर्मला बरेलिया का रविवार देर रात निधन हो गया. जमशेदपुर के गम्हरिया के आवास में उन्हें हार्ट अटैक आया था. इसके बाद उन्हें तत्काल इलाज के लिए मेडिट्रिना अस्पताल ले जाया गया. यहां इलाज के दौरान चिकित्सकों ने निर्मला बरेलिया को मृत घोषित कर दिया. वह 56 वर्ष की थीं. निर्मला को पिछले दिनों प्रमोट करके कोल्हान का क्षेत्रीय संयुक्त शिक्षा निदेशक पद दिया गया था. निर्मला धनबाद में 2012-13 में जिला शिक्षा अधीक्षक के पद पर कार्यरत रह चुकी हैं.

## पटना से अवकाश प्राप्त आईटी अधिकारी गिरफ्तार, धनबाद से भी तीन गिरफ्तारी

# धनबाद, पटना में सीबीआई का एक्शन, चार गिरफ्तार

संवाददाता। धनबाद




आज शाम सीबीआई दिल्ली की टीम ने धनबाद में बड़ी कार्रवाई की है. यह कार्रवाई पटना में इनकम टैक्स के अवकाश प्राप्त एक बड़े अधिकारी द्वारा दस लाख रुपये घूस लेते हुए पकड़े जाने के बाद हुई है.

पूछताछ में अधिकारी ने जो जानकारी दी उसके आधार पर सीबीआई की टीम उसे साथ लेकर धनबाद पहुंची और एक होटल व्यवसायी अशोक चौरसिया उर्फ टिंकू चौरसिया को हिरासत में लिया. उससे पूछताछ में डॉ. प्रणय पूर्वे और कोयला आउटसर्सिंग कंपनी के मालिक गुरूपाल सिंह तक टीम पहुंची. सूत्र बताते हैं कि इन सभी लोगों का संबंध इनकम टैक्स के उस बड़े अधिकारी से था जिसका काम इनकम टैक्स के बड़े मामलों की खुली फाईल बंद कराने का ठेका लेते थे. सूत्र बताते हैं कि ऐसे कई मामले सीबीआई के संज्ञान में है जहां केस को दबाने और खत्म करने का खेल खेला गया.

इस सिलसिले में हजारीबाग के एक बड़े व्यवसायी का भी नाम सामने आ रहा है. जहां बताया जाता है कि करीब 112 करोड़ का एक मामला जिसे खत्म करने के जिम्मेवारी उक्त अधिकारी ने ली थी. इस संबंध में पकड़े गये तीन लोगों से भी पूछताछ चल रही है. समझा जाता है कि बहोत बड़ा खुलासा होना अभी बाकी है.

सोमवार की देर शाम धनबाद में एक बार फिर सीबीआई की टीम ने दबिश दिया . जहां कतरास रोड मटकुरिया स्थित गुरूपाल सिंह के ठिकाने पर सीबीआई की टीम ने दबीश दी थी.

जानकारी के अनुसार धनबाद के आउटसोर्सिंग कंपनी के ट्रांसपोर्टर गुरूपाल सिंह के ठिकानों पर सीबीआई की टीम नें दबिश दी. जिसके बाद पूछताछ में डॉ. प्रणय पुरवे का नाम सामने आने के बाद सीबीआई की टीम नें हाउसिंग कॉलोनी स्थित उनके आवास पर भी दबिश दी. वहीं सीबीआई ने पटना से इनकम टैक्स के एक बड़े अधिकारी को हिरासत में लेकर धनबाद लाया गया है. जिसके बाद सीबीआई की टीम उनसे पूछताछ कर रही है.



जन्माष्टमी पर सजा हीरापुर का हरि मंदिर

# रेल कर्मी को यूनिफाइड पेंशन स्कीम का मिलेगा लाभ

▪ 60 प्रतिशत पेंशन स्कीम का आश्रित को मिलेगा लाभ/ डीआरएम

संवाददाता। धनबाद

धनबाद मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में सोमवार को यूनिफाइड पेंशन स्कीम का संक्षिप्त स्कीम का विवरण डीआरएम ने किया. डीआरएम केके सिन्हा द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान नई यूनिफाइड पेंशन स्कीम अप्रैल 2025 से लागू किया जाएगा.उन्होंने कहा की मृतकों का आश्रित को इस नए स्कीम के तहत 60 प्रतिसत पेंशन देने पर सहमति हुई है. इसके साथ यूनिफाइड पेंशन योजना में न्यूनतम 10 वर्षों की सेवा के बाद रुपया 10 हजार प्रतिमाह की पेंशन की गारंटी दी गई है.वहीं जनवरी 2004 के बाद रेल सेवा में शामिल होने कर्मी का वेतन का 50 प्रतिशत यूपीएस स्कीम में आएगा. मौके पर एडीआरएम विनीत कुमार के अलावा अन्य वरीय अधिकारी मौजूद थे.

# चोरी की घटनाओं के बाद ग्रामीणों ने की पुलिस से कार्रवाई की मांग

**खास बातें**

- पुलिस की लापरवाही से बढ़ा चोरों का मनोबल
- सुरक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए तैयार होगी रणनीति

संवाददाता। तोपचांची



थाना अंतर्गत दर्जनों गांवों में हाल के दिनों में चोरी की कई घटनाएं हुई हैं, लेकिन पुलिस द्वारा अब तक किसी भी घटना का उद्भेदन नहीं किया गया है. इससे चोरों का मनोबल बढ़ गया है और ग्रामीणों में असुरक्षा की भावना बढ़ गई है. घटना में वृद्धि को देखते हुए सिंहदाहा पंचायत रविवार को तोपचांची थाना क्षेत्र के ग्रामीणों ने बैठक किया.

इस संबंध में, ग्रामीणों ने वरिय पुलिस अधीक्षक और डिजीपी को 3 हजार हस्ताक्षर युक्त आवेदन प्रेषित करने का निर्णय लिया है, जिसमें उन्होंने चोरी की घटनाओं के उद्भेदन और सुरक्षा व्यवस्था में सुधार की मांग की है. इसके अलावा, ग्रामीणों ने दर्जनों गांवों का महा पंचायत बुलाने का निर्णय लिया है, जिसमें चोरी की घटनाओं के बारे में चर्चा की जाएगी और सुरक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए रणनीति तैयार की जाएगी.

ग्रामीणों ने अफवाह नहीं फैलाने का आग्रह किया है और कहा है कि रात में किसी अपरिचित व्यक्ति के आने पर उसके साथ मारपीट नहीं करनी चाहिए, बल्कि सुबह तक उसे बैठा कर रखना चाहिए.

### 30 अगस्त से आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार

**धनबाद ।** राज्य सरकार एक बार फिर से 'आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार' कार्यक्रम की शुरुआत करने जा रही है. 30 अगस्त से 15 सितंबर तक जिले के सभी पंचायतों और वार्डों में शिविर लगाए जाएंगे. इसके लिए धनबाद जिला प्रशासन और नगर निगम ने तैयारी शुरू कर दी है. कार्यक्रम के मद्देनज़र प्रखंड स्तर पर पंचायतवार और शहरी क्षेत्र में वार्डवार आयोजित प्रत्येक शिविर के लिए जिलास्तर के पदाधिकारियों को जिलास्तरीय नोडल पदाधिकारी के रूप में नामित किया गया है. उपायुक्त कार्यालय से इसकी सूची भी जारी कर दी गई है. बता दें कि नगर आयुक्त रविराज शर्मा ने निगम क्षेत्र में लगने वाली शिविरों के लिए नोडल पदाधिकारी की सूची पहले ही जारी कर दी है.

# अस्पताल के कैदी वार्ड से फरार बंदी ढाई माह बाद धराया



संवाददाता। साहिबगंज

साहिबगंज सदर अस्पताल के कैदी वार्ड में इलाज के दौरान पिछले 7 जून को फरार हुए दो में से एक कैदी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. यह एसडीपीओ किशोर तिर्की ने सोमवार को जिरवाबाड़ी थाना में प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी. उन्होंने बताया कि एसपी को गुप्ता सूचना मिली कि बरहेट थाना क्षेत्र के भोगनाडीह निवासी फरार कैदी समीर अंसारी उर्फ तैमुद्दीन अंसारी अपने घर आया हुआ है. इसके बाद बरहेट थाना प्रभारी पवन कुमार के नेतृत्व में टीम गठित कर त्वरित कार्रवाई की गई. टीम ने छापामारी कर छोटा कदमा गांव के समीप जंगल से समीर अंसारी को दबोच लिया. पूछताछ में उसने बताया कि कबूतरखोपी निवासी धर्मेंद्र यादव ने उसे आरी-पत्ती देकर कैदी वार्ड से भागने में मदद की थी. समीर पर बरहेट थाना में कांड संख्या 122/23 व जिरवाबाड़ी थाना में कांड संख्या 83/24 दर्ज है. छापामारी में एसआई बंटी कुमार यादव, एएसआई मो. जमील, पवन कुमार, महानंद ओझा व अन्य जवान शामिल थे.

### खुशवंत बने यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन के रीजनल उपाध्यक्ष



**धनबाद ।** सांसद ढुल्लू महतो के भतीजे खुशवंत कुमार को यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन के रीजनल कमिटी का रीजनल उपाध्यक्ष बनाया गया है. इस संदर्भ में युकोवयू के केंद्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न महतो ने पत्र जारी किया है. बता दें कि खुशवंत ढुल्लू महतो के बड़े भाई राम प्रसाद महतो के पुत्र हैं. साथ ही ट्रेड यूनियन में सक्रिय हैं.

## गोधर काली बस्ती के अपराधियों ने चालक और खलासी के साथ की मारपीट

# एमपीएल के कोयला वाहनों पर फिर हमला

संवाददाता। केंदुआ

कुसुंडा एरिया के गोधर 15 नंबर सीआईएसएफ चेक पोस्ट के निकट एक बार फिर अपराधियों ने मैथन पावर प्लांट (एमपीएल) के लिए कोयला ढुलाई करने वाले तीन हाईवा पर हमला किया. दो वाहनों जेएच 10 एआर 9830 और जेएच 10 बीपी 7133 के शीशे तोड़ दिए गए. चालक और खलासी के साथ मारपीट की गई. हमलावर गोधर काली बस्ती के बताए जाते हैं, जो पांच की संख्या में थे. धनसार कोल डिपो से कोयला लोड कर जैसे ही चेक पोस्ट के निकट पहुंचे, अपराधियों ने हमला कर दिया. एमपीएल को कोयला ढुलाई करने वाले वाहनों को सुनियोजित तरीके से निशाना बनाया जा रहा है. अन्य डीओ धारकों के वाहनों को अपराधी टच नहीं करते. हमले से एक वाहन में दहशत है. बगल में सीआईएसएफ तैनात रहते हैं, लेकिन हमले के समय मूकदर्शक बन जाते हैं. केंदुआडीह पुलिस भी ऐसे मामलों में ज्यादा गंभीरता और तत्परता नहीं दिखाती. ऐसे में अपराधियों के हौसले बुलंद होते रहते हैं. गत 13 अक्टूबर को हमलावरों ने 15 नंबर डिपो में कई वाहनों में तोड़फोड़, मारपीट करते हुए बैटरी और रुपया लूट लिया था. बाद में पुलिस ने साजन कुमार राम को बैटरी समेत गिरफ्तार किया था. वहीं 24 जुलाई को कुसुंडा वर्क शॉप के निकट करीब 10 से ज्यादा एमपीएल के वाहनों में तोड़फोड़, मारपीट की थी. एंजिकेसी प्रबंधन के लिखित शिकायत पर कार्रवाई नहीं की गई, उल्टे कहा गया कि घायल चालक से शिकायत कराएं.



### पुलिस कार्रवाई नही करती- प्रोजेक्ट ऑफिसर

एनजीकेसी गोधर के प्रोजेक्ट ऑफिसर अनिल कुमार सिंह ने कहा कि गोधर 15 में कुछ अपराधियों ने वाहनों पर हमला और मारपीट की है. प्रबंधन घटना पर गंभीर है. सीआईएसएफ से भी बात होगी. उन्होंने पूर्व में केंदुआडीह पुलिस के पास लिखित शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं किए जाने से नाराजगी व्यक्त की. कहा, पुलिस मामले को शिकायत करने के बाद भी टालती है.

### रंगदारी, वर्चस्व कायम करने को लेकर हमला

गोधर में एमपीएल के वाहनों पर लगातार हो रहे हमले रंगदारी और वर्चस्व कायम करने के लिए किए जा रहे हैं. हमले का आरोप नीतीश, सुकरा, साजन गिरोह पर लगाया जा रहा है, जिन पर पहले भी कई मामले दर्ज हैं. एमपीएल के ट्रांसपोर्टर शमशाद ने 22 अक्टूबर को नीतीश राम, सुकरा राम, साजन राम, सचिन कुमार, गोपी कुमार के खिलाफ मामला दर्ज कराया था. अब पुन: रंगदारी और ट्रांसपोर्टिंग पर वर्चस्व कायम करने के लिए एमपीएल के वाहनों पर सुनियोजित तरीके से चिन्हित कर हमले किए जा रहे हैं.

# गावां प्रखंड में डायरिया से बुजुर्ग की मौत, कई आक्रांत

संवाददाता। गावां (गिरिडीह)



गावां प्रखंड की सेरुआ पंचायत के चेरवा गांव में डायरिया फैल गया है. डायरिया से गांव दासो यादव (65 वर्ष) की मौत हो गई है, जबकि कई लोग आक्रांत हैं. मुखिया गुरुसहाय रविदास की सूचना पर सोमवार को गावां के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ महेश्वरम स्वास्थ्य कर्मियों की टीम के साथ चेरवा गांव पहुंचे और पीड़ितों की जांच के बाद उनका इलाज शुरू किया. गंभीर रूप से बीमार उर्मिला देवी, शांति देवी व 6 साल के बच्चे विपिन कुमार (पिता राजकुमार यादव) को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गावां ले जा कर भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है. डॉ महेश्वरम ने ग्रामीणों को साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने, ताजा खानी खाने व पानी उबाल कर पीने की सलाह दी. कहा कि उल्टी-दस्त की शिकायत होने पर तुरंत सीएचसी पहुंकर इलाज कराएं. इधर, प्रखंड के बिरने में डायरिया का प्रकोप है.

गांव के करन कुमार व श्रवण कुमार का इलाज सीएचसी में चल रहा है. गांव पहुंची टीम में डॉ हब्बीब उल्लाह खान, राजीव रंजन, सौरव कुमार आदि शामिल थे.

### ब्रीफ खबरें

#### पर्यावरण संरक्षण समिति की बैठक संपन्न

**कतरास** । सोमवार को लकड़का नंबर 04 में पन्नू भुइया की अध्यक्षता में पर्यावरण संरक्षण समिति धनबाद की ग्राम स्तरीय मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से मिट्टी कटाव को रोकने के लिए भू संरक्षण पर चर्चा की गई। इसके साथ ही पूर्व बैठक की समीक्षा की गई और यह भी चर्चा हुई कि अपने खेतों में उत्तम कोटि और बीमारी मुक्त खाद्य सामग्री उत्पादन के लिए वर्मी कंपोस्ट जैविक खाद को बढ़ावा देने के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर निकट भविष्य में आयोजित किया जाएगा।

#### तेतुलमारी में दुर्गा पूजा महोत्सव की तैयारी शुरू

**तेतुलमारी**। तेतुलमारी स्टेशन रोड कमेटी की बैठक मंदिर परिसर में सोमवार को आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता चंचल कुमार विश्वास ने की। इस दौरान सर्वसम्मति से पप्पू सिंह को अध्यक्ष, शैलेंद्र नाथ घोष को सचिव, अक्षय कुमार और कैलाश चौहान को सह-सचिव, बिट्टू सिंह को उपाध्यक्ष, राकेश कुमार सिंह, राहुल दास, और श्यामल मित्रा को उपाध्यक्ष, लक्ष्मण प्रसाद सिंह को कोषाध्यक्ष, सुब्रत दास को सह-कोषाध्यक्ष, और चक्रधारी महतो, संतू दा, उमेश सिंह, आशुतोष पांडेय, और धनेश्वर वर्मा को संरक्षक बनाया गया।

#### जमीन अतिक्रमण लोगों ने किया हंगामा

**पंचेत**। चिरकुंडा थाना के अंतर्गत जूनकुंदर रेलवे फाटक के समीप सड़क किनारे जमीन पर अतिक्रमण किये जाने को लेकर स्थानीय लोगों ने हंगामा किया। हंगामा की सूचना पाकर चिरकुंडा पुलिस मौके पर पहुंची और अतिक्रमण मुक्त कराया। वार्ड सदस्य सरिता देवी ने कहा, उपयुक्त जमीन बीसीसीएल की है, जहां पंचायती स्तर से सार्वजनिक कूड़ेदान बनाने के लिए चिह्नित किया गया था। कुछ लोग बांस, बल्ली, खंभा और तिरपाल लगाकर जमीन का अतिक्रमण कर रहे थे। हमने तुरंत चिरकुंडा पुलिस को सूचना दी।

### शिक्षक दिवस पर झारखंड प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन की अनोखी पहल

# धनबाद जिले में पांच हजार शिक्षकों को मिलेगा सम्मान



संवाददाता। धनबाद

**धनबाद** । झारखंड प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन जिला इकाई धनबाद की एक बैठक जिला अध्यक्ष एस के सिन्हा की अध्यक्षता में गांधी सेवा सदन में की गई। जिला सचिव इरफान खान ने कहा कि आज धनबाद जिले में 500 से ज्यादा यू डाइस प्राप्त गैर मान्यता निजी विद्यालय है जिसमें सभी विद्यालय में हमारे शिक्षक एवं शिक्षिका बेहतर शिक्षा बच्चों को दे रहे हैं उसके बाद भी सरकार के द्वारा शिक्षा विभाग के द्वारा वैसे बेस्ट शिक्षकों को किसी भी तरह का सम्मानित नहीं किया जाता है सिर्फ निजी विद्यालयों से यू डाइस में शिक्षकों का डाटा बच्चों का डाटा यही मांगा जाता है। संगठन शिक्षक सम्मान समारोह के अवसर पर धनबाद जिले के सभी निजी विद्यालयों के जो भी बेहतर शिक्षक है विद्यालय प्रबंधन से उनकी सूची लेकर उन्हें सम्मानित करने का काम करेगा। सरकार सरकारी विद्यालयों में करोड़ो रूपया खर्च करने के बाद भी बेहतर शिक्षा देने में असफल है आज समाज में बेहतर शिक्षा हमारे निजी विद्यालय ही जो बहुत ही कम मासिक शुल्क में अच्छी शिक्षा देने का काम कर रहे हैं और सरकार के सर्व शिक्षा अभियान को लगभग सफल बनाने में निजी विद्यालयों का ही योगदान बना हुआ है परंतु सरकार के द्वारा निजी विद्यालयों को कहीं से भी किसी भी तरह का सहयोग प्राप्त नहीं हो रहा है वही और परेशान करने के लिए आरटीई प्रथम संशोधित नियमावली 2019 का नियम लगाकर निजी विद्यालयों को प्रताड़ित करने का काम पूर्व की सरकार हो या वर्तमान की सरकार हो वह प्रताड़ित कर रही है जो कि अभी हाईकोर्ट में मामला लंबित है परंतु पूर्व की सरकार भी इसमें संशोधित नियमावली में नहीं कर रही है जिससे कि RTE मान्यता लंबित है। बैठक में मुख्य रूप से इरफान खान जिला सचिव धनबाद झारखंड प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन रांची संजय कुमार, भूली से मुन्ना सिंह. दिलेश्वर रवानी, शब्बीर अख्तर शमीम अख्तर ,असरार आलम आदि बैठक में उपस्थित रहे।

# कुष्ठ मरीजों की पहचान के लिए घर-घर जागरुकता अभियान

संवाददाता। धनबाद

धनबाद में 28 अगस्त से 13 सितंबर तक राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत लेप्रोसी केस डिटेक्शन कैंपेन अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान सहिया और स्वास्थ्य कर्मी घर-घर जाकर कुष्ठ मरीजों की पहचान करेंगे और उन्हें जागरूक करेंगे कि यह एक साधारण बीमारी है जिसका इलाज संभव है। सिविल सर्जन डॉक्टर चंद्रभानु प्रतापन ने बताया कि मरीज की पहचान होने पर उन्हें समय पर इलाज कराने और नियमित रूप से दवा का सेवन करने के लिए जागरूक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कुष्ठ रोग छुआछूत से नहीं फैलती है, बल्कि मरीजों के शरीर से किसी भी प्रकार के रसाव से फैलती है। शुरुआती दौर में अगर बीमारी का पता चल जाए, तो मरीज का इलाज संभव है। निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन ने कहा कि अभियान के पहले एमओआईसी, संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी, समाज कल्याण, सीडीपीओ और शिक्षा विभाग के बीईओ के साथ बैठक कर अभियान को सफल बनाने में स्वास्थ्य विभाग को पूरा सहयोग प्रदान किया जाएगा।

#### स्वस्थ शरीर स्वस्थ समाजः असर्फी हॉस्पिटल के सीईओ हरेंद्र सिंह का स्वास्थ्य जांच शिविर



**धनबाद**। धनबाद में गोपीनाथडीह ग्राम के दुर्गा मंदिर में स्वस्थ शरीर स्वस्थ समाजः अभियान के तहत एक दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। असर्फी हॉस्पिटल के सीईओ हरेंद्र सिंह ने इस शिविर का आयोजन किया, जिसका मुख्य उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और कैंसर के लक्षणों और बचाव के उपायों के बारे में जागरूकता बढाना था। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और विभिन्न स्वास्थ्य जांच सेवाओं का लाभ उठाया। विशेषज्ञ डॉक्टरों और चिकित्सा कर्मचारियों ने लोगों को स्वास्थ्य संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। हरेंद्र सिंह ने कहा कि स्वस्थ समाज की नींव स्वस्थ नागरिकों पर टिकी होती है और हमारे इस प्रयास का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच में सुधार करना है।

# धनबाद के वेटलिफ्टर्स ने झारखंड राज्य प्रतियोगिता में चार पदक जीते

### अध्यक्ष आशुतोष दत्त पांडे ने खिलाड़ियों को बधाई दी



संवाददाता। धनबाद

झारखंड वेटलिफ्टिंग संघ द्वारा आयोजित झारखंड राज्य वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में धनबाद के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक रजत और तीन कांस्य पदक जीते। साथ ही तीन खिलाड़ी बेस्ट 4 स्कोर में रहे। महिला वर्ग में 59 किलो भार वर्ग में रिद्धि पत्र ने कांस्य पदक जीता, जबकि पुरुष वर्ग में 67 किलो भार वर्ग में अंकुश राज ने कांस्य पदक, 81 किलो भार वर्ग में ऋषि राज ने रजत पदक और 87 किलो भार वर्ग में श्रेयांन मुखर्जी ने कांस्य पदक जीता। इस उपलब्धि पर झारखंड वेटलिफ्टिंग संघ के महासचिव अनिल जायसवाल ने खिलाड़ियों को बधाई दी और धनबाद जिला वेट लिफ्टिंग संघ के अध्यक्ष आशुतोष दत्त पांडे सहित कई खेल प्रेमियों ने खिलाड़ियों को बधाई दी।

#### धनबाद जिला तीरंदाजी संघ की बैठक संपन्न

**कतरास** । कतरास में सोमवार को धनबाद जिला तीरंदाजी संघ की एक बैठक संघ के अध्यक्ष विजय झा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रत्येक वर्ष की भांति 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर धनबाद के राष्ट्रीय खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। सम्मान समारोह 29 अगस्त को यूनियन क्लब में होगा, जिसमें नामचीन खिलाड़ियों, बालक-बालिकाओं और प्रशिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा। बैठक में जुबेर आलम (महासचिव), तारकनाथ दास (उपाध्यक्ष), अमित कुमार और सुरेंद्र जी (सदस्य) उपस्थित थे।

# हिंदुस्तान आवाम मोर्चा विधानसभा चुनाव में आठ सीटों पर लड़ेगा : शंकर मांझी



संवाददाता। महुदा

महुदा में हिंदुस्तान आवाम मोर्चा (हम) के राष्ट्रीय प्रवक्ता शंकर मांझी और नंदलाल मांझी ने प्रेस वार्ता में बताया कि पार्टी आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव में 8 सीटों पर चुनाव लड़ने का दावा किया है। उन्होंने कहा कि पार्टी का झारखंड के कई विधानसभा क्षेत्र में जनाधार है और जनमुद्दों को लेकर जनआंदोलन करने का काम किया है। इसलिए झारखंड से कई सीट निकालने की प्रबल संभावना है। उन्होंने कहा कि हमारे नेता जीतन राम मांझी समाज के दबे कुचले लोगों के उत्थान के लिए राजनीति करते हैं और दलितों के पक्ष में सुप्रीम कोर्ट के फैसले को सही ठहराया। उन्होंने कहा कि यदि दलित के सक्षम व्यक्ति ही हमेशा आरक्षण का लाभ लेंगे, तो जो दलित वर्ग इससे वंचित है, वह तो और नीचे दबते जाएंगे। इसलिए हमारे नेता का स्पष्ट कहना है कि दबे कुचले और वंचित लोगों को आरक्षण का लाभ मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि बिहार में हम पार्टी एनडीए गठबंधन के साथ हैं। झारखंड में भी यही स्थिति बनती है तो एनडीए के साथ मिलकर चुनाव लड़ेंगे। अन्यथा अकेले चुनाव लड़ेंगे। हमारे नेता प्रधानमंत्री मोदी, नीतीश कुमार और जितन राम मांझी के नेतृत्व में दलितों का विकास संभव है।

### तोपचांची में निकाली आजसू पार्टी की पदयात्रा

## युवाओं को रोजगार देने के वादे पर हेमंत सरकार को घेरा



**तोपचांची**। सोमवार को आजसू पार्टी ने तोपचांची शिव मंदिर से पदयात्रा निकाली, जिसका नेतृत्व आजसू कार्यकारिणी जिला अध्यक्ष हलधर महतो ने किया। पदयात्रा तोपचांची पंचायत एवं दुमदुमी पंचायत के विभिन्न गांवों व टोला में किया गया। हलधर महतो ने कहा कि हेमंत सरकार ने युवाओं को रोजगार देने का वादा किया था, लेकिन अभी तक पूरा नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि आजसू पार्टी के नीति को गांव के लोगों तक पहुंचाने के लिए पदयात्रा किया गया है। पदयात्रा में शामिल आजसू नेता सदानंद महतो ने सरकार की नीतियों की आलोचना की और कहा कि तोपचांची प्रखंड कार्यालय, अंचल कार्यालय में लूट मची है और स्वास्थ्य व्यवस्था पूर्ण रूप से ठप है।

## आसनसोल

# जमीन के बदले नौकरी की मांग पर दुबेश्वरी कोलियरी में भूख हड़ताल की चेतावनी



संवाददाता। सांकतोड़िया

सांकेतिक रूप से, जमीन के बदले ईसीएल से नौकरी की मांग पर दुबेश्वरी कोलियरी निवासी राम जीवन दास ने ईसीएल के सोदपुर एरिया अंतर्गत पारबेलिया कोलियरी अभिकर्ता को आवेदन देकर मंगलवार 27 अगस्त से परिवार सहित दुबेश्वरी कोलियरी में भूख हड़ताल करने की चेतावनी दी है। इस संबंध में राम जीवन दास ने बताया कि ईसीएल प्रबंधन ने बिना उनकी सहमति लिए वर्ष 2014 में 2 एकड़ 8 डिसिमल जमीन ले ली थी और अभी भी कोयला निकासी कर रही है। मैं उस समय से और वर्ष 2021 से जमीन के बदले नौकरी की मांग करता आ रहा हूं। वर्तमान में दुबेश्वरी कोलियरी पैनल-6 अंतिम चरण में है। तत्कालीन सोदपुर एरिया महाप्रबंधक ने इस मामले में उन्हें विश्वास दिलाया था और उन्हें एरिया सर्वे अधिकारी से संपर्क करने को कहा था। एरिया सर्वे अधिकारी ने कहा कि संबंधित जमीन से ईसीएल को कोई लाभ नहीं हो रहा है और इसलिए नौकरी नहीं दे सकती। तो फिर कंपनी ने हमारी जमीन से कोयला क्यों निकाला? उन्होंने कहा कि मैं 2014 से नौकरी की मांग करता आ रहा हूं, लेकिन कंपनी ने कोई ध्यान नहीं दिया। लिहाजा मैं परिवार सहित भूख हड़ताल को बाध्य हूं। आवेदन देकर उन्होंने पुनर्विचार कर अपने पुत्र को उक्त जमीन के बदले नौकरी देने की मांग की है। इस मामले में उन्होंने दुबेश्वरी कोलियरी के प्रबंधक, सोदपुर एरिया महाप्रबंधक, नितुरिया थाना प्रभारी, रघुनाथपुर एसडीओ, नितुरिया बीडीओ, डीएम पुरुलिया, ईसीएल सीएमडी सांकेतिक रूप से, रघुनाथपुर विधायक तथा पुरुलिया के सांसद को भी आवेदन की प्रतिलिपि भेज दी गई है।

## बीसीसीएल सीबी एरिया में एक दशक से जमे अधिकारियों का तबादला होः सुभाष

**खास बातें**

- बीसीसीएल मुख्यालय धनबाद के सीएमडी से की जाएगी शिकायत

**बराकर**। जनता मजदूर संघ (बच्चा गुट) ने बीसीसीएल सीवी एरिया महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि सीबी एरिया में एक दशक से कब्जा जमाए अधिकारियों और कर्मचारियों का जल्द से जल्द तबादला किया जाए। संघ के क्षेत्रीय सचिव सुभाष सिंह ने कहा कि दामागोड़िया कोलियरी में विभिन्न कोलियरियों में एक दशक से कई अधिकारी और कर्मचारी एक ही स्थान पर जमे हुए हैं, जिनमें वित, लोसिबि, पीएफ, स्टोर और कांटा सहित कई विभागों के अधिकारी और कर्मचारी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इनमें कई उच्च अधिकारियों के चहेते कर्मचारी हैं, जो एक दशक से एक ही स्थान पर ड्यूटी कर रहे हैं। सुभाष सिंह ने कहा कि एक दशक से कब्जा जमाए अधिकारियों और कर्मचारियों को तत्काल तबादला करने को लेकर बीसीसीएल सीवी एरिया महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपा गया है। यदि इनका तबादला नहीं किया गया, तो इसके खिलाफ बीसीसीएल मुख्यालय धनबाद के सीएमडी से शिकायत की जाएगी।

#### टीबी के मरीजों की संख्या में वृद्धि

**रघुनाथपुर**। रघुनाथपुर अनुमंडल में पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष टीबी के मरीजों की संख्या में 300 से अधिक की वृद्धि हुई है। जिला स्वास्थ्य विभाग ने इसे सकारात्मक पहलू नहीं माना है। वर्तमान में जांच की संख्या बढ़ने से मरीजों की संख्या भी बढ़ी है। टीबी के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए जिला स्वास्थ्य विभाग आगे आया है। स्वास्थ्य विभाग के सूत्रों के मुताबिक, 2022 तक भारत को टीबी मुक्त बनाने का लक्ष्य लिया गया था। इसलिए, केंद्र सरकार ने टीबी पीड़ितों के डेटाबेस के संबंध में 'निक्ष्य' लेख शुरू किया है। रघुनाथपुर अनुमंडल में (10 अगस्त तक) कुल 589 लोग संक्रमित हो चुके हैं। इनमें काशीपुर में 178 लोग, रघुनाथपुर सदर में 123 लोग, पाड़ा और बांदा (रघुनाथपुर नंबर 2) में 155 लोग, हरमा डीह (नितुरिया) में 78 लोग, मुराडी (सांतुड़ी) में 55 लोग शामिल हैं। पिछले साल 260 लोग संक्रमित हुए थे। यानी पिछले साल की तुलना में इस साल 329 लोग बढ़े हैं।

# आईईएचआरएससी कार्यालय का उद्घाटन

### 6500 महिलाओं को मिलेगा रोजगार



संवाददाता। बराकर

बराकर में आसनसोल नगर निगम के 58 नंबर वार्ड में इंटरनेशनल इक्विटेबल ह्यूमन राइट्स सोशल काउंसिल (आईईएचआरएससी) कार्यालय का उद्घाटन हुआ। संस्था के अध्यक्ष ने फीता काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया। इस मौके पर महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष अनीता सिंह ने कहा कि संस्था का मुख्य उद्देश्य लोगों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और महिला सशक्तिकरण पर जोर देना है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए जल्द ही रोजगार कार्यक्रम शुरू किया जाएगा, जिससे 6500 महिलाओं को रोजगार मिलेगा। कार्यक्रम में सैकड़ों महिलाएं और पुरुष शामिल हुए और महिलाओं में काफी उत्साह देखा गया।

## कुल्टी में तृणमूल छात्र परिषद के स्थापना दिवस को लेकर बैठक



संवाददाता। बराकर

कुल्टी कॉलेज में तृणमूल छात्र परिषद की स्थापना के उपलक्ष्य में एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र नेता जतिन गुप्ता ने छात्रों को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि 28 अगस्त को कॉलेज परिसर में स्थापना दिवस मनाया जाएगा, जिसमें कॉलेज के विकास और छात्रों को शिक्षा के क्षेत्र में सुविधाएं प्रदान करने पर चर्चा की जाएगी। इसके अलावा, छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सकारात्मक पहल की जाएगी। जतिन गुप्ता ने कहा कि कुल्टी कॉलेज में तृणमूल छात्र परिषद को मजबूत बनाने के लिए रणनीति तैयार की जाएगी। बैठक में स्थापना दिवस को सफल बनाने के लिए चर्चा की गई, जिसमें बड़ी संख्या में कॉलेज के छात्र-छात्राएं शामिल थे।

#### एक मात्र शिव ही मार्गदर्शक : बरखा

**पुरुलिया :** शिव ही एक मात्र मार्गदर्शक हैं। युवा भविष्य की रीढ़ है। उन्हें शिव गुरु के आदर्शों से प्रेरित होना चाहिए, क्योंकि अध्यात्म के इतिहास में एक नया अध्याय शुरू होने जा रहा है, जो आज हर इंसान के जीवन में बेहद जरूरी है। उक्त बांते झालदा श्रमिक कल्याण केंद्र में अखिल भारतीय शिव शिष्य परिवार की प्रधानाचार्य बरखा आनंद ने कही। उन्होंने कहा कि आज लोगों का मन, समूह केन्द्रित से व्यक्ति केन्द्रित की ओर भाग रहा है, उसी का परिणाम है कि आज समाज में अनेक गुरुओं के होते हुए भी धर्म को भटका दिया गया है। हमें इसे ठीक करना होगा। यदि अभी इसमें सुधार नहीं किया गया तो भविष्य में हमें बहुत कुछ देखना पड़ेगा। इसका एक ही उपाय है कि शिव को अपना गुरु बनाया जाए, लोगों का विवेक जागृत हो, चेतना जागृत हो भाईचारा दिखेगा, परिवार बदलेगा । तभी देश का भला होगा। परिणामस्वरूप हर व्यक्ति को जाति और धर्म से ऊपर उठकर आगे आना चाहिए।

# बराकर में धूमधाम से मनाई गई जन्माष्टमी

### गौरांग मंदिर में भगवान श्री कृष्ण की प्रतिमा का अभिषेक

**खास बातें**

- मारवाड़ी पंचायती ठाकुरबाड़ी में सजाया गया आयोजन स्थल
- भजन मंडलियों द्वारा भजन कीर्तन कार्यक्रम





संवाददाता। बराकर

बराकर शहर के बेगुनिया स्थित साधु स्वर्गीय सीताराम बाबा प्रतिष्ठित गौरांग मंदिर में धूमधाम से विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों के माध्यम से जन्माष्टमी मनाया गया। गौरांग मंदिर के साधु हरे कृष्णा बाबा ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी गौरांग मंदिर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी धार्मिक वातावरण में विभिन्न अनुष्ठानों के माध्यम से मनाया जा रहा है।
उन्होंने कहा कि इस दौरान आयोजन स्थल को विभिन्न तरह से अलंकृत किया गया है। इसके बाद भगवान श्री कृष्ण की प्रतिमा का मंत्रोचारण के साथ अभिषेक किया गया। सुबह से पूजा पाठ मंदिर प्रांगण में चल रहा है। उन्होंने बताया कि देर रात अर्थात भगवान श्री कृष्ण के जन्म समय मध्य रात्रि तक भक्तों का आगमन रहेगा। चोक बाजार स्थित मारवाड़ी पंचायती ठाकुरबाड़ी में भी जन्माष्टमी के अवसर पर सुबह से पूजा पाठ आयोजित की गई है। विभिन्न तरह के साज-सज्जो से आयोजन स्थल को सजाया गया है। संध्या के समय भजन मंडलियों द्वारा भजन कीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के पश्चात देर रात प्रसाद का वितरण किया जाएगा। बराकर रेलवे स्टेशन परिसर स्थित हनुमान मंदिर में भी जन्माष्टमी के अवसर पर धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर सम्मलित हुए। इसके अलावा अन्य मंदिरों तथा लोगों द्वारा अपने अपने घरों में पूजा का आयोजन कर झूलन लगाकर जन्माष्टमी मनाया गया।

▼ ब्रीफ खबरें

## रास्ते में कीचड़ से लोगों की बढ़ी परेशानी

**कसमार (बोकारो)।** कसमार प्रखंड में पेयजलापूर्ति योजना फेज टू के तहत सिंहपुर में बिछाए जा रहे पाइप लाइन से पूरे सिंहपुर गांव में सड़क में कीचड़ भर गया है, जिससे इस रास्ते से आने जानेवाले राहगीरों व ग्रामीणों की परेशानी बढ़ गयी है. सिंहपुर के पंचायत समिति सदस्य विनोद महतो रसलीन ने इसकी शिकायत करते हुए कहा है कि बरसात के मौसम में पाइप लाइन का काम संवेदक को रोक देना चाहिए. इसके अलावा जहां भी सड़क को तोड़कर पाइप लाइन बिछाया जा रहा है, उस टूटे सड़क की तुरंत मरम्मती करनी चाहिए, ताकि रास्ते में कीचड़ न फैले. उन्होंने बताया कि सिंहपुर, छतरबर होते हुए जो रास्ता डुमरकुदर की ओर गयी है, उस रास्ते में चलना मुश्किल हो गया है. साथ ही सिंहपुर में जो जल मीनार लगा है, उसके लिए लगे पाइप लाइन को भी उखाड़ दिया गया है. उन्होंने जिले के उपायुक्त को इस मामले में संज्ञान लेकर पहल करने की मांग की है.

## भाजपा नेता की पहल से ट्रांसफॉर्मर लगा

**डुमरी (गिरिडीह)।** डुमरी प्रखंड के अतकी पंचायत के रोहनटांड में सोमवार को 63 केवीए का ट्रांसफार्मर का उद्घाटन भाजपा नेता दीपक श्रीवास्तव ने नारियल फोड़कर व फिता कटकर किया. इस दौरान अतकी उप मुखिया बासुदेव महतो, वार्ड सदस्य शांति देवी, सुखदेव महतो, रोहन महतो, मिथुन महतो, दशरथ राय, खिरिया देवी, संजय महतो, उमेश राय आदि उपस्थित थे. बताया जाता है कि उक्त क्षेत्र के ग्रामीणों ने बताया कि 15 दिनों से ट्रांसफार्मर जल जाने से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था. जिसके बाद भाजपा नेता ने विद्युत विभग के जीएम से बात कर ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने का आग्रह किया था.

## किडजी स्कूल में जन्माष्टमी की धूम

**बोकारो।** किड्जी प्री स्कूल के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव, बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया. प्री स्कूल को सजावट, फूलों और भगवान कृष्ण की एक राजसी मूर्ति के साथ एक जीवंत और रंगीन सेटिंग में बदल दिया गया था. इस मौके पर स्कूल के बच्चे राधा कृष्ण की पोशाक में झूमते, गाते नजर आए. श्री कृष्ण के बाल स्वरूप में बच्चे ने झूले का आनंद लिया. वहीं लड़कियां का राधा स्वरूप सबको मोहित किया. स्टेज पर बच्चों ने भगवान श्री कृष्ण का रासलीला डांस प्रस्तुत किया. माखन चोर, नंद किशोर की झांकी को लोगों ने बहुत सराहा. प्रिंसिपल रंजना सिंह ने बताया कि जिस तरह से अभिभावक अपने बच्चों को कृष्ण एवं राधा स्वरुप में तैयार करके भेजें, वह बहुत ही प्रसंसनीय है और यह दर्शाता है कि कृष्ण भक्ति में सब रंगे हुए हैं.

## बिजय चौरसिया बने भाजपा के बने प्रदेश प्रवक्ता

**जमुआ (गिरिडीह)।** वरिष्ठ पत्रकार रहे बिजय चौरसिया भारतीय जनता पार्टी झारखण्ड प्रदेश के प्रदेश प्रवक्ता बने. बता दें झारखण्ड के पूर्व मुख्य मंत्री सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को कृष्ण जन्माष्टमी के आवास पर यह दायित्व बिजय चौरसिया को सौंपा है. बीते लोकसभा चुनाव के दौरान गिरिडीह जिला के मिर्जागंज व्यवसायिक मंडी में अपने चुनावी पदयात्रा में बाबूलाल मरांडी ने 15 मई को अंग वस्त्र देकर जमुआ प्रखण्ड के पूर्व प्रमुख सोनी चौरसिया एवं वरिष्ठ पत्रकार बिजय चौरसिया को भाजपा में शामिल कराया था. बिजय के प्रदेश प्रवक्ता बनाये जाने पर जमुआ विधायक केदार हाजरा, भाजपा के जिला अध्यक्ष महादेव दुबे सहित जिला भाजपा के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं सहित जमुआ प्रेस क्लब के प्रवीण कुमार, मो. इक़बाल, प्रमोद गुप्ता, लक्ष्मण मंडल, विकास यादव, आशीष कुमार, द्विवेदी मंटु, सुधीर द्विवेदी, बद्री यादव, रामचंद्र हाजरा के अलावे कई लोगों ने बधाई दी है. विजय चौरसिया ने कहा कि विश्व की सबसे बड़ी पार्टी ने जो दायित्व हमें दिया है, उस पर मैं अक्षरसा उतरने का प्रयास करूंगा. पार्टी का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का काम करूंगा. मेरे ऊपर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत बाजपेई, विधायक दल के नेता अमर कुमार बाउरी, संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह और सभी अधिकारियों ने जो भरोसा जताया है, मैं उसे सफलता पूर्वक निर्वहन का कार्य करूंगा.

# आरआरपीएस में राधा-कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता



**संवाददाता। कसमार (बोकारो)**

कसमार के खैराचातर स्थित रणविजय रोशन पब्लिक स्कूल (आरआरपीएस) में सोमवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर राधा-कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता आयोजित की गई. प्रतियोगिता में स्कूल के नन्हे-मुन्ने बच्चे राधा-कृष्ण बनकर भाग लिया. राधा व कृष्ण की पोशाक पहले बच्चों ने अपनी प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया.

प्रतियोगिता में पायल कुमारी, नीतू कुमारी, दीपश्री, श्वेता कुमारी, नीतू कुमारी, आरव कुमार आदि को पुरस्कृत किया गया. संस्कार एजुकेशनल सोसायटी, बोकारो की सचिव विभा पांडेय ने सभी को शुभकामनाएं दीं. मौके पर मिठू कुमारी, राजीव कुमार, सरिता कुमारी, नीरज भट्टाचार्य, रूपा कुमारी, मनीषा जायसवाल, रिया जायसवाल, रामानंद कुमार, रूबी खातून, अब्दुल कादिर जिलानी, मीना देवी आदि मौजूद थे.

## कृष्ण जन्माष्टमी बड़ी धूमधाम से मनाई गई

**बेंगाबाद (गिरिडीह)।** बेंगाबाद प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में कृष्ण जन्माष्टमी को लेकर मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी. जगह-जगह पर मंदिर को सजाया गया था और भगवान श्री कृष्ण का प्रतिमा को रखकर लोग पूजा अर्चना बड़े श्रद्धा के साथ कर रहे थे. वहीं प्रखंड के बाबा भाई हरण मंदिर के प्रांगण में कृष्ण जन्म उत्सव को लेकर लोगों में बड़ा श्रद्धा देखने को मिला.

बताया गया कि हर साल की तरह इस मंदिर में भगवान श्री कृष्ण जन्म उत्सव मनाया जा रहा है. लोगों ने कहा कि यहां पर रात्रि में भगवान श्री कृष्ण का जन्म उत्सव 12:00 बजे रात्रि में किया जाएगा और उसके बाद आरती, प्रसाद वितरण किया जायेगा.

## टीम ने प्लस पोलियो अभियान का किया निरीक्षण

**गावां (गिरिडीह)।** गिरिडीह में गठित टीम के द्वारा गावां प्रखंड में चल रहे प्लस पोलियो अभियान की जांच की गई. टीम में स्वास्थ्य विभाग के उप निदेशक डी पी सक्सेना, गिरिडीह डीपी रणधीर प्रसाद, एस के वाहिद अली मुख्य रुप से उपस्थित थे . टीम के सदस्यों ने प्रखंड में चल रहे प्लस पोलियो की जांच की व संतोष व्यक्त किया. डीपी शकसेना ने कहा कि राष्ट्रीय प्लस पोलियो अभियान की सफलता के लिए गिरिडीह जिले में उन्हें जांच की जिम्मेवारी सौपी गई है. इस क्रम में वे सभी प्रखंडों में जाकर प्लस पोलियो का अपडेट्स ले रहे हैं. गावां प्रखण्ड में कुल 27429 बच्चों को पोलियो का ड्राप पिलाया जाना है. पहले दिन 25 अगस्त को कुल 2470 बच्चों को ड्राप पिलाया जा चुका है. शेष दो दिनों में घर-घर जाकर लक्ष्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया है. टीम के द्वारा स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया.

## इस्पात सचिव से एनजेसीएस में सुधार करने की मांग

**बोकारो।** बीएसएल अनाधिशासी कर्मचारी संघ ने इस्पात सचिव को पुनः पत्र भेजकर एनजेसीएस की कार्यप्रणाली में सुधार कराने का मांग किया है. संघ ने कहा कि एनजेसीएस में गैर निर्वाचित नेताओं की काफी अधिक संख्या होने के कारण, वर्तमान में अधिकतर निर्णय कर्मचारियों के विरुद्ध हो रहे हैं. संघ ने कहा कि कर्मचारी विरोधी निर्णय तथा अधिकतर निर्णय में काफी विलंब होने का कारण, कर्मचारियों को काफी अधिक आर्थिक, मानसिक तथा समाजिक नुकसान हो रहा है. संघ ने एनजेसीएस में व्याप्त खामियों के संदर्भ में कई बिंदुओं को उठाया है, जिनमें एनजेसीएस को रजिस्टर्ड संस्था नहीं बनाना, एनजेसीएस में 80% यूनियन नेता गैर निर्वाचित होना, एनजेसीएस में सेल की सभी यूनिटों को जगह नहीं देना, एनजेसीएस मिटिंग का कैलेण्डर नहीं होना तथा मिटिंग से पहले एजेंडा नहीं देना शामिल हैं. संघ ने अपने पत्र में मांग किया है कि एनजेसीएस में केवल निर्वाचित नेताओं को ही सदस्य बनाया जाय. संघ के अध्यक्ष हरिओम ने कहा कि देश की संसद, राज्यों के विधानसभा, विधान परिषद, स्थानीय निकायों तक के सभी छोटे बड़े प्रतिनिधि निर्वाचित होते हैं, परंतु एनजेसीएस एक ऐसी संस्था है जिसके प्रतिनिधि 94, 90, 72 साल तक के हैं तथा आश्चर्यजनक रुप से कई प्रतिनिधि एक दशक से अपने पद पर हैं.

## फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर मिली बधाई

**बोकारो।** बोकारो में जनसंख्या समाधान फाउंडेशन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने झारखंड के प्रदेश महामंत्री भावेश सिंह को प्रदेश अध्यक्ष के रूप में नई जिम्मेवारी सौंपी है. इस पर बोकारो इकाई ने नव नियुक्त अध्यक्ष को अनंत शुभकामनाएं प्रेषित की हैं और विश्वास जताया है कि भावेश सिंह के नेतृत्व में झारखंड प्रदेश में संगठन मजबूत होगा. झारखंड अग्रिम राज्य बनकर पूरे देश को और भारत सरकार को जनसंख्या कानून बनाने में जनसांख्यिकी असंतुलन को उखाड़ फेंकने में, नागरिक चेतना और विभिन्न संगठनों जागृत करने में अहम भूमिका निभाएगी. बधाई देने वालों में जेएफसी के प्रदेश संयोजक सह राष्ट्रीय ससंयोजक कौशल राय, प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक जगनानी, प्रदेश मंत्री जीवधन मांझी, फाऊंडेशन महिला प्रदेश सचिव साध्वी झा, जिला संयोजक नीवर्तमान उप-मेयर चास अविनाश कुमार, जिला अध्यक्ष संजय कुमार मोदक, जिला महामंत्री विक्रम महतो, जिला उपाध्यक्ष गौरी शंकर सिंह, अंकज बनवार, जिला सचिव गोपाल शाह, करमचंद गोप, महादेव मरांडी आदि शामिल हैं.

# चोरी कांड का पुलिस ने किया उद्भेदन, पांच गिरफ्तार




**संवाददाता। गिरिडीह**

मुफस्सिल पुलिस ने 12 दिनों पूर्व बंद आवास में हुई चोरी मामले का उद्भेदन कर लिया है. मामले में पांच लोगों को हिरासत में लिया गया है. सोमवार को मुफस्सिल थाना में आयोजित पत्रकार वार्ता में थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो ने उक्त जानकारी दी.

उन्होंने बताया कि विगत 13 अगस्त को पापरवाताड़ स्थित लखविंदर सिंह के सीसीएल क्वार्टर से ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था. लखविंदर सिंह घर में ताला बंद कर सपरिवार पारिवारिक समारोह में शामिल होने शहर से बाहर गए थे. घर में रखे अलमीरा तोड़कर अज्ञात चोरों ने उसमें रखे जेवर, नगद, लैपटॉप, मोबाइल व पूजा घर से कई बर्तन की चोरी कर ली थी. मामले को लेकर मुफस्सिल थाना में अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा किया गया था. थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक दीपक शर्मा के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में टीम गठित कर सघन छापेमारी अभियान चलाया गया. गठित टीम में सीडीपीओ के अलावा मुफस्सिल थाना प्रभारी, पुलिस अवर निरीक्षक संजय कुमार, दीपेश कुमार, हवलदार मुस्तकीम अंसारी, आरक्षी नित्यानंद भोक्ता, आदित्य कुमार व सतेंद्र गोप शामिल थे. थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में आप्राथमिक अभियुक्त पचंबा निवासी बजरंगी दास, पिता मदन दास, बादल कुमार भुइयां, पिता चमरू भुइयां, महादेव तालाब निवासी दीपक ठठेरा, पिता बुद्धू ठठेरा, कोलडीहा निवासी दीपू साव, पिता खेलो साव तथा चोरी का सामान खरीदने वाले बड़ा चौक के प्रदीप स्वर्णकार, पिता स्वर्गीय संतोष स्वर्णकार को हिरासत में लिया गया है. अभियुक्त के पास से ओप्पो मोबाइल फोन, लैपटॉप, दो जोड़ा चांदी का कंगन, पांच सिंदूर डब्बा, एक जोड़ा पायल, एक जोड़ा बिछिया, पीतल की 7 मूर्ति तथा पूजा का बर्तन बरामद किया गया है.

## अवैध अभ्रक लदा दो ट्रक जब्त, तीन गिरफ्तार



**डुमरी (गिरिडीह)।** एसडीपीओ डुमरी के नेतृत्व में डुमरी एवं निमियाघाट पुलिस के द्वारा संयुक्त अभियान के क्रम में चेकिंग के दौरान जीटी रोड कुलगो टॉल प्लॉजा के पास रविवार को डोमचांच से कोलकाता ले जाया जा रहा अवैध अभ्रक (माईका) लदा दो ट्रक संख्या बीआर 02 एए 8785 और ट्रक संख्या जेएच 12 एम 8352 को पकड़ा गया. उक्त दोनों ट्रको में लदा अभ्रक (माईका) के संबंध में जिला खनन कार्यालय से विधिवत जांच कराया तो पाया गया कि उक्त ट्रक में अवैध तरीके से अभ्रक (माईका) को परिवहन किया जा रहा था. इस संबंध में खान निरीक्षक के द्वारा दिये गये प्रतिवेदन के आधार पर अवैध अभ्रक (माईका) लदा दोनों ट्रकों के चालक, मालिक, खलासी तथा अवैध अभ्रक (माईका) कारोबार में संलिप्त व्यक्ति के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कर हिरासत में लिये गए ट्रक संख्या बीआर 02एए 8785 के चालक सुनिल कुमार यादव (उम्र 32 वर्ष), पिता पुनीत यादव, ग्राम सिमरिया टोला, टालपर, थाना फतेहपुर, जिला गया (बिहार) एवं ट्रक संख्या जेएच 12एम 8352 के चालक राजू यादव (उम्र 44 वर्ष), पिता फागू यादव, ग्राम निमाडीह, थाना नवलशाही, जिला कोडरमा व खलासी दिलीप यादव (22 वर्ष), पिता उगन यादव, ग्राम निमाडीह, थाना नवलशाही, को गिरफ्तार कर सोमवार को गिरिडीह जेल भेज दिया गया.

## मोहर्रम के चालीसवें दिन चेहल्लुम धूमधाम से मना

**कथारा।** पेटरवार प्रखंड में मोहर्रम के 40वें दिन पर चेहल्लुम का आयोजन पूरे धूमधाम से किया गया. इस अवसर पर ताजिया जुलूस निकाला गया, जो कर्बला पहुंचकर संपन्न हुआ. जुलूस में युवाओं द्वारा "या हुसैन" की गूंज सुनाई दी, जिससे पूरे खेतको के मुस्लिम मोहल्लों में वातावरण गूंजायमान हो गया. कर्बला स्थल पर पहुंचने के बाद खिलाड़ियों ने इमाम हुसैन की याद में विभिन्न करतब दिखाए और लोगों ने सिरनी फातिहा करा कर कर्बला में अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की. सुरक्षा के मद्देनजर, पेटरवार पुलिस द्वारा चयनित स्थलों पर जवानों की तैनाती की गई थी.

## जन सुविधाओं की उपेक्षा के लिए सरकार जिम्मेवार : राजेश

**बेंगाबाद (गिरिडीह)।** बार-बार वोट देने के बावजूद जन समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है. इसके लिए सीधे तौर पर सरकार तथा जनप्रतिनिधि जिम्मेवार हैं. कई गांव आज तक पक्की सड़क की पहुंच तक से दूर और इलाके के लोग बुनियादी जरूरतों से वंचित हैं . ऐसे में लोग स्वयं को ठगा महसूस कर रहे हैं. उक्त बातें भाकपा माले नेता राजेश यादव ने बेंगाबाद प्रखंड के ताराजोरी पंचायत के मोहनडीह गांव के लोगों के साथ स्थानीय समस्याओं पर बातचीत के दौरान कही. श्री यादव ने कहा कि मोहनडीह गांव में बिजली का ट्रांसफार्मर कई माह से जला हुआ है लेकिन इसे बदला नहीं जा रहा है. गांव में पानी की समस्या भी गंभीर है. राशन, शिक्षा, स्वास्थ्य की बेहतर व्यवस्था का सवाल गंभीर है, लेकिन कोई नेता या प्रशासन इसका संज्ञान नहीं ले रहा. उन्होंने बिजली विभाग से तत्काल मोहनडीह गांव का ट्रांसफार्मर बदलने की मांग की, अन्यथा आंदोलन की चेतावनी दी.

## अष्टयाम पूजा के लिए रेडिमेड पट्टी में आम बैठक

**बोकारो।** दुन्दीबाद बाजार के रेडिमेड पट्टी में अष्टयाम पूजा कराने हेतु आम बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता शुकुल यादव ने किया. इस बैठक में हर साल के भांति इस साल भी अष्ठजाम 36 वां 48 घंटे का होगा. बैठक में अष्टयाम हरि नाम कीर्तन करवाने का निर्णय लिया गया जो 11 सितंबर से प्रारंभ होकर 13 सितंबर तक चलेगा. समापन के बाद दरिद्र नारायण भोजन एवं रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा. इस बैठक में सर्व समिति से पुनः फिर से अवधेश कुमार यादव को पूजा समिति का अध्यक्ष चुना गया. बैठक में कोषाध्यक्ष सर्वानंद सिंह, नंदलाल साव, राजेश चौरसिया, देव शंकर वर्मा, प्रहलाद प्रसाद वर्मा, तिलेश्वर यादव, सरदार तेजपाल सिंह, शिवमंगल साव, दिनेश यादव, ओमप्रकाश सोनकर, मनोज साव, लालू यादव, महेश सिंह, विनोद बिहारी, परशुराम प्रजापति, वकील यादव, अक्षय लाल साव, नंदू साव, परमेश्वर, कमल बरनवाल, जितेंद्र साव, हरे राम साव, सनी सिंह, सुरेश साव, हरे कृष्णा, कमोद प्रसाद, राजेंद्र साव, मोहम्मद नजरे आलम, मोहम्मद कल्लू, मोहम्मद गुलाम आदि शामिल थे.

## भगवती शरण चौबे की 45वीं पुण्यतिथि मनी

**कसमार (बोकारो)।** कसमार क्षेत्र के प्रसिद्ध शिक्षाविद स्व भगवती शरण चौबे की 45वीं पुण्यतिथि कसमार चौक स्थित काशीश्वर वाटिका में सोमवार को मनायी गयी. इस दौरान स्व चौबे की प्रतिमा पर मुख्य अतिथि गोमिया विधानसभा के पूर्व विधायक बबीता देवी समेत अन्य दर्जनों उपस्थित लोगों ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की. सभा की अध्यक्षता शिक्षाविद मुरारी कृष्ण चौबे ने की. मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते पूर्व विधायक बबीता देवी ने कहा कि भगवती शरण चौबे ने समाजसेवा और शिक्षा के क्षेत्र में जो उल्लेखनीय कार्य किया, कसमार के ग्रामीण हमेशा उन्हें याद रखें. उन्होंने अथक परिश्रम से कसमार जैसे पिछड़े क्षेत्र में शिक्षा का अलख जगाने का कार्य किया था. साथ ही लगातार कई दशक तक कसमार के मुखिया पद पर कार्य करते हुए क्षेत्र का विकास किया.

## 3 माह तक चलेगा सतर्कता जागरुकता अभियान

**कथारा (बोकारो)।** सीसीएल कथारा क्षेत्र के महाप्रबंधक संजय कुमार ने कार्यालय सभागार में सोमवार को सभी विभागाध्यक्षों के साथ बैठक की. बैठक में 15 नवंबर तक क्षेत्र में तीन महीने तक चलने वाले सतर्कता जागरुकता अभियान पर विचार-विमर्श किया गया. जीएम ने विभागाध्यक्षों के साथ अभियान के दौरान आयोजित होने वाली गतिविधियों की रूपरेखा तैयार करने पर चर्चा की. अभियान के नोडल अधिकारी चंदन कुमार ने गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी. चंदन कुमार ने बताया कि अभियान के तहत स्कूल व कॉलेज के विद्यार्थियों के बीच पोस्टर मेकिंग, निबंध लेखन, स्लोगन लेखन, क्विज व खेल प्रतियोगिताएं होंगी. इसके अलावा पौधरोपण, रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर, ग्राम सभा, नुक्कड़ नाटक व क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे.

### विधानसभा स्तरीय जीबी सम्मेलन आयोजित

## केंद्र सरकार हर मोर्चे पर विफल : विनोद

**संवाददाता। गावां (गिरिडीह)**

गावां प्रखंड स्थित माल्डा उच्च विद्यालय के मैदान में भाकपा माले के द्वारा विधानसभा स्तरीय जीबी कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया. मौके पर मुख्य रूप से बगोदर विधायक विनोद सिंह, पूर्व विधायक राजकुमार यादव, जिला सचिव जनार्दन प्रसाद, राज्य समिति सदस्य जयंती चौधरी उपस्थित थी. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विनोद सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार हर मोर्चे पर विफल है . देश में लगातार दुष्कर्म, हत्या जैसी घटनाएं घट रही है. लेकिन सरकार इस पर चुप्पी साधे हुए है.

क्षेत्र की सांसद अन्नपूर्णा देवी के केंद्रीय महिला बाल विकास मंत्री बनने के बाद भी महिलाएं असुरक्षित हैं. क्षेत्र के विधायक बाबुलाल मरांडी ने आज तक क्षेत्र के मुद्दों को विधानसभा में नही उठाया. राज्य सरकार अच्छा कार्य कर रही है व जनता के द्वारा चुनी हुई सरकार है. बावजूद सरकार को गिराने की साजिश लगातार की जा रही है. केंद्र सरकार ईडी, सीबीआई आदि के माध्यम से सरकार के लोगों को परेशान कर रही है. इसका जवाब जनता देगी.

पूर्व विधायक राजकुमार यादव ने कहा कि पिछले पांच वर्षों से इस क्षेत्र का विकास रूक सा गया है. अपने कार्यकाल में मैंने क्षेत्र में विकास के कई ऐतिहासिक कार्य किये . लेकिन वर्तमान में क्षेत्र का विकास नहीं के बराबर हो रहा है. अपने कार्यकाल में मैने पावर ग्रिड का निर्माण करवाया था. जो अबतक चालू नही हो पाया है. जब राज्य में भाजपा की सरकार थी जो पेंशन आदि के लिए भी बीपीएल सूची की मांग की जाती थी. लेकिन वर्तमान समय में इंडिया गठबंधन की सरकार सभी महिलाओं के खाते में पैसे डाल रही है. जो राज्य के लिए कृतिमान है. क्षेत्र का विकास भाकपा माले द्वारा ही हो सकता है. भाजपा के सांसद विधायक का क्षेत्र में दर्शन बहु दुलभ हो गया है. उन्होंने धनबाद में आयोजित 9 सितंबर को पार्टी के द्वारा आयोजित सम्मेलन में भाग लेने की अपील की. कहा कि सभी पंचायतों से कार्यकर्ता उस कार्यक्रम में भाग लें.

# चोरी की बाइक खरीद बिक्री करने का आरोपी गिरफ्तार, पांच बाइक बरामद



**संवाददाता। गोड्डा**

चोरी गए बाइक को खरीदने और फिर उसे बेचने का कारोबार करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. इसके निशानदेही पर चोरी के पांच बाइक को भी बरामद कर लिया गया. मामला गोड्डा जिला के बलबड्डा थाना का है. पुलिस को यह सूचना मिली कि थाना अंतर्गत ग्राम कुमरडोय में चोरी की बाइक का खरीद बिक्री की जाती है. इस सूचना का सत्यापन करने थाना प्रभारी राहुल कुमार चौबे के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गांव पहुंच कर मो कादिर के घर दस्तक दिया. दो बाइक एक टीवीएस कंपनी का जेएच 17 ए 6640 एवं दूसरा हीरो होंडा का डीलक्स मॉडल (काला रंग) को वहीं खड़ी पाया. गाड़ी का कागजात मांगे जाने पर कोई कागज नहीं दिखा पाया. सख्ती से पूछताछ करने पर बताया कि चोरी की गाड़ी है, जिसका कोई कागज नहीं है. पूछताछ में आगे बताया कि पहले भी चोरी की बाइक को बेच चुका है. पुलिस ने आरोपी कारोबारी मो कादिर (35), पिता गुलाम मुस्तफा, ग्राम कुमरडोय को हिरासत में लेकर इसके निशानदेही पर चोरी के बाद बिक्री किए गए तीन अन्य मोटरसाइकिल जो हीरो होंडा कंपनी के हैं उन्हें बरामद कर लिया गया. घटना को लेकर बलबड्डा थाना में कांड दर्ज करते हुए मो कादिर को न्यायालय में प्रस्तुत किया. बाद में कोर्ट के आदेश से आरोपी को जेल भेज दिया गया. घटना में शामिल अन्य आरोपियों को पकड़ने के लिए छापेमारी की जा रही है. पुलिस टीम में थाना प्रभारी के अलावा एएसआई शिव कुमार, रत्नेश ओझा, मनोज राम, रामानुज राय और अन्य शामिल थे.

**बोकारो विधानसभा** भाजपा झारखंड विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटी

# कई दावेदार हैं मैदान में, प्रदेश नेतृत्व कर रहा है मंथन

- शिवराज सिंह चौहान और हेमंत बिस्वा शर्मा को मिली जिम्मेदारी

**रजत नाथ। बोकारो**

भाजपा 24x7 काम करने वाली पार्टी है. लोकसभा चुनाव समाप्त होते ही भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने केन्द्रीय कृषी मंत्री व पूर्व मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और असम के मुख्यमंत्री, फायर ब्रांड नेता हेमंता बिस्वा शर्मा को क्रमशः झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए प्रभारी और सह प्रभारी की घोषणा कर यह दर्शा दिया कि आसन्न विधानसभा चुनाव में भाजपा झारखंड में डबल इंजन सरकार बनाने को लेकर संजीदा और कृत संल्पित हैं. दोनों का प्रवास झारखंड में हो रहा है और विधानसभा के संभावित प्रत्याशियों के संदर्भ में जिलेवार मंथन की जा रही है. चुनाव आयोग ने पिछले महीने दो राज्यों में चुनाव की घोषणा की, लेकिन




झारखंड चुनाव को होल्ड में रखा. ऐसा माना जा रहा है कि दिसंबर के आखिर सप्ताह में झारखंड विधानसभा चुनाव की घोषणा होगी.

झारखंड के सबसे बड़े विधानसभा बोकारो में इस बार स्थिति अलहदा है. यहां प्रत्याशी की चयन में कई पेंच हैं. वर्तमान विधायक बिरंची नारायण ओबीसी जाति से आते हैं. यह इनका दूसरा लगातार कार्यकाल है.

2014 के चुनाव में बिरंची नारायण ने दिग्गज नेता समरेश सिंह को 72,643 मतों से पराजित किया था. समरेश सिंह निर्दलीय चुनाव लड़े थे. 2019 में बिरंची नारायण को टिकट के लिए जद्दोजहद करनी पड़ी थी. दरअसल एक विडियो प्रकरण को लेकर उनका टिकट होल्ड पर चला गया था. अंतिम लिस्ट में उनके नाम की घोषणा हुई और वो मात्र 13,313 मतों से अपने निकटम प्रतिद्वंदी कांग्रेस की श्वेता सिंह को पीछे छोड़ने में कामयाब हुए.

लोकसभा चुनाव 2024 में धनबाद लोकसभा सीट से भाजपा ने बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो को प्रत्याशी बनाया और वो 3,31,383 वोट के अंतर से जीत हासिल की. वो ओबीसी जाति से आते हैं. जातिगत समीकरण को दुरुस्त करने की मंशा से पार्टी बोकारो विधानसभा में इस बार अगड़ी जाति के प्रत्याशी को विधान सभा में प्रमोट कर सकती है.

ज्ञात हो कि धनबाद के निवर्तमान सासद पीएन सिंह के टिकट कटने से पार्टी का एक धड़ा पार्टी से विमुख हो गया है. जिसका खामियाजा पार्टी को भुगतना भी पड़ा. वहीं सांसद ढुल्लू महतो का भी मंतव्य बोकारो विधानसभा प्रत्याशी की चयन में अहम होगी. चर्चा यह है कि शिवराज सिंह चौहान के चुनाव प्रभारी बनने से कुछ एक प्रत्याशियों को इसका लाभ मिलेगा. लेकिन राजनिति में कुछ भी स्थाई नहीं होता. प्रत्याशी के चयन में प्रदेश सहित शीर्ष नेतृत्व की भी मोहर लगती है और जीतने वाले घोड़े पर दांव लगाना हमेशा श्रेयकर होता है.

# दो दिवसीय डे नाइट फुटबॉल टूर्नामेंट में फतहा टीम विजयी

**संवाददाता। जमुआ (गिरिडीह)।**

जमुआ प्रखंड के तेतरआमों में दो दिवसीय डे नाइट फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन रविवार की देर शाम सम्पन्न हो गया. फाइनल में डॉक्टर टीम लबनाटांड़ का मुकाबला फतहा टीम से हुआ. जिसमें विजेता फतहा टीम और उप विजेता लबनाटांड़ रहा. फाइनल मुकाबले की शुरूआत राष्ट्रगान से की गई. प्रमुख प्रतिनिधि संजीत यादव, उप प्रमुख रब्बुल हसन रब्बानी ने बारी-बारी से बॉल को किक मारकर फाइनल मैच की शुरुआत की. मैच में सर्वप्रथम डॉक्टर टीम लबनाटांड़ ने फतहा को एक गोल किया. मुकाबले में फतहा टीम ने डॉक्टर टीम लबनाटांड़ को दो गोल देकर एक गोल से पराजित कर अपना जीत दर्ज किया.



पुरुस्कार वितरण समारोह को कांग्रेस नेत्री मंजू कुमारी, अनिल चौधरी, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष जुनैद आलम, अहमद रजा नूरी, राष्ट्रीय यादव सेना के प्रखंड अध्यक्ष ललन यादव, उप प्रमुख रबुल हसन रब्बानी ने ट्राफी देकर विजेता टीम को सम्मानित किया. इस दौरान कई लोगों ने संबोधित कर खेलाड़ियों का हौसला अफजाई किया. कमेंट्री पप्पू खान ने किया, जबकि संचालन सुधीर द्विवेदी ने किया.

कार्यक्रम में अख्तर, शहाबुद्दीन, सनाउल रहमान, अब्दुल मन्नान, सद्दाम बाबा, इरफान, खुर्शीद, हलीम, अनवर, दीवाना, तनवीर, मोजिम रिजवान, अरबाज राजा बाबू का सराहनीय योगदान रहा.

## हकीकत की तलाश में

आखिर आर्थिक क्षेत्र में स्पष्ट नजरिया क्यों नहीं दिख रहा है. यह सवाल देश के जानेमाने कई अर्थशास्त्रियों ने पूछा है. इस बीच वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने ई-कॉमर्स कंपनियों पर सीधा निशाना साधा. अब तक केंद्र सरकार ई कॉमर्स को बढ़ावा देने वाली नीतियों की बात करती रही है. ई कॉमर्स देश के करोड़ों खुदरा कारोबारियों की बढ़ती मुसीबत का कारण बताया. उन्होंने कहाः ई-कॉमर्स की भारत में बेरोक वृद्धि से "बड़े पैमाने पर सामाजिक अस्त-व्यस्तता" पैदा हो सकती है, जिसका असर दस करोड़ छोटे व्यापारियों पर पड़ेगा. गोयल एक संस्था की रिपोर्ट जारी होने के मौके पर बोल रहे थे. रिपोर्ट 'भारत में रोजगार एवं उपभोक्ता कल्याण पर ई-कॉमर्स का संपूर्ण प्रभाव' शीर्षक से जारी हुई है. गोयल ने अमेजन कंपनी का नाम लेकर उस पर निशाना साधा. उनकी टिप्पणी गौरतलब हैः 'कीमत तय करने का लुटेरा चलन क्या देश के हित में है? अमेजन जब कहती है कि वह अरबों डॉलर का निवेश करेगी तो हम सब खुशी मनाते हैं. लेकिन हम अंदरूनी कहानी भूल जाते हैं कि ये अरबों डॉलर किसी बड़ी सेवा या भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए सहायक किसी बड़े निवेश के रूप में नहीं आ रहे हैं. ये रकम कंपनी अपना घाटा पाटने के लिए ला रही है. लेकिन अरबों डॉलर का घाटा हुआ ही क्यों?' गोयल का तात्पर्य है कि इन कंपनियों को घाटा छोटे कारोबारियों को व्यापार से बाहर करने के लिए चीजें सस्ती दरों पर बेचने के कारण हुआ. उसे पाटने के लिए अरबों डॉलर लाए गए. यह नहीं कहा जा सकता कि गोयल की बातें बेबुनियाद हैं. मगर सवाल यह उठेगा कि नरेंद्र मोदी सरकार की नीति क्या है? क्या उसकी नीतियों ने हर तरह के विदेशी निवेश को प्रोत्साहित नहीं किया है? और क्या उसका ही यह परिणाम नहीं है कि देश में विदेशी ई-कॉमर्स कंपनियों का पूरा वर्चस्व बन गया है. वैसे क्या यह भी एक सच नहीं है कि केंद्र की ही नीतियों या कार्य-प्रणाली से तंग आकर अनेक कंपनियां बाहर चली गई हैं. दूसरी ओर विश्व बैंक ने भारत को माकूल चेतावनी दी है. कहा है कि 100 से अधिक देशों को उच्च-आय वाला देश बनने की राह में गंभीर बाधाओं से रू-ब-रू होना पड़ सकता है. इनमें भारत भी है. बैंक ने ऐसे देशों को 'मध्यम-आय के जाल' से बचने की सलाह दी है. "वर्ल्ड डेवलपमेंट रिपोर्ट 2024ः द मिडल इनकम ट्रैप" में कहा गया है कि जब देश अमीर होते हैं, तो एक हद पर आकर उनकी प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि ठहर जाती है. ऐसा कुछ ठोस वजहों और कुछ नीतिगत अस्थिरता के कारण होता है. बैंक ने ध्यान दिलाया है कि 1990 के बाद से केवल 34 मध्य आय वाले देश ही उच्च-आय वाले देशों की श्रेणी में जा सके. इनमें से एक तिहाई से अधिक देश वे हैं, जो यूरोपीय संघ में शामिल हुए या फिर वे देश हैं, जहां तेल के भंडार मिले. विश्व बैंक के मुताबिक भारत को इस तजुर्बे से सीख लेनी चाहिए. भारत अपने आर्थिक विकास के महत्त्वपूर्ण मोड़ पर खड़ा है. भारत दुनिया की सबसे गतिशील अर्थव्यवस्थाओं में से एक है. मगर भारत को कई चुनौतियों का सामना भी करना पड़ रहा है.

> दूसरी ओर विश्व बैंक ने भारत को माकूल चेतावनी दी है. कहा है कि 100 से अधिक देशों को उच्च-आय वाला देश बनने की राह में गंभीर बाधाओं से रू-ब-रू होना पड़ सकता है. इनमें भारत भी है.

### सुभाषित

**अनेक शास्त्रं बहु वेदितव्यम् अल्पश्च कालो बहवश्च विघ्नाः ।**
**यत् सारभूतं तदुपासितव्यं हंसो यथा क्षीरमिवाम्भुमध्यात् ।।**

पढने के लिए बहुत शास्त्र हैं और ज्ञान अपरिमित है. अपने पास समय की कमी है और बाधाएं बहुत है. जैसे हंस पानी में से दूध निकाल लेता है उसी तरह उन शास्त्रों का सार समझ लेना चाहिए.

# दलित आदिवासी आरक्षण और क्रीमी लेयर

**न्यायालय ने इस तर्क को स्पष्ट रूप से खारिज कर दिया कि संविधान का अनुच्छेद 341 किसी भी उप-वर्गीकरण की अनुमति नहीं देता है. न्यायालय इस तर्क से भी असहमत था कि अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षण के मामलों में राज्यों का कोई अधिकार क्षेत्र नहीं है और केवल संसद के पास ही यह अधिकार है और इसलिए उप-वर्गीकरण का मुद्दा पूरी तरह से संसद के अधिकार क्षेत्र में आता है.**



• देश-काल



बी.वी.राघवुलु

हाल ही में सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने एक बार फिर अनुसूचित जातियों के उप-वर्गीकरण के मुद्दे पर बहस छेड़ दी है. बहुमत के फैसले से सुप्रीम कोर्ट ने माना कि अनुसूचित जातियों का वर्गीकरण संवैधानिक है और राज्यों को इस मुद्दे पर स्पष्ट दिशा-निर्देशों के आधार पर निर्णय लेने का अधिकार है. इस बहुमत की राय से केवल एक न्यायाधीश असहमत थे. न्यायालय ने वर्गीकरण करने का निर्णय राज्यों के विवेक पर छोड़ दिया है. हालांकि पीठ के समक्ष मामला मुख्य रूप से राज्यों से संबंधित था, लेकिन फैसले की भावना केंद्र पर भी लागू होती है. चार न्यायाधीशों ने अपने फैसले के हिस्से के रूप में 'क्रीमी लेयर' का मुद्दा भी उठाया और अनुसूचित जातियों के लिए इसे लागू करने के पक्ष में अपनी राय व्यक्त की. इस पहलू पर, मुख्य न्यायाधीश और एक अन्य न्यायाधीश ने कोई टिप्पणी नहीं करने का फैसला किया. सीपीआई (एम) ने उप-वर्गीकरण पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का समर्थन किया, जबकि क्रीमी लेयर पर चार न्यायाधीशों की राय के प्रति अपना विरोध दोहराया. अतीत में, जब पंजाब, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु की राज्य सरकारों ने अनुसूचित जातियों के बीच विभिन्न उप-जातियों को उप-वर्गीकृत करने का फैसला किया, तो सीपीआई (एम) ने प्रत्येक राज्य की विशिष्ट स्थितियों को ध्यान में रखते हुए वर्गीकरण की मांग का समर्थन किया. हालांकि, तमिलनाडु को छोड़कर, मुकदमेबाजी के कारण ये फैसले लागू नहीं हो सके. 2005 में, सुप्रीम कोर्ट ने आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा वर्गीकरण को चुनौती देने वाली विभिन्न याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए माना कि वर्गीकरण असंवैधानिक था. इसके बाद, इस फैसले को कई याचिकाओं के माध्यम से चुनौती दी गई, जिन्हें सुप्रीम कोर्ट की सात सदस्यीय संविधान पीठ ने एक साथ सुना, जिसने 1 अगस्त, 2024 को अपना फैसला सुनाया. अब, इतने विवाद और मुकदमेबाजी के बाद, यह आशा की जा सकती है कि कम से कम फिलहाल, अनुसूचित जातियों के उप-वर्गीकरण पर सर्वोच्च न्यायालय के स्पष्ट फैसले ने इस लंबे समय से लंबित मुद्दे के सभी संवैधानिक और कानूनी पहलुओं को सुलझा दिया है.

आइये अब हम उप-वर्गीकरण से संबंधित कुछ प्रासंगिक मुद्दों पर विचार करें, जिन पर बहस चल रही है. न्यायालय ने इस तर्क को स्पष्ट रूप से खारिज कर दिया कि संविधान का अनुच्छेद 341 किसी भी उप-वर्गीकरण की अनुमति नहीं देता है. न्यायालय इस तर्क से भी असहमत था कि अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षण के मामलों में राज्यों का कोई अधिकार क्षेत्र नहीं है और केवल संसद के पास ही यह अधिकार है और इसलिए उप-वर्गीकरण का मुद्दा पूरी तरह से संसद के अधिकार क्षेत्र में आता है. इन आपत्तियों को खारिज करते हुए न्यायालय ने यह स्पष्ट किया कि संविधान राज्यों को उचित दिशा-निर्देशों के आधार पर उप-वर्गीकरण करने से नहीं रोकता है, यदि वे ऐसा करना चाहते हैं. हम देख सकते हैं कि उप-वर्गीकरण के संबंध में संसद और राज्यों के अधिकार क्षेत्र का मुद्दा मुख्य मुद्दा नहीं है. यदि सिद्धांत रूप में उप-वर्गीकरण न्यायोचित है, तो उप-वर्गीकरण आरंभ करने में संसद और राज्यों की शक्तियां एक व्यावहारिक प्रश्न बन जाती हैं, जिसका समाधान आसानी से किया जा सकता है. न्यायालय ने उप-वर्गीकरण के सिद्धांत को उचित ठहराते हुए कहा कि इससे मौलिक समानता प्राप्त करने के संवैधानिक लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद मिलेगी. न्यायालय ने यह तर्क खारिज कर दिया कि अनुसूचित जाति (एससी) एक समरूप समूह है जिसे विभाजित नहीं किया जा सकता. न्यायालय ने बताया कि, हालांकि एससी की विभिन्न उपजातियां समान रूप से अस्पृश्यता की प्रथा के अधीन हैं, लेकिन उनके सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक स्तरों में उनके बीच महत्वपूर्ण असमानताएं हैं. समूह के भीतर विविधता के इस पहलू को ध्यान में रखते हुए, सर्वोच्च न्यायालय ने उप-वर्गीकरण को एससी के बीच आंतरिक समानता प्राप्त करने के साधन के रूप में देखा. न्यायालय द्वारा मौलिक समानता पर यह जोर निर्णय का एक स्वागत योग्य पहलू है. सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ कुछ आपत्तियां उठाई गई हैं. उनमें से एक का आरोप है कि कोर्ट ने उचित या पर्याप्त जानकारी या डेटा के बिना अपना फैसला सुनाया. यह आपत्ति निराधार है. राज्य सरकारों द्वारा नियुक्त कई आयोगों की प्रकाशित रिपोर्टें, जो सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध हैं, अनुसूचित जातियों की उपजातियों के बीच विकास के असमान स्तरों को स्पष्ट रूप से उजागर करती हैं. इसके अलावा, 2011 की आम जनगणना के एससी की उपजातियों से संबंधित डेटा स्पष्ट रूप से बहुत व्यापक स्तर पर इसका समर्थन करते हैं.

कुछ लोग तर्क देते हैं कि हालांकि एससी के भीतर उप-जातियों के बीच विकास के असमान स्तर हैं, उप-वर्गीकरण इस असमानता को दूर करने का आदर्श साधन नहीं है. इसके बजाय, वे एससी के भीतर पिछड़े वर्गों का समर्थन करने के लिए राज्य द्वारा विशेष उपायों की वकालत करते हैं, ताकि वे उन लोगों के साथ प्रतिस्पर्धा कर सकें, जो अपेक्षाकृत अधिक उन्नत हैं. जबकि एससी के बीच पिछड़े वर्गों को विशेष सहायता प्रदान करने का सुझाव आपत्तिजनक नहीं है, यह उपाय उप-वर्गीकरण का विकल्प नहीं हो सकता है. पिछड़े वर्गों को सहायता प्रदान करना, सबसे अच्छा, वर्गीकरण का पूरक हो सकता है, लेकिन इसका विकल्प नहीं हो सकता. यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि आरक्षण संविधान द्वारा प्रदान किया गया अधिकार है और यदि उप-वर्गीकरण लागू किया जाता है तो यह एक अधिकार बना रहता है. हालांकि, भले ही राज्य एससी के पिछड़े वर्गों का समर्थन करने के लिए प्रशंसनीय उपाय अपनाता है, उप-वर्गीकरण के खिलाफ एक और महत्वपूर्ण तर्क यह है कि यह आरक्षण की अवधारणा को तैयार करने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले बुनियादी मानदंडों को कमजोर करता है. इस दृष्टिकोण के अनुसार, अस्पृश्यता की प्रथा, जिसे आरक्षण तय करने में मौलिक होना चाहिए, पिछड़ेपन, पर्याप्त प्रतिनिधित्व आदि जैसी अन्य असंबंधित अवधारणाओं को पेश करके अदालत द्वारा कमजोर किया जाता है, जो इसलिए आपत्तिजनक है. यह तर्क किसी भी उचित आधार पर खड़ा नहीं होता है.

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

### • बोधि-वृक्ष

सुज्ञ



## क्षमा कायरता नहीं

क्षमा में लेश मात्र भी कायरता नहीं है. सहिष्णुता, समता, सहनशीलता, मैत्रीभाव व उदारता जैसे सामर्थ्य युक्त गुण, पुरुषार्थ हीन या अधैर्यवान लोगों में उत्पन्न नहीं हो सकते. निश्चित ही इन गुणों को पाने में अक्षम लोग ही प्रायः क्षमा को कायरता बताने का प्रयास करते है. यह अधीरों का, कठिन पुरुषार्थ से बचने का उपक्रम होता है. जबकि क्षमा व्यक्तित्व में तेजस्विता उत्पन्न करती है. वस्तुतः आत्मा के मूल स्वभाव क्षमा पर छाये हुए क्रोध के आवरण को अनावृत्त करने के लिए, दृढ़ पुरुषार्थ, वीरता, निर्भयता, साहस, उदारता और दृढ मनोबल चाहिए, इसीलिए "क्षमा वीरस्य भूषणम्" कहा जाता है. दान करने के लिए धन खर्चना पडता है, तप करने के लिए काया को कष्ट देना पडता है, ज्ञान पाने के लिए बुद्धि को कसना पडता है. किंतु क्षमा करने के लिए न धन-खर्च, न काय-कष्ट, न बुद्धि-श्रम लगता है. फिर भी क्षमा जैसे कठिन पुरुषार्थ युक्त गुण का आरोहण हो जाता है. क्षमा ही दुखों से मुक्ति का द्वार है. क्षमा मन की कुंठित गांठों को खोलती है. और दया, सहिष्णुता, उदारता, संयम व संतोष की प्रवृतियों को विकसित करती है. क्षमापना से निम्न गुणों की प्राप्ति होती है- चित्त में आह्लाद- मन वचन काय के योग से किए गए अपराधों की क्षमा माँगने से मन और आत्मा का बोझ हल्का हो जाता है. क्योंकि क्षमायाचना करना उदात्त भाव है. क्षमायाचक अपराध बोध से मुक्त हो जाता है परिणाम स्वरूप उसका चित्त प्रफुल्ल हो जाता है. मैत्रीभाव-क्षमापना में चित्त की निर्मलता ही आधारभूत है. क्षमायाचना से वैरभाव समाप्त होकर मैत्री भाव का उदय होता है. "आत्मवत् सर्वभूतेषु" का सद्भाव ही मैत्रीभाव की आधारभूमि है. भावविशुद्धि- क्षमापना से विपरित भाव- क्रोध,वैर, कटुता, ईर्ष्या आदि समाप्त होते है और शुद्ध भाव सहिष्णुता, तितिक्षा, आत्मसंतोष, उदारता, करूणा, स्नेह, दया आदि उद्भूत होते है. क्रोध का वैकारिक विभाव हटते ही क्षमा का शुद्ध भाव अस्तित्व में आ जाता है. निर्भयता-क्रोध, बैर, ईर्ष्या और प्रतिशोध में जीते हुए व्यक्ति भयग्रस्त ही रहता है. किंतु क्रोध निग्रह के बाद सहिष्णुता और क्षमाशीलता से व्यक्ति निर्भय हो जाता है. स्वयं तो अभय होता ही है साथ ही अपने सम्पर्क में आने वाले समस्त सत्व भूत प्राणियों और लोगों को अभय प्रदान करता है. द्विपक्षीय शुभ आत्म परिणाम-क्रोध शमन और क्षमाभाव के संधान से द्विपक्षीय शुभ आत्मपरिणाम होते है. क्षमा से सामने वाला व्यक्ति भी निर्वेरता प्राप्त कर मैत्रीभाव का अनुभव करता है. प्रतिक्रिया में स्वयं भी क्षमा प्रदान कर हल्का महसूस करते हुए निर्भय महसूस करता है.

# कड़े कानून के साथ सोच बदलने की जरूरत

• कानून

**विश्वनाथ सचदेव**

कोलकाता के एक अस्पताल में हुए जघन्य कांड की गुत्थी अभी सुलझी नहीं है. पश्चिम बंगाल की पुलिस को अक्षम ठहराकर मामला सीबीआई को सौंप दिया गया है. उच्चतम न्यायालय ने भी मामले की गंभीरता को देखते हुए स्वतः संज्ञान लिया है. उधर देशभर के डॉक्टरों का विरोध-प्रदर्शन जारी है. वे सुरक्षा की गारंटी मांग रहे हैं. इस मांग के औचित्य पर किसी को संदेह नहीं होना चाहिए, लेकिन जिस तरह सारे मामले को राजनीति का हथियार बनाया जा रहा है, उसे देखते हुए न्याय की मांग करने वालों के इरादे पर संदेह व्यक्त किया जा रहा है. निस्संदेह मामला बहुत गंभीर है और बलात्कार का यह मुद्दा कानून-व्यवस्था के लिए जिम्मेदार एजेंसियों की अक्षमता को भी उजागर करने वाला है. उम्मीद ही की जा सकती है कि अपराधी शीघ्र ही पकड़े जाएंगे और मरीजों को अस्पतालों में समुचित चिकित्सा मिलेगी, डॉक्टर को बिना डरे अपना काम करने का माहौल मिलेगा. मरीजों और डॉक्टरों के प्रति हमारी व्यवस्था को कम से कम इतना तो करना ही चाहिए. इस मामले में न्याय मांगने वाले अपराधी या अपराधियों को कड़े से कड़ा दंड, फांसी, दिये जाने की मांग कर रहे हैं. निश्चित रूप से अपराधी को ऐसा दंड मिलना ही चाहिए जो शेष समाज को यह चेतावनी देने वाला हो कि किसी भी सभ्य समाज में ऐसी नृशंसता को स्वीकार नहीं किया जा सकता. लेकिन यहां इस बात को भी स्वीकार किया जाना चाहिए कि कड़ी से कड़ी सजा का एक परिणाम यह भी निकल रहा है कि अपराधी सबूत को मिटाने के चक्कर में बलात्कार के बाद हत्या का मार्ग अपना रहे हैं. दिल्ली की 'निर्भया' से लेकर कोलकाता की 'निर्भया' तक की यह श्रृंखला यही बता रही है कि मनुष्यता के खिलाफ किए जाने वाले इस अपराध-बलात्कार के दोषी सिर्फ कड़े कानूनों से नहीं डर रहे हैं. जिस दिन कोलकाता के एक अस्पताल में यह जघन्य कांड हुआ, उसके बाद उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड जैसे देश के अन्य हिस्सों में भी बलात्कार-हत्या की घटनाएं सामने आने लगीं. यह स्थिति निश्चित रूप से भयावह है. स्पष्ट दिख रहा है कि अपराधियों को कानून-व्यवस्था का डर नहीं रहा, कहीं न कहीं उन्हें लग रहा है कि कानून उनकी मनमानी को रोकने में सक्षम नहीं है. स्थिति की गंभीरता और भयावहता को कुछ आंकड़े उजागर कर सकते हैं.नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो (एनसीआरबी) की गणना के अनुसार हमारे देश में महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों में बलात्कार चौथा सबसे गंभीर अपराध है. प्राप्त आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 2021 में देश में बलात्कार के 31,677 मामले दर्ज हुए थे, अर्थात् रोज 86 मामले यानी हर घंटे चार. ज्ञातव्य है कि इसके पहले के दो वर्षों में यह संख्या कम थी– सन् 2020 में 28,046 मामले और सन् 2019 में 32,033 मामले. यह आंकड़े तो उन अपराधों के हैं, जो थानों में दर्ज हुए. हकीकत यह है कि आज हमारे देश में कम से कम इतने ही मामले थानों में दर्ज नहीं होते! यह मानकर कि अपराधियों को सज़ा नहीं मिलेगी, पीड़ित पक्ष 'पुलिस के चक्कर' में पड़ते ही नहीं. साथ ही बलात्कार की शिकार महिलाएं और उनके परिवार वाले समाज के 'डर' से भी पुलिस के पास जाने में हिचकिचाते हैं. बलात्कार स्त्री पर किया गया जघन्य अपराध है, लेकिन हमारे यहां बलात्कार की शिकार महिलाओं को ही संदेह और नीची दृष्टि से देखा जाता है! आज मुख्य सवाल इस दृष्टि के बदलने का है. और यह काम सिर्फ कड़े कानून से नहीं होगा. बलात्कार करने वाले को कड़ी से कड़ी सज़ा मिले, यह सब चाहते हैं, लेकिन यह बात कोई नहीं समझना चाहता कि आवश्यकता उस दृष्टि को बदलने की है जो महिला को एक वस्तु मात्र समझती है. अपराधी यह दृष्टि भी है. सज़ा इसे भी मिलनी चाहिए– इस दृष्टि को बदलने की ईमानदार कोशिश होनी चाहिए. बलात्कार की समस्या किसी एक राज्य तक सीमित नहीं है. कोलकाता में तो बलात्कार के सबसे कम मामले दर्ज होते हैं. इस संदर्भ में राजस्थान का नाम सबसे पहले आता है. इसके बाद मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश का नंबर आता है. ताज़ा उदाहरण यह भी बताता है कि कोलकाता के इस कांड के दूसरे-तीसरे दिन ही उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में भी कुछ ऐसी ही घटनाएं घटीं. इस बारे में हमारे राजनीतिक दलों ने जिस तरह का रवैया अपनाया है उसे किसी भी दृष्टि से उचित नहीं कहा जा सकता.

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

> निश्चित रूप से अपराधी को ऐसा दंड मिलना ही चाहिए जो शेष समाज को यह चेतावनी देने वाला हो कि किसी भी सभ्य समाज में ऐसी नृशंसता को स्वीकार नहीं किया जा सकता. लेकिन यहां इस बात को भी स्वीकार किया जाना चाहिए कि कड़ी से कड़ी सजा का एक परिणाम यह भी निकल रहा है कि अपराधी सबूत को मिटाने के चक्कर में बलात्कार के बाद हत्या का मार्ग अपना रहे हैं.

# डब्लूएचओ ने दुनिया को किया सावधान

• स्वास्थ्य

**डॉ. काकली हलदर**

कोरोना महामारी खत्म होने से पहले दुनिया पर मंकीपॉक्स नाम की एक और बीमारी ने हमला बोल दिया है. मंकीपॉक्स (एमपॉक्स) नामक वायरस के कारण होता है, जो अत्यधिक संक्रामक होता है. चेचक (1980 में उन्मूलन घोषित) और मंकीपॉक्स वायरस समजात हैं और चिकनपॉक्स से अलग हैं. हालांकि, चिकनपॉक्स और मंकीपॉक्स के लक्षण और उपचार के तरीके बहुत समान हैं. हालांकि एम्पॉक्स मुख्य रूप से एक पशु रोग है, लेकिन 2022 से यह मनुष्यों के बीच व्यापक रूप से फैलना शुरू हो गया है.यह बीमारी साल की शुरुआत से ही सेंट्रल अफ्रीकन रिपब्लिक ऑफ कांगो, बुरुंडी, रवांडा, युगांडा, केन्या में मौजूद है, लेकिन पिछले कुछ महीनों में यह कई यूरोपीय देशों में फैल गई है. इस बार एशिया में भी एम्पॉक्स वायरस से संक्रमित मरीज की पहचान हुई है. विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने वायरस संक्रमण की संख्या में अचानक और चिंताजनक वृद्धि के कारण 14 अगस्त 2024 को वैश्विक आपातकाल घोषित कर दिया. इससे पहले 2022 में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने पहली बार मंकीपॉक्स को लेकर चेतावनी जारी की थी. आंकड़ों के मुताबिक, जनवरी से जुलाई 2024 तक करीब 14,000 लोग इस वायरस से संक्रमित हुए और करीब 530 लोगों की मौत हो गई. 2023 की तुलना में 2024 में एम्पॉक्स वायरस के मामलों की दर में 160 प्रतिशत की वृद्धि हुई और मृत्यु दर में लगभग 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई. विभिन्न जोखिम कारकों (कम प्रतिरक्षा, दीर्घकालिक बीमारी, बुजुर्ग और बच्चे, आदि) के आधार पर मंकीपॉक्स से मृत्यु दर 1-10 प्रतिशत हो सकती है. मंकीपॉक्स नाम के बावजूद, एम्पॉक्स वायरस चूहों, गिलहरियों, बंदरों, जंगली कुत्तों, साही और खरगोशों के शरीर से फैल सकता है, लेकिन सबसे पहले ये वायरस बंदर के शरीर में पाया जाता है.लक्षण आमतौर पर पॉक्स वायरस से संक्रमण के 3 से 21 दिन बाद शुरू होते हैं और आमतौर पर 2 से 4 सप्ताह तक रहते हैं. हालांकि, बुजुर्गों, बच्चों, कैंसर या एड्स के रोगियों और कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोगों में लक्षण लंबे समय तक रहते हैं और अधिक गंभीर हो सकते हैं. इस बीमारी के लक्षण आमतौर पर बुखार, गले में खराश, सिरदर्द, मांसपेशियों में दर्द से शुरू होते हैं. इसके बाद लिम्फ नोड्स में सूजन, कमजोरी, छींक आना और त्वचा पर पानी जैसे छाले होने लगते हैं. छाले सूख जाते हैं और पपड़ी या परत बन जाती है जो धीरे-धीरे सूखकर गिर जाती है. हालांकि, यदि एमपॉक्स वायरस से संक्रमित व्यक्ति की प्रतिरक्षा प्रणाली उच्च है या वह कम संख्या में रोगाणुओं से संक्रमित है, तो वह कई मामलों में स्पर्शोन्मुख रह सकता है. रोग के लक्षण फफोले से भी शुरू हो सकते हैं जो शुरू में चपटे और लाल होते हैं, लेकिन धीरे-धीरे पानी जैसे हो जाते हैं. ऐसे छाले हथेलियों, तलवों, हाथों, पैरों, छाती, चेहरे, लिंग, अंडकोष, कमर, योनि के किनारे और गुदा पर अधिक आम हैं. छाले दर्दनाक और खुजलीदार होते हैं. साफ़-सफ़ाई और उचित उपचार की कमी से इन छालों में द्वितीयक जीवाणु संक्रमण हो सकता है. यदि ऐसे लक्षण दिखाई देते हैं तो रोगी को घाव सूखने तक एक अलग कमरे या अस्पताल के अलगाव केंद्र में रखा जाना चाहिए, ताकि कोई और संक्रमित न हो. चूंकि हमारे देश में अभी तक इस बीमारी का कोई मरीज नहीं मिला है, इसलिए ऐसे लक्षणों वाले किसी भी मरीज की सूचना तुरंत अधिकारियों को दी जानी चाहिए. इस बीमारी के लिए कोई विशिष्ट एंटीवायरल दवा नहीं है. लक्षणों के अनुसार इलाज, संतुलित पोषण आहार और स्वच्छता से मरीज आमतौर पर जल्दी ठीक हो जाते हैं. किसी पंजीकृत चिकित्सक की सलाह पर बुखार, गले में खराश, सिरदर्द और मांसपेशियों में दर्द को कम करने के लिए दवाएं ली जा सकती हैं. यदि बीमारी अधिक गंभीर है और जटिलताओं से बचने के लिए कभी-कभी एंटीवायरल (टेकोविरिमेट, सिडोफोविर) और एंटीबायोटिक दवाओं की भी सिफारिश की जाती है.कुछ देशों में जहां संक्रमण दर अधिक है और उच्च जोखिम वाले लोग हैं, वहां चेचक के टीके की सिफारिश की जाती है. इसके अलावा जो लोग पहले से ही किसी संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में रहे हैं, लेकिन उनमें बीमारी के लक्षण नहीं दिखे हैं, उन्हें भी टीका लगाया जा सकता है. यह टीका चेचक से 85 प्रतिशत सुरक्षा प्रदान करने में सक्षम है.

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

> मंकीपॉक्स नाम के बावजूद, एम्पॉक्स वायरस चूहों, गिलहरियों, बंदरों, जंगली कुत्तों, साही और खरगोशों के शरीर से फैल सकता है, लेकिन सबसे पहले ये वायरस बंदर के शरीर में पाया जाता है.लक्षण आमतौर पर पॉक्स वायरस से संक्रमण के 3 से 21 दिन बाद शुरू होते हैं और आमतौर पर 2 से 4 सप्ताह तक रहते हैं.

### मीडिया में अन्यत्र

## खाद्य मुद्रास्फीति बनाम मौद्रिक नीति



**इस** समय लगातार उच्च खाद्य मुद्रास्फीति और मौद्रिक नीति पर इसके असर को लेकर एक दिलचस्प और जीवंत बहस चल रही है. हालांकि यह विषय नया नहीं है और मुद्रास्फीति को लक्षित करने की लचीली व्यवस्था को अपनाए जाने के समय से ही यह बहस का विषय रही है, लेकिन आर्थिक समीक्षा में की गई टिप्पणियों ने एक तरह से इसे नए सिरे से उभार दिया. आर्थिक समीक्षा में कहा गया कि भारत में मुद्रास्फीति को लक्षित करने के ढांचे में इस बात पर भी विचार होना चाहिए कि मुद्रास्फीति को बिना खाद्य कीमतों के लक्ष्य बनाया जाए.वित्त मंत्रालय के अर्थशास्त्र के जानकारों का कहना है कि उच्च खाद्य कीमतें अक्सर आपूर्ति क्षेत्र की दिक्कतों की वजह से होती हैं, न कि मांग क्षेत्र की. अल्पावधि को ध्यान में रखने वाले नीतिगत उपाय अतिरिक्त समेकित मांग से उत्पन्न होने वाले मूल्य दबाव को सीमित करने के लिए होते हैं. रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने अपने पिछले मौद्रिक नीति संबंधी वक्तव्यों और बाद में सार्वजनिक चर्चाओं में केंद्रीय बैंक की स्थिति स्पष्ट कर दी.पहली बात, रिजर्व बैंक को उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति के चार फीसदी का लक्ष्य दिया गया है और खाद्य कीमतें इसमें 46 फीसदी हिस्सेदारी रखती हैं इसलिए उनकी अनदेखी संभव नहीं. दूसरा ऊंची खाद्य मुद्रास्फीति दर आम पारिवारिक मुद्रास्फीति संबंधी अनुमानों को प्रभावित करती है जिसका वास्तविक मुद्रास्फीति संबंधी नतीजों के भविष्य पर असर पड़ सकता है.रिजर्व बैंक के ताजा मासिक बुलेटिन में एक विश्लेषणात्मक अध्याय भी इस विषय पर है. डिप्टी गवर्नर माइकल देवव्रत पात्र एवं अन्य के शोध आलेख में हालांकि केंद्रीय बैंक का आधिकारिक नजरिया नहीं है, लेकिन यह बताता है कि आखिर क्यों केंद्रीय बैंक समग्र मुद्रास्फीति प्रबंधन में खाद्य पदार्थों की अनदेखी नहीं कर सकता है.जून 2020 से जून 2024 के बीच औसत खाद्य मुद्रास्फीति इससे पहले के चार सालों के 2.9 फीसदी के स्तर से काफी अधिक थी. इस इजाफे को मोटे तौर पर एक ही समय में लगे कई झटकों, जलवायु संबंधी घटनाओं और मॉनसून के वितरण से जोड़कर देखा गया. इसके परिणामस्वरूप विचारार्थ अवधि में से करीब 57 फीसदी महीनों में खाद्य मुद्रास्फीति की दर छह फीसदी से अधिक रही. सब्जियों की कीमतों में इजाफे को आमतौर पर अस्थायी माना जाता है. बहरहाल, करीब 45 फीसदी महीनों के दौरान इनमें दो अंकों की वृद्धि देखी गई. अनाज तथा अन्य उत्पादों में 53 फीसदी महीनों के दौरान छह फीसदी से अधिक महंगाई देखी गई. स्पष्ट है कि खाद्य मुद्रास्फीति बीते कुछ सालों से गंभीर चुनौती बनी हुई है.

**(बिजनेस स्टैंडर्ड)**

### शब्द चर्चा

**डॉ. विनय कुमार पाण्डेय**

## जार/जाल

**एक** कहावत है- जार को विचार कहां, गणिका को लाज कहां. मतलब परायी स्त्री से अनुचित संबंध बनाने वाले के पास विचार करने की क्षमता नहीं होती, वहीं एक वेश्या के पास लज्जा नहीं होती. दूसरा वाक्य है- इसे तेल वाले जार में भर कर रख दीजिए. इन दोनों वाक्यों में एक ही शब्द जार का प्रयोग हुआ है, लेकिन दोनों के मायने-मतलब अलग-अलग हैं. जार ऐसा शब्द है, जो संस्कृत में तो है तुर्की, फारसी, अरबी और अंग्रेजी में भी अलग-अलग अर्थ से प्रयोग में आता है और हिंदी में भी यह शब्द बहुप्रचलित है. तुर्की भाषा में जार का अर्थ पड़ोसी, प्रतिवासी, भागीदार, साझी, शरणागत, वहीं अरबी भाषा में संज्ञा पुल्लिंग के रूप में जार का मतलब है खींचनेवाला, रक्षक, निगहबान, जोर देनेवाला कारक, विशेषण के रूप में जलाने, नष्ट करने या मारनेवाला, जलने की क्रिया या भाव, वह स्थान जहां कोई चीज बहुतायत में हो. जैसे गुलजार, सब्जजार. रूस में पुराने बादशाहों की उपाधि. संस्कृत भाषा मूल के जार का अर्थ है किसी स्त्री के विचार से वह पर-पुरुष, जिसके साथ उसका अनुचित संबंध हो, उपपति, यार. अंग्रेजी वाले जार का मतलब है शीशे, चीनी मिट्टी या मिट्टी का बना चिकना बरतन. शब्दकोशों के अनुसार जाल आपसे में गूंथे तथा फैले हुए सूत या धागों की छेदों वाली वह संरचना होती है, जिसमें चिडियां, मछलियां आदि फंसती या फंसायी जाती हैं. यह संस्कृत मूल का जाल है, जिसका अर्थ है जालीदार खिड़की, जाली, झरोखा, फैलाव,किसी बनावट या सरंचना का देश या राज्यव्यापी विस्तार, जैसे सड़कों, रेल पटरियों अथवा नहरों का जाल, झूठी कार्रवाई, गलतफहमी, भ्रांति, किसी संस्था या संगठन की शाखाओं का व्यापक विस्तार, समूह, मकड़ी का जाला, आंखों का एक रोग. अरबी भाषा मूल के जाल का संज्ञा पल्लिंग के रूप में मतलब है षड्यंत्र, धोखा, फरेब, छल, किसी को ठगने या फंसाने की तरकीब. मुहावरा जाल बिछाने का मतलब है किसी को फंसाने की कोशिश.

# नेताओं का अपना-अपना लोकतंत्र

• तीर-तुक्का

**शशिकांत सिंह 'शशि'**



अंग्रेज हमें जो लोकतंत्र दे गये. उसे हमने संभाल कर रखा है. लोकतंत्र ही नहीं, कायदे-कानून, फैशन, रीति-रिवाज और दरबारी ठाठ सब सलामत है. लोकतंत्र को तो हवा भी नहीं लगने दी. जस का तस संविधान में रख दिया. चुनाव के दिनों में निकाला, प्राण प्रतिष्ठा की और फिर रख दिया लाल कपड़े में लपेट कर. लाल कपड़े में लपेटने के अपने फायदे हैं. वह विषय तर्कातीत है, जो लाल कपड़े में लपेटी गई हो. दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र भारत में है. उसका आकार बढ़ता ही जा रहा है. एक सौ पच्चीस करोड़ लोगों का लोकतंत्र है. ईश्वर ने चाहा तो वह दो सौ पच्चीस करोड़ लोगों का हो जायेगा. बड़े आकार के कारण भी हमारे यहां लोकतंत्र तर्कातीत है. हमारे मिथकीय पात्र अपने आकार की वृद्धि के कारण भी पूजे जाते हैं. इतिहास गवाह है कि हनुमान जी और सुरसा जी में आकार की ही लड़ाई हुई थी. कृष्ण ने कौरव सभा से लेकर कुरुक्षेत्र तक में लोगों को समझाने के लिए विराट रूप धारण कर लिया था. हमारे यहां आकार को अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है. मूल बात यह कि लोकतंत्र क्या है? इस पर सेमिनार होते हैं जिसमें विद्वान हिस्सा लेते है. चाय-पकौड़ों के बाद भाषण होते हैं. अंधों के हाथी की तरह इसका रूप आजतक स्पष्ट नहीं हो सका. जिसके हाथ में लोकतंत्र का जो रूप आया उसे पकड़कर पूजने लगा. अब देखिए नेताओं का लोकतंत्र. चुनाव महापर्व है. वोट देना जनता का महाकर्त्तव्य है. यदि जनता चुनावों में हिस्सा नहीं लेती तो वह देशद्रोह कर रही है. उन्हें अपनी बुनियादी सुविधाओं के लिए चुनावी प्रक्रिया को बाधित करने का कोई हक नहीं है. उनको अपने मानवीय अधिकारों के लिए कभी भी चुनावों को ढाल नहीं बनाना चाहिए. इससे लोकतंत्र खतरे में पड़ जाता है. वे चाहें तो नेता के सामने रोयें-गिड़गिड़ायें रोड, पानी, बिजली के लिए. सुरक्षा तो कदापि ने मांगें. पुलिस तो नेताओं के पीछे संगीन ताने घूम रही है. गांव-मुहल्लों में कहां से आयेगी. लोकतंत्र को संभालकर रखना नेताओं का परम कर्त्तव्य हैं. इसके लिए जरूरी है कि चुनाव नियमित हों. सांसद और विधायक जीतते रहें. जीतने वाले नहीं चाहते कि कभी हारें. हारने वाले नहीं चाहते कि कोई जीते. नेता चुनाव में उतरते है तो गीता का ज्ञान धारण कर लेते हैं. उनके लिए साधन का नहीं, साध्य का महत्व होता है. अपने सामने चाचा, ताऊ, मामा, दादा किसी को देखकर विचलित नहीं होते. ऐन चुनाव के वक्त भी कौरव दल के सैनिक पांडव दल में जा सकते हैं. किसी परिवार का मुखिया पांडव दल में होगा तो उसके शेष सदस्य कौरव दल में. कोई इस शर्त्त पर विपक्षी खेमें की मदद करेगा कि उसे हथियार उठाने के लिए न कहा जाये अर्थात उसका नाम उजागर नहीं होगा. संसद भवन लोकतंत्र का मंदिर है. इसमें चुने गये भगवान रहते हैं. भगवान के आपस में लड़ने, जुत्तम-पैजार करने या संसद की कारवाई बाधित करने से लोकतंत्र पुष्पित-पल्लवित होता है. यदि किसी अन्ना हजारे ने कभी कोई टिप्पणी कर दी तो लोकतंत्र बीमार हो जायेगा. खतरे में पड़ जायेगा.

सुरक्षा और सुविधा के लिए अपनाएं मोशन सेंसर लाइट

## आहट से रोशन होगा आपका घर

**बिजली बल्बों के लिए हमारे घरों में स्विच सिस्टम बेहद आम है और हम-आप इसके आदि भी हैं. मोशन सेंसर लाइट निजी घरों में कम ही लगाई जाती हैं. हालांकि फायदे कई हैं और जानते हुए भी हमारे ध्यान क्षेत्र से बाहर रहने के कारण आमतौर पर उपयोग में नहीं ली जातीं. ये लाइट हमारी आहट पाते ही जल उठती हैं. आम तौर पर ऑफ रहती हैं. जैसे ही कोई शख्स इनकी रेंज में आता है तो यह ऑटोमैटिक ऑन हो जाती है. ऐसी लाइटें कई मायने में फायदेमंद होती हैं और जिंदगी को आसान व सुरक्षित बनाती हैं. ये लाइट्स किसी भी गति का पता लगा लेती हैं और ऑटोमैटिकली चालू हो जाती हैं. आइए जानते हैं कि इनका इस्तेमाल करने के क्या-क्या फायदे हैं.**



### ये हैं फायदे

1. **घर की निगरानी** - ये लाइट्स घर के मुख्य द्वार, बाहरी बरामदे, बालकोनी या संवेदनशील जगहों लगाना बेहद फायदेमंद है. किसी के आने पर अचानक से रोशनी जगमगा उठेगी. ऐसे में अगर चोर घर में प्रवेश करता है तो वह चौंक कर या भयभीत हो कर भाग सकता है. ऐसे में इन लाइट्स से आपके घर की बेहतर निगरानी संभव है.

2. **बिजली की बचत** – बिजली दरों में बेलगाम वृद्धि के बीच ये लाइट्स किफायती साबित होती हैं. दरअसल ये लाइट्स तभी जलती हैं जब जरूरत होती है. जैसे कि जब कोई कमरे में प्रवेश करता है. इससे बिजली की खपत कम होती है और बिजली बिल भी कम आता है.

3. **सुविधा** – अगर घर में बुजुर्ग या बच्चे हैं तो ये लाइट आपके लिए विशेष सुविधाजनक हैं. बेड के पास, बाथरूम आदि जगहों पर इन्हें लगाने पर रात के समय अंधेरे में उठने पर इन लाइट्स के कारण आपको स्विच ढूंढने की जरूरत नहीं पड़ेगी. आपकी आहट से ये अपने आप जल जाएंगी. इतना ही नहीं, बिजली चली जाने पर ये लाइट्स बैटरी बैकअप के साथ काम कर सकती हैं और आपको अंधेरे में फंसने से बचा सकती हैं.

### मोशन सेंसर लाइट्स कैसे काम करती हैं?

**इन्फ्रारेड सेंसर** - ये लाइट्स इन्फ्रारेड सेंसर का उपयोग करती हैं. ये सेंसर इंसानों या जानवरों द्वारा उत्पन्न होने वाली गर्मी से निकलने वाली इन्फ्रारेड किरणों को पहचानती हैं.

**परिवर्तन का पता लगाना** - जब कोई व्यक्ति या वस्तु सेंसर के सामने से गुजरती है, तो सेंसर को मिलने वाली इन्फ्रारेड किरणों में परिवर्तन होता है. यह परिवर्तन सेंसर को यह संकेत देता है कि कुछ आहट हुई है.

**लाइट चालू होना** - एक बार जब सेंसर आहट का पता लगा लेता है, तो यह एक सिग्नल भेजता है जो लाइट को चालू कर देता है.

**कल्पना कीजिए बरसात में हमेशा आपके साथ रहने वाला छाता अलादीन के चिराग से निकले जिन्न की तरह हो जाए, और निकलते ही पूछे, क्या हुक्म मेरे मालिक! कभी खुद छाता आपके ऊपर पसर जाए तो कभी संगीत सुना कर मनोरंजन करे. कभी अंधेरी सड़क पर रोशनी की व्यवस्था कर दे तो कभी आपके डिस्चार्ज मोबाइल में प्राण फूंक दें...जी हां, इन दिनों मार्केट में ऐसे ही हाईटेक छाते आ रहे हैं जिन्हें देखते आपका दिल कह उठेगा-**

# छाते हैं या अलादीन का चिराग!



**कभी बारिश तो कभी तीखी धूप...इन दिनों झारखंड का मौसम ऐसा ही है. ऐसे में बिना छाते के घर से निकलना मुश्किल. छाते तो मार्केट में हर तरह के उपलब्ध हैं. काली छतरियों से ऊब हुई तो मार्केट में रंग-बिरंगी छतरियां आने लगीं. साइज भी कोई बमुश्किल मुट्ठी भर में समाने वाले तो कोई खासे लंबे-चौड़े. अब तो रंग, आकार और डिजाइन से इतर छाते हाईटेक भी हो गए हैं. हाईटेक ये छाते ऐसे ऐसे कि इसके फीचर्स सुन दांतो तले उंगलियां दबा दें.**

### ये ड्रोन वाले छाते

गुजरे जमाने में राजा महराजा के साथ कुछ सहायक छाता थामे चलते थे. यह जमाना तो गुजर गया. अब लेकिन तकनीक ने कुछ ऐसी ही सुविधा आपको उपलब्ध करा दी है कि छाते खुद ब खुद आपके ऊपर मंडराते रहेंगे और बारिश की बूंदों से आपका बचाव करते रहेंगे. इस छाते को सेमी-ऑटोनॉमस ड्रोन की मदद से तैयार किया गया है. यह यूजर के मूवमेंट्स को ट्रैक करके उन्हें भीगने से बचाता है. इस छाते को पिछले दिनों ड्रोन बेचने वाली एक कंपनी ने अंब्रेला ड्रोन नाम से लॉन्च किया था.

अंब्रेला ड्रोन आपके ऊपर मंडराता रहता है. यह आपके स्मार्टफोन के जीपीएस की मदद से आपको ट्रैक करता रहता है. आप कहीं भी जाएंगे, यह आपको फॉलो करेगा. आम छातों में कई बार हवा के झोंकों के कारण छतरियों के पलटने-उड़ने की आशंका रहती है. लेकिन इस खास छाता को इस तरह डिजाइन किया गया है कि अचानक आने वाले हवा के तेज झोंकों से मुकाबला डट कर करता है. इतना ही नहीं, इसमें ऐसी टेक्नॉलजी लगाई गई है कि यह पेड़ों, लैंप पोस्ट या दीवार से नहीं टकराता.

इसमें डीजीआई फैंटम 4 क्वॉडकॉप्टर को इस्तेमाल किया गया है. इस ड्रोन की कीमत वैसे तो 997 पाउंड (करीब 85 हजार रुपये) है मगर छाते को 1,299 पाउंड (करीब 1 लाख 11 हजार रुपये) में लिस्ट किया गया है.

ऊंची कीमत होने के बावजूद अगर यह छाता खरीदने के लिए मचल रहे हैं तो जरा थमिए. कंपनी ड्रोंस डायरेक्ट का कहना है कि अंबरेला ड्रोन को अभी टेस्ट किया जा रहा है लिहाजा तुरंत खरीदना संभव नहीं.

फैंटम 4 ड्रोन अधिकतम 44 मील प्रतिघंटा (70 किलोमीटर प्रतिघंटा) की रफ्तार से उड़ सकता है. इसमें एक 4के कैमरा भी लगा है, जिससे आप खुद को रिकॉर्ड भी कर सकते हैं. एक समस्या यह है कि बैटरी लाइफ 30 मिनट ही है. इसका मतलब है कि बारिश ज्यादा देर तक हुई तो छाता पकड़ना ही पड़ेगा. फैंटम 4 का वजन 1.38 किलोग्राम है. ऐसे में इस छाते को पकड़ने में मुश्किल भी हो सकती है.



### ये छाते भी हाईटेक

ड्रोन छाते तो कुछ अधिक हाईटेक हो गए और उन्हें खरीदना बहुत आसान नहीं, पर अपने देश में भी ऐसे छाते अब मिल रहे जो कुछ तकनीकी खासियत के साथ आते हैं. कई छाते तो इतने हाईटेक हैं जो बारिश में आपका मनोरंजन भी करेंगे. ब्लूटूथ से कनेक्ट होने वाले इन छातों के जरिए आप बारिश में सड़क पर चलते हुए अपना मनपसंद गाना सुन सकते हैं. ज्यादा इस्तेमाल के चलते अक्सर मोबाइल फोन की बैटरी भी डाउन हो जाती है और कई बार आपको फोन चार्ज करने का मौका भी नहीं मिलता. ऐसे में आप अपने मोबाइल फोन को इस हाईटेक छाते से चार्ज भी कर सकते हैं. इतना ही नहीं अगर आपको पॉवर बैंक भी चार्ज करना है तो ये सुविधा भी हाईटेक छाते में दी गई है. धूप से बचने के लिए छाते का इस्तेमाल कर रहे हैं तो कुछ छातों में पंखों की सुविधा भी दी गई है. यानी राह चलते ठंडी हवा खाइए. शियोमी यूपिन ब्रांड की ओर से पिछले दिनों एक ऐसा छाता लॉन्च किया गया है जो ना केवल बारिश में भीगने से बचाएगा बल्कि अंधेरे में रास्ते में आने वाले पत्थर, मैनहोल कवर को देखने में भी मदद करेगा. इस पोर्टेबल छाते में तीन हाई-ब्राइटनेस एलईडी लैंप बीड्स हैं जिन्हें 10 मीटर की दूरी तक से देखा जा सकता है. इस लैंप को इस तरह से अडजस्ट किया जा सकता है कि रात के समय में यूजर द्वारा सड़क पर चलने के दौरान आसानी से ब्रेकर, मैनहोल कवर, पत्थर आदि के साथ साथ सामने सड़क से आ रही गाड़ियों को भी देखा जा सके. गौरतलब है कि लाइट को टर्न ऑन करने के लिए छाते में कोई हैंडलबार पर कोई स्विच नहीं है. हैंडल के रोटेट होने पर एलईडी लैंप अपनेआप टर्न ऑन हो जाती है.



अनु मलिक ने ली दो करोड की रेंज रोवर्स स्पोर्ट

# अलहदा है बॉलीवुड का इस कार से प्यार

**रेंज रोवर्स के साथ बॉलीवुड का नाता कुछ खास है. चाहे कार्तिक आर्यन हों या अनन्या पांडेय, रणदीप हुड्डा हों या जान्हवी कपूर, शिल्पा शेट्टी हों या माधुरी दीक्षित या सलमान खान या संजय दत्त या फिर कैलाश खेर...हर सेलिब्रिटी के गैराज में रेंज रोवर्स की एक एसयूवी मानो होनी जरूरी है. इसे पसंदगी कहें या स्टेटस सिंबल पर इस कंपनी की कार को लेकर बॉलीवुड सेलिब्रिटी की दीवानगी जाहिर हो ही जाती है. इसी कड़ी में अब एक नया नाम जुड़ा है अनु मलिक का. जी हां, अनु मलिक ने दो करोड़ रुपए की यह एसयूवी हाल ही ली है. उन्होंने पत्नी अंजू मलिक के साथ अपनी नई खरीदी गई रेंज रोवर स्पोर्ट की डिलीवरी लेते हुए तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं. आइए आज चर्चा इसी एसयूवी की ...**

रेंज रोवर स्पोर्ट की न्यू जेनरेशन की कीमत 1.62 करोड़ रुपये से शुरू होती है और एसवी वैरिएंट के लिए 3.22 करोड़ रुपये तक जाती है. यह अपने पतले ऑल-एलईडी हेडलाइट्स और डीआरएल के साथ काफी बेहतरीन दिखता है. इसमें 21 से 23 इंच के अलग-अलग और अनोखे डिजाइन वाले अलॉय व्हील्स भी हैं.





### इंटीरियर में यह खास

इसमें बेहतरीन डैशबोर्ड और इंटीरियर, 13.1 इंच का टचस्क्रीन इन्फोटेनमेंट सिस्टम, पीवी प्रो ऑपरेटिंग सिस्टम, 13.1 इंच की रियर सीट एंटरटेनमेंट स्क्रीन, वायरलेस एंड्रॉइड ऑटो और एप्पल कार प्ले सपोर्ट, हेडअप डिस्प्ले, वायरलेस चार्जिंग, मेरिडियन 3D सराउंड साउंड सिस्टम, ऑल व्हील स्टीयरिंग, 24 तरीकों से अडजस्ट होने वाली हीटेड और कूल्ड सीटें, हॉट स्टोन मसाज इलेक्ट्रिक फ्रंट सीट, इलेक्ट्रोनिक एयर सस्पेंशन समेत काफी सारी और भी खूबियां हैं. इसमें 19 स्पीकर 800 वाट मेरिडियन म्यूजिक सिस्टम भी हैं.

### इंजन पावरट्रेन

पावरट्रेन ऑप्शन की बात करें तो रेंज रोवर स्पोर्ट दो इंजन विकल्पों के साथ पेश की जाती है. पहला 3.0-लीटर माइल्ड-हाइब्रिड पेट्रोल है, जो 400 बीएचपी और 500 एनएम का टॉर्क जेनरेट करता है. इस बीच दूसरा विकल्प 3.0-लीटर डी 350 डीजल है, जो 350 बीएचपी की पावर और 700 एनएम का टॉर्क जेनरेट करने में सक्षम है. इन दोनों मोटर्स को 8-स्पीड टॉर्क-कन्वर्टर ऑटोमैटिक गियरबॉक्स के साथ जोड़ा गया है, जिसमें 4 डब्ल्यूडी और एयर सस्पेंशन मानक के रूप में हैं.

### ये हैं रंग विकल्प


लैंड रोवर रेंज रोवर स्पोर्ट 11 रंगों में उपलब्ध है. इनमें बोरैस्को ग्रे, फिरेंज़े रेड, फ़ूजी वाइट, सेंटोरिनी ब्लैक, कार्पेथियन ग्रे, चरांते ग्रे, जिओला ग्रीन, वर्साइन ब्लू, ईगर ग्रे, पोर्टोफिनो ब्लू, लांताऊ ब्रोंज़ आदि शामिल हैं. सिद्धांत चतुर्वेदी और गायक कैलाश खेर के पास रेंज रोवर स्पोर्ट की सेंटोरिनी ब्लैक है वहीं अन्य सभी सेलिब्रिटीज के तुलना में अनु मलिक ने नॉर्मल व्हाइट या ब्लैक कलर का विकल्प नहीं चुना है. इसके बजाय उन्होंने ईगर ग्रे जैसा अनोखा शेड कलर ऑप्शन चुना है.



# इसरो ने जमाने के सामने खोल दिया चांद का राज

पिछले हफ्ते चंद्रयान 3 मिशन की सफलता के एक वर्ष पूरे हुए. इस मौके परभारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (इसरो) ने मिशन से संबंधित वैज्ञानिक डेटा को विश्लेषण के वास्ते दुनियाभर के अनुसंधानकर्ताओं के लिए सार्वजनिक कर दिया. एजेंसी ने विक्रम लैंडर और प्रज्ञान रोवर पर लगे पांच पेलोड से हासिल 55 गीगाबाइट (जीबी) से अधिक डेटा सार्वजनिक किया है. गौरतलब है कि पिछले साल 23 अगस्त को चंद्रयान-3 मिशन के चंद्रमा के दक्षिणी क्षेत्र पर उतरने के साथ ही भारत ने इतिहास रच दिया था.

**यहां उपलब्ध डेटा :** इसरो के प्रमुख एस.एस. सोमनाथ ने सार्वजनिक करते हुए कहा कि अब यह डेटा उन वैज्ञानिकों तक ही सीमित नहीं रहेगा जिन्होंने उन उपकरणों को बनाया था. अब इसे विश्लेषण के लिए देश और दुनिया के सभी शोधकर्ताओं के लिए उपलब्ध कराया जाएगा. बता दें कि चंद्रयान-3 डेटा सेट भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान डेटा सेंटर (आईएसएसडीसी) की



नीति-आधारित डेटा पुनर्प्राप्ति, विश्लेषण, प्रसार एवं अधिसूचना प्रणाली (प्रदान) पोर्टल पर उपलब्ध हैं.

**मिली चंद्रमा की उत्पत्ति एवं विकास की जानकारी :** प्रज्ञान रोवर ने चंद्रमा की सतह का स्थलीय रासायनिक विश्लेषण किया. इसके बाद से वैज्ञानिकों को चंद्रमा की उत्पत्ति एवं विकास के बारे भी कहीं अधिक पुख्ता जानकारी प्राप्त हो सकती. उम्मीद की जा रही है कि यह जानकारी भविष्य में चंद्रमा पर अन्वेषण और संभावित संसाधन के उपयोग के लिए महत्वपूर्ण है. अहमदाबाद की भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला (पीआरएल) के वैज्ञानिकों ने चंद्रयान-3 के डेटा का अध्ययन करने के बाद अनुमान लगाया है कि चंद्रमा मैग्मा के विशाल महासागर से विकसित हुआ जो बाद में ठंडा हो गया था.

# डबल-फोल्डेबल और रोलेबल स्मार्टफोन!

सैमसंग स्मार्टफोन में लगातार नई तकनीक के साथ आ रहा है. अब कंपनी के एक नए स्मार्टफोन की चर्चा है. कहा जा रहा है कि अगले साल तक सैमसंग डबल-फोल्डेबल और रोलेबल स्मार्टफोन ला सकता है. यह तकनीक मोबाइल टेक्नोलॉजी में एक बड़ा बदलाव ला सकती है.

स्मार्टफोन की दुनिया में रोज नए तकनीक के साथ पेश होने वाली सैमसंग एक बार फिर धमाका करने के मूड में है. सैमसंग बहुत जल्द डबल-फोल्डेबल फोन ला सकता है. ये स्मार्टफोन रोलेबल भी होने वाला है. इसके बाद मोबाइल टेक्नोलॉजी में एक नया बदलाव देखने को मिल सकता है.

हालांकि इस फोन को कब रिलीज किया जाएगा, इस बाबत कंपनी की तरफ से कोई खुलासा नहीं किया गया है लेकिन ऐसा कायास लगाया जा रहा है कि 2025 तक यह डिवाइस बाजार में उपलब्ध हो जाएगा. कहा जा सकता है कि सैमसंग पहला ब्रांड होने वाला है जो ऐसा डिवाइस लेकर आ रहा है.



संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी



# चेन्नई में बूम-बूम बुमराह... मुकुट-हार पहनाकर किया अभिवादन

एजेंसी। चेन्नई

टीम इंडिया के स्टार गेंदबाज जसप्रीत बुमराह इन दिनों छुट्टी पर हैं. टी20 वर्ल्ड कप में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहे बुमराह का हर जगह राजशाही स्वागत हो रहा है. टीम इंडिया से ब्रेक मिलने के बाद बुमराह परिवार के साथ समय बिता रहे हैं, विज्ञापन कर रहे हैं और खूब इंटरव्यू भी दे रहे हैं. इसके अलावा कई इवेंट्स में हिस्सा ले रहे हैं. कुल मिलाकर कहें तो वो अपनी छुट्टी को जमकर एंजॉय कर रहे हैं. उनका ताजा वीडियो सामने आया है, जिसके जरिए पता चला है कि वो चेन्नई गए हुए थे. धौनी पर जमकर प्यार लुटाने वाले चेन्नई ने बुमराह को भी भरपूर प्यार दिया. फैंस ने उनका स्वागत एक राजा की तरह किया, जिसे देखकर बुमराह गदगद हो गए.



उन्होंने सोशल मीडिया पर इसका एक वीडियो पर शेयर किया है. दरअसल, फ्रेशर्स डे के सेलिब्रेशन के लिए सत्यभामा इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी ने उन्हें आमंत्रित किया था. इसी सिलसिले में वो चेन्नई पहुंचे थे. इस दौरान उनका ग्रैंड वेलकम हुआ. गले में एक सुंदर फूलों की बड़ी माला पहनाई गई. हजारों की संख्या में युवा उन्हें देखने के लिए आए हुए थे. उनके सामने उन्होंने एक महाराजा की तरह एंट्री की. स्टेज पर आते ही उन्हें मुकुट पहनाया गया और युवा फैंस उन्हें देखकर खूब शोर मचा रहे थे. बुमराह का भौकाल देखने लायक था.

### टीम इंडिया में जल्द होगी वापसी

जसप्रीत बुमराह ने अपना आखिरी मुकाबला टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल में खेला था. उसके बाद से ही वो ब्रेक पर चल रहे हैं, लेकिन जल्द ही टीम इंडिया में जल्द ही उनकी वापसी हो सकती है. न्यूज 18 की रिपोर्ट के मुताबिक बुमराह बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज से फिर से क्रिकेट के मैदान पर उतर सकते हैं. दो टेस्ट मैचों में से एक में खेलने की उम्मीद जताई जा रही है. पहले वो न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले सीरीज से मैदान में वापसी करने वाले थे, लेकिन तीन टेस्ट मैचों के बीच सिर्फ तीन दिन का ब्रेक है. इसी देखते हुए बुमराह के न्यूजीलैंड के खिलाफ सिर्फ दो टेस्ट मैचों में खेलने की संभावना है. ताकि उनका वर्क लोड ज्यादा ना हो और ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए पूरी तरह फिट रहें.

## लगातार बुरे परफॉर्मेंस के बाद पीसीबी ने किया बड़ा बदलाव

# मिस्बाह, वकार, शोएब, सरफराज और सकलैन सुधारेंगे पाक टीम की दशा

एजेंसी। इस्लामाबाद

पाकिस्तान की क्रिकेट टीम में इन दिनों काफी हलचल दिख रही है. टीम के लगातार बुरे परफॉर्मेंस पर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की काफी खिंचाई हो रही है. क्रिकेट टीम के दिन अच्छे नहीं चल रहे हैं. पिछले एक साल से टीम को लगातार निराशा ही हाथ लग रही है. पाकिस्तान क्रिकेट टीम की हालत बिल्कुल खराब हो गई है. छोटी से छोटी टीमें भी उसे हरा दे रही हैं. पाकिस्तान की टीम वनडे वर्ल्ड कप में अफगानिस्तान और टी20 वर्ल्ड कप में अमेरिका से हार गयी थी. अब बांग्लादेश ने उसे टेस्ट में हरा दिया है. इस फॉर्मेट में बांग्लादेश के खिलाफ पाकिस्तान की ये पहली हार है. इस हार के एक दिन बाद ही पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने एक बड़ा फैसला लिया है. उसने पांच दिग्गजों को मेंटॉर के तौर पर नियुक्त किया है.

पाकिस्तान क्रिकेट टीम के इस गिरते प्रदर्शन लेकर पूर्व क्रिकेटर्स कई दिनों से दावा कर रहे हैं कि खिलाड़ियों में इंटरनेशनल लेवल पर टक्कर देने की क्षमता ही नहीं है. इसके पीछे उन्होंने पाकिस्तान के घरेलू क्रिकेट के स्ट्रक्चर को दोष दिया. उनका मानना है कि घरेलू क्रिकेट पूरी तरह बर्बाद हो चुका है और इसमें सुधार की जरूरत है. वहीं टीम में घेरलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन कर रहे खिलाड़ियों को जगह नहीं देने पर सवाल उठाए गए हैं. पीसीबी के चेयरमैन मोहसिन नकवी ने इसी को देखते हुए ये कदम उठाया है.

मोहसिन नकवी ने पाकिस्तान के घेरलू वनडे टूर्नामेंट चैंपियंस कप के लिए पांच दिग्गजों को मेंटॉर बनाया है. मिस्बाह-उल-हक, वकार यूनिस, शोएब मलिक, सरफराज अहमद और सकलैन मुश्ताक को 3 साल के लिए कॉन्ट्रैक्ट दिया गया है. मोहसिन नकवी ने पाकिस्तान के इन पांचों दिग्गजों को घरेलू क्रिकेट के खिलाड़ियों की अच्छी ट्रेनिंग की जिम्मेदारी दी है.



मिस्बाह-उल-हक, वकार यूनिस, शोएब मलिक, सरफराज अहमद और सकलैन मुश्ताक बनेंगे मेंटॉर.

### जीत के लिए तरसी पाकिस्तानी टीम

पाकिस्तान की टीम टेस्ट मैच में अपने ही घर पर जीत के लिए तरस गयी है. पिछले 30 महीने में उसने अपने घर पर 9 मैच खेले, जिसमें 5 में हार मिली, वहीं चार मुकाबले ड्रॉ रहे. बांग्लादेश के खिलाफ उन्हें जीत की उम्मीद थी. इसके लिए पाकिस्तान ने हर चाल चली. लेकिन सारे फैसले उनके ही खिलाफ गए. 10 विकेट से हारने के बाद शाहिद अफरीदी समेत तमाम दिग्गज क्रिकेटर्स ने टीम में गंभीर समस्या की ओर इशारा किया. वहीं केविन पीटरसन समेत कुछ विदेशी खिलाड़ियों ने भी पाकिस्तान की हालत पर चिंता जताई.

### पीसीबी चेयरमैन ने बांग्लादेश टीम को दी बधाई

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम को बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट इतिहास में पहली बार हार का सामना करना पड़ा. अपने घर पर खेल रही मेजबान टीम के खिलाफ बांग्लादेश ने रावलपिंडी में 10 विकेट की दमदार जीत के साथ इतिहास रचा. पाकिस्तान ने अतिउत्साह में पहली पारी को 6 विकेट पर 448 रन बनाकर घोषित किया था. इसके बाद बांग्लादेश ने 565 रन बनाए और दूसरी पारी में पाकिस्तान को 146 रन पर ढेर कर दिया. 29 रन के जीत के लक्ष्य को आसानी से हासिल कर बांग्लादेश ने धमाका कर दिया. इस जीत पर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चेयरमैन मोहसिन नकवी ने भी बधाई दी है. बांग्लादेश के हाथों पाकिस्तान की टीम को मिली शर्मनाक हार के बाद हर तरफ उसकी आलोचना की जा रही है. अपने घर पर खेलते हुए इस टीम को ऐसा हार से फैंस बेहद नाराज हैं. पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चेयरमैन मोहसिन नकवी ने इस हार के बाद पहला रिएक्शन दिया है. उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट करते हुए अपनी बात रखी. बांग्लादेश की टीम को पाकिस्तान पर पहली जीत के लिए बधाई दी और अपनी टीम के जोरदार वापसी की उम्मीद जताई. नकवी ने लिखा, इस मुकाबले में बांग्लादेश क्रिकेट टीम ने यकीनन बहुत ही शानदार खेल दिखाया. पूरे मुकाबले में अपनी पकड़ कभी भी ढीली नहीं पड़ने दी.

# संन्यास के बाद भी एक्शन में दिखेंगे गब्बर

» युवराज, इरफान, युसुफ और हरभजन जैसे दिग्गजों संग खेलेंगे शिखर

एजेंसी। नयी दिल्ली

टीम इंडिया के गब्बर शिखर धवन की रिटायरमेंट की खबर सुनकर भारतीय फैंस को धक्का लगा था. लेकिन उन्हें जल्द ही क्रिकेट पिच पर एक्शन में देखा जा सकता है. शिखर ने लोगों को खुशखबरी सुनाई है. रिटायरमेंट का एलान करने के दो दिन बाद ही उन्होंने लीजेंड्स लीग क्रिकेट में खेलने की घोषणा कर दी है. 38 वर्षीय शिखर धवन ने कहा है कि एलएलसी के साथ जुड़ना रिटायरमेंट के बाद मेरे लिए सबसे आदर्श फैसला प्रतीत हो रहा है. मेरा शरीर क्रिकेट के खेल की मांगों को पूरा करने के लिए अब भी दुरुस्त है. हालांकि मैं संन्यास लेने के फैसले से खुश हूं, लेकिन क्रिकेट मेरे जीवन का एक अभिन्न हिस्सा है, जिसे मुझसे कभी दूर नहीं किया जा सकता. मैं क्रिकेट जगत में अपने दोस्तों के साथ खेलने को लेकर उत्साहित हूं. हम नयी यादें बनाकर फैंस का मनोरंजन करना जारी रखेंगे. लीजेंड्स लीग क्रिकेट सितंबर में होगी



लीजेंड्स लीग क्रिकेट के अगले संस्करण की शुरुआत सितंबर महीने में होगी, जिसमें रिटायर हो चुके क्रिकेटरों की टीम खेलती नजर आएंगी. युवराज सिंह, इरफान पठान, युसुफ पठान और हरभजन सिंह समेत कई विदेशी क्रिकेटर भी इस लीग में खेलते हुए नजर आए थे. एलएलसी के सह-संस्थापक रमन रहेजा ने भी शिखर धवन के जुड़ने पर खुशी जताई है. उन्होंने कहा कि धवन के आने से लीग में प्रतिद्वंदिता का स्तर बढ़ेगा और साथ ही फैंस अपने पसंदीदा क्रिकेटर को देख ज्यादा उत्साह दिखाएंगे. धवन के अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट करियर पर नजर डालें तो उन्होंने 167 वनडे मैचों में 6,793 रन बनाए थे. 50 ओवर के फॉर्मेट में उनके नाम 17 शतक और 39 अर्धशतकीय पारियां भी शामिल हैं. इसके अलावा 34 टेस्ट मैचों में उनके नाम 2,315 रन और 68 टी20 मैचों में उन्होंने 1,759 रन बनाए थे.



मॉन्ट्रिया में महिलाओं की रेड बुल क्लिफ डाइविंग वर्ल्ड सीरीज के फाइनल के दौरान गोता लगातीं ऑस्ट्रेलिया की रियानान इफ्लैंड. फोटो: पीटीआई

### प्रज्ञाननंदा ने लिरेन और गुकेश ने वाचिएर लाग्रेव से ड्रॉ खेला

**सेंट लुई (अमेरिका)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञाननंदा ने ग्रैंड शतरंज टूर के अंतिम टूर्नामेंट सिंकफील्ड कप के छठे दौर में मौजूदा विश्व चैंपियन डिंग लिरेन के खिलाफ अपनी बाजी ड्रॉ खेली. विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर डी गुकेश ने फ्रांस के मैक्सिम वाचिएर लाग्रेव के साथ एक और दिलचस्प ड्रॉ खेला, लेकिन रूस के इयान नेपोम्नियाचची को हार का सामना करना पड़ा. वह अमेरिका के फैबियानो कारुआना से केवल 25 चाल में हार गए. छठे दौर अन्य मैचों में नीदरलैंड के अनीश गिरी और उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसात्तोरोव तथा फ्रांस के अलीरेज़ा फ़िरोज़ा और स्थानीय खिलाड़ी वेस्ली सो ने अंक बांटे.

# सूर्यकुमार, श्रेयस व सरफराज पर रहेगी निगाह

भाषा। कोयंबटूर

भारतीय बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव अपना टेस्ट करियर पटरी पर लाने के लिए बुची बाबू क्रिकेट टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करना चाहेंगे, जिसमें उनकी टीम मुंबई मंगलवार से यहां शुरू होने वाले मैच में टीएनसीए एकादश का सामना करेगी. श्रेयस अय्यर भी मुंबई की टीम का हिस्सा हैं और वह भी सत्र की शुरुआत में होने वाले इस टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करके चयनकर्ताओं का ध्यान खींचने की कोशिश करेंगे. अय्यर ने अपना आखिरी टेस्ट मैच फरवरी में खेला था. कई स्टार खिलाड़ियों से सजी मुंबई की टीम का नेतृत्व सरफराज खान करेंगे जिनके लिए सभी शीर्ष खिलाड़ियों की वापसी के बाद टेस्ट टीम में जगह बनाना आसान नहीं होगा. सरफराज ने इस साल के शुरू में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करके अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया था. विराट कोहली, केएल राहुल और ऋषभ पंत अलग-अलग कारण से इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला में नहीं खेल पाए थे लेकिन उनके बांग्लादेश के खिलाफ 19 सितंबर से चेन्नई में शुरू होने वाली दो टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए उपलब्ध रहने की संभावना है. बुची बाबू क्रिकेट टूर्नामेंट के तीसरे दौर के मैच में सभी का ध्यान निश्चित तौर पर सूर्यकुमार पर रहेगा जिन्होंने अपना एकमात्र टेस्ट मैच ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फरवरी 2023 में खेला था. सूर्यकुमार ने इसके बाद सीमित ओवरों की क्रिकेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया. बुची बाबू टूर्नामेंट सूर्यकुमार और अन्य स्टार खिलाड़ियों के लिए दलीप ट्रॉफी के लिए अभ्यास का काम करेगा. दलीप ट्राफी पांच सितंबर से शुरू होंगी. सूर्यकुमार ने अपना अंतिम प्रथम श्रेणी मैच पिछले साल दलीप ट्राफी में ही खोला था. तब वह चार पारियों में केवल 71 रन बना पाए थे. सरफराज ने इस साल के शुरू में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया.

बुची बाबू क्रिकेट टूर्नामेंट



### वेस्टइंडीज ने दक्षिण अफ्रीका को हराकर श्रृंखला जीती

**तरौबा (त्रिनिदाद)।** वेस्टइंडीज ने अपनी पारी में 13 छक्के लगाए जिनके दम पर उसने दक्षिण अफ्रीका को दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 30 रन से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में 2-0 बढ़त हासिल की. वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी कर छह विकेट पर 179 रन बनाए. एक समय 14 ओवर के बाद वेस्टइंडीज का स्कोर चार विकेट पर 114 रन था. शाई होप ने 22 गेंदों पर दो चौकों और चार छक्कों की मदद से 41 रन बनाए. कप्तान रोवमैन पॉवेल ने 35 रन का योगदान दिया. दक्षिण अफ्रीका ने आक्रामक शुरुआत की और चार ओवर के बाद उसका स्कोर बिना नुकसान के 57 रन था लेकिन वह इस शुरुआत का फायदा नहीं उठा पाया.

# चिकनगुनिया के प्रभाव से उबरने के लिए प्रणय ने ब्रेक लिया

भाषा। नयी दिल्ली

अनुभवी भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी एचएस प्रणय ने सोमवार को कहा कि वह चिकनगुनिया के प्रभाव से पूरी तरह से ठीक होने के लिए खेल से ब्रेक ले रहे हैं। इसके कारण पेरिस ओलंपिक में उनके प्रदर्शन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा था. विश्व और एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता 32 वर्षीय प्रणय पेरिस ओलंपिक से ठीक पहले जोड़ों में गंभीर दर्द पैदा करने वाली मच्छर जनित वायरल बीमारी से एक सप्ताह तक पीड़ित रहे थे और इसके कारण उनका शरीर कमजोर हो गया था. प्रणय ने एक्स पर लिखा,



दुर्भाग्य से चिकनगुनिया से लड़ाई ने मेरे शरीर पर बहुत बुरा असर डाला है, जिससे मुझे लगातार दर्द हो रहा है और मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पा रहा हूं. अपनी टीम के साथ सावधानीपूर्वक विचार-विमर्श करने के बाद मैंने उबरने की प्रक्रिया पर ध्यान केंद्रित करने के लिए आगामी कुछ टूर्नामेंटों से हटने का फैसला किया है.

### ईस्ट दिल्ली राइडर्स की जीत में चमके हिम्मत सिंह और मयंक रावत

**नयी दिल्ली।** कप्तान हिम्मत सिंह और मयंक रावत की 66 गेंदों पर 122 रन की अटूट साझेदारी की बदौलत ईस्ट दिल्ली राइडर्स ने नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स को छह विकेट से हराकर दिल्ली प्रीमियर लीग में अपना विजय अभियान जारी रखा. नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स पहले बल्लेबाजी करते हुए अच्छी शुरुआत के बावजूद सात विकेट पर 179 रन ही बना पाया. ईस्ट दिल्ली राइडर्स की तरफ से सिमरजीत सिंह ने 30 रन देकर तीन विकेट लिए. हिम्मत सिंह (50 गेंदों पर नाबाद 85 रन) और रावत (37 गेंदों पर नाबाद 66 रन) के बीच शानदार शतकीय साझेदारी से ईस्ट दिल्ली राइडर्स ने 18.3 ओवर में लक्ष्य हासिल कर दिया.

## टी20 वर्ल्ड कप | टी20 क्रिकेट विश्व कप के लिए ऑस्ट्रेलिया टीम का ऐलान

# टीम की कमान एलिसा हिली के हाथों में होगी

एजेंसी। मेलबर्न

आईसीसी महिला टी20 क्रिकेट विश्व कप के लिए सभी देश अपनी टीम का ऐलान कर रहे हैं. ऑस्ट्रेलिया ने भी अपनी टीम की घोषणा कर दी है. डार्सी ब्राउन पैर की चोट से उबर गई हैं और उन्हें 15 खिलाड़ियों की आईसीसी महिला टी20 क्रिकेट विश्व कप टीम में शामिल किया गया है, जबकि अनुभवी स्पिनर जेस जोनासेन को टीम में जगह नहीं मिली है. टीम की कमान एलिसा हिली के हाथों में होगी. छह बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने सोमवार को अक्टूबर में खेले जाने वाले इस मेगा इवेंट के लिए अपनी टीम की घोषणा की. बांग्लादेश में राजनीतिक उथल-पुथल और



तख्तापलट के कारण महिला टी20 विश्व कप को लेकर भी काफी बवाल था. इस मेगा इवेंट की मेजबानी बांग्लादेश के पास थी. मगर, अब वेन्यू बदलकर यूएई कर दिया गया है. हालांकि, मेजबानी बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के पास ही रहेगी. यह टूर्नामेंट यूएई के दो स्थानों - दुबई और शारजाह में तीन अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक खेला जाएगा. पिछले साल लंबे समय तक कप्तान रहीं मेग लैनिंग के संन्यास लेने के बाद एलिसा हीली टीम की कमान संभालेंगी और ऑलराउंडर ताहलिया मैक्ग्रा को उप-कप्तान बनाया गया है. यूएई में होने वाले विश्व कप के लिए रवाना होने से पहले ऑस्ट्रेलियाई टीम न्यूजीलैंड के साथ तीन मैचों की टी20 सीरीज खेलेगी. इसके भी क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने टीम का ऐलान कर दिया है.राष्ट्रीय टीम चयन प्रमुख शॉन फ्लेगर ने कहा, लंबे समय में यह पहली बार है जब विश्व कप से पहले हमारी पूरी टीम चयन के लिए उपलब्ध है. इसका परिणाम वास्तव में एक स्थिर और संतुलित टीम है. एलिसा हीली पहली बार विश्व कप में कमान संभालेंगी और हम देख चुके हैं कि वह और ताहलिया मैकग्राथ नेतृत्व के दृष्टिकोण से कितनी मजबूत है, इसलिए उनके लिए सबसे बड़े मंच पर अपने देश का नेतृत्व करने का यह अवसर मिलना रोमांचक है. ऑस्ट्रेलिया को ग्रुप ए में भारत, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और श्रीलंका के साथ रखा गया है.

### टीम इस प्रकार है

एलिसा हिली (कप्तान), ताहलिया मैक्ग्रा (उप-कप्तान), डार्सी ब्राउन, एश्ले गार्डनर, किम गर्थ, ग्रेस हैरिस, एलाना किंग, फोबी लिचफील्ड, सोफी मोलिनक्स, बेथ मूनी, एलिस पैरी, मेगन शूट, एनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वेयरहैम, टेयला व्लामिन्क.

# डूरंड कप सेमीफाइनल : छेत्री की बेंगलुरु एफसी की भिड़ंत मोहन बागान एसजी से

भाषा। कोलकाता

पूर्व भारतीय कप्तान सुनील छेत्री मंगलवार को यहां सॉल्ट लेक स्टेडियम में होने वाले डूरंड कप सेमीफाइनल में मोहन बागान सुपर जायंट के खिलाफ बेंगलुरु एफसी की जीत की संभावना के लिए अहम खिलाड़ी होंगे. एशिया का सबसे पुराना फुटबॉल टूर्नामेंट प्रतियोगिता के अंतिम चरण में प्रवेश कर रहा है. बेंगलुरु एफसी को गत चैंपियन मोहन बागान से कड़ी चुनौती का सामना करना होगा. मोहन बागान ने सिर्फ 10 गोल नहीं दागे हैं बल्कि शानदार रक्षण से अपने खिलाफ गोल भी नहीं होने दिया है और केवल तीन गोल खाए हैं.

बेंगलुरू एफसी ने भी टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया है. उसने अपने चार मैच में 11 गोल दागे हैं जबकि उसके खिलाफ केवल दो गोल हुए हैं. अब उसका पूरा दारोमदार राष्ट्रीय खिलाड़ियों गोलकीपर गुरप्रीत संधू, राहुल भेके सुरेश वांगजाम और पूर्व भारतीय कप्तान छेत्री पर होगा. वहीं मोहन बागान एसजी मुकाबला जीतने के लिए ग्रेग स्टीवर्ट, मनवीर सिंह और जेसन कमिंग्स पर निर्भर होगा. इन तीनों ने पंजाब एफसी के खिलाफ मैच में अहम भूमिका निभाई थी. एक अन्य सेमीफाइनल में नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी का मुकाबला शिलांग लाजोंग एफसी से होगा.





## ब्रीफ खबरें

### गया से हथियार के साथ तस्कर गिरफ्तार

**पटना/गया ।** गया जिला का हथियार तस्कर सौरव कुमार एवं उसका सहयोगी अपराधी अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया है. सोमवार को गया जिला का हथियार तस्कर सौरव कुमार सा. दुबहल, गया तथा राणा अविनाश सिंह खटका चक थाना विष्णुपद जिला गया को वजीरगंज (गया) थाना क्षेत्र से छापामारी कर गिरफ्तार किया गया. इन दोनों के पास से बरामद हथियार 1. दो नाली राइफल 012. देशी कारवाईन 013. जिंदा कारतूस 034. खोखा 065. चारपहिया वाहन 01 बरामद हुआ है.

### मां की डांट से बेटी ने की आत्महत्या

**भागलपुर ।** जिले के बरारी थाना क्षेत्र के बंगला कोठी के समीप रहने वाली एक 14 वर्षीय बालिका ज्योति कुमारी ने पंखे से लटक कर आत्महत्या कर लिया है. उधर घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची बरारी पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. मृतका के पिता का कहना है कि रविवार की रात में घर का बर्तन साफ करने को लेकर मां के द्वारा बेटी को डांटा गया था. वहीं रात में सभी लोग खाना खाकर सो गए. सुबह जब मैंने बेटी का कमरा खुलवाने का प्रयास किया तब कमरा नहीं खुला. इसके बाद वेंटिलेटर से देखा गया तो ज्योति पंखे से लटकी हुई थी.

### आपसी विवाद में पीट-पीट कर ले ली जान

**मुजफ्फरपुर ।** मुजफ्फरपुर जिले से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है. जहां पर सड़क पर पानी गिराने के विवाद को लेकर एक व्यक्ति की पीट-पीट कर हत्या कर दी गई है. घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैला हुआ है. वहीं, मामले की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची हुई पुलिस जांच में जुटी है. घटना जिले के बरूराज थाना क्षेत्र की बताई जा रही है. जहां पर उस समय हड़कंप मच गया, जब एक सड़क पर पानी गिरने के विवाद को लेकर गांव के कुछ आरोपितों के द्वारा अपने ही पड़ोस के एक व्यक्ति की जमकर पिटाई कर दी गई, जिसमें घायल शख्स की मौत हो गई.

**उमड़ा जनसैलाब**





श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर पटना के इस्कॉन मंदिर में सोमवार को राधा-कृष्ण के दर्शन के लिए श्रद्धालु उमड़ पड़े.

# ऑपरेशन के दौरान पेट से निकला चाबी का गुच्छा

▪ युवक के पेट में दर्द की शिकायत के बाद एक्सरे करवाया गया था

**संवाददाता ।पूर्वी चंपारण**

जिले में हैरान करने वाली खबर सामने आई है. जहां एक युवक के पेट में दर्द की शिकायत के बाद जब एक्स-रे करवाया तो प्लेट को देखकर डाक्टर हैरान रह गये. उस युवक के पेट में लोहे का सामान दिख रहा था. डॉक्टर ने परिजनों को ऑपरेशन कराने की सलाह दी.

जब परिजन तैयार हुए तब डॉक्टरों की टीम ने युवक के पेट का ऑपरेशन किया तो उसमें से जो निकला उसे देखकर डॉक्टर ही नही बल्कि सभी हैरान रह गये. युवक के पेट से चाकू-चाबी का गुच्छा और नेल कटर निकाला गया. पेट के अंदर से लोहे का सामान मिलने से परिजन भी दंग रह गये. अस्पताल में भर्ती अन्य मरीजों के परिजन जब यह बात जाने तो यह सोचने पर मजबूर हो गये कि यह कैसे हुआ? युवक की मां ने बताया कि वो मोतिहारी के चांदमारी इलाके में रहती हैं उनका बेटा यश मानसिक रूप से बीमार है. उसे लोहे खाने की आदत थी लेकिन इसकी जानकारी मां को भी नहीं थी. उसके घर में गोदरेज का जो आलमीरा है उसका चाबी अचानक गायब हो गया था. नाखून काटने वाला नेलकटर भी नहीं मिल रहा था. मां ने चाबी और नेलकटर काफी ढूंढा लेकिन उसका पता नहीं चल सका.

### श्राद्धकर्म में सभी पहुंचे थे, एक-दूसरे को बचाने में गंडक में बह गए

# एक ही परिवार के 4 लोग डूबे

**संवाददाता ।गोपालगंज**

गोपालगंज में गंडक नदी में नहाने के दौरान सोमवार को एक ही परिवार के चार लोग डूब गए. एक-दूसरे को बचाने के दौरान यह हादसा हुआ है. डूबने वाले सभी लोग लापता हैं. यह घटना बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के मुंजा गांव की है. हादसे के बाद एसडीआरएफ और स्थानीय प्रशासन की टीम घटनास्थल पर पहुंच गई है. लापता हुए लोगों की खोजबीन की जा रही है. बताया जाता है कि जादोपुर मटियारी गांव निवासी शिक्षक नवलेश कुमार सिंह की माता का निधन हो गया था. आज दसकातर था. परिवार के सभी पुरुष सदस्य मुंजा गांव में गंडक नदी के घाट पर मुंडन कराने के लिए पहुंचे हुए थे. मुंडन कराने के बाद गंडक नदी में नहाने के दौरान एक युवक सुजीत कुमार (18 वर्ष) डूबने लगा. सुजीत को बचाने में सुमित कुमार (14 साल), निखिल कुमार (19 साल) और संजीव कुमार भी गहरे पानी में डूब गए.

**मची अफरा-तफरी :** उधर, घटना के बाद अफरातफरी मच गई. आनन-फानन में सूचना पाकर स्थानीय विधायक प्रेमशंकर यादव भी पहुंचे. प्रशासन की टीम भी पहुंची. लापता लोगों की खोजबीन के लिए एसडीआरएफ की टीम तलाश कर रही है. उधर परिजनों में कोहराम मच गया है. परिजनों को घबराहट हो रही है. डर सता रहा है कि डूबने से किशोर और युवकों की मौत हो चुकी है. इस पूरे मामले में एसडीओ डॉ. प्रदीप कुमार ने कहा कि एक नवलेश कुमार शिक्षक थे उनकी मां का कुछ दिन पहले निधन हो गया था. उसी का सोमवार को श्राद्धकर्म था. मुंडन के बाद ये बच्चे नहाने चले गए थे. नहाने के क्रम में एक का पैर फिसल गया और एक-दूसरे को बचाने के क्रम में ये लोग डूब गए. एसडीआरएफ की टीम लगातार डूबे हुए लोगों को खोज रही है. उन्होंने कहा कि इस तरह की घटना होती है तो एसडीआरएफ की टीम त्वरित कार्रवाई करती है. इस तरह की घटना में जो बिहार सरकार की ओर से आपदा की राशि है चार लाख रुपये वह दी जाएगी.



### नालंदा में उफनाई नदी, पुल क्षतिग्रस्त, डायवर्सन पर बह रहा पानी

**नालंदा ।** नालंदा में बहने वाली गोइठवा की सहायक गोहिया नदी में पानी के बढ़ते जलस्तर ने बिंद प्रखंड के सीमावर्ती इलाका दुल्हपुर गांव के निवासियों के लिए एक नई चुनौती खड़ी कर दी है. नदी पर बना चचरी पुल, जो बंदीचक गांव को जोड़ता था, अब पानी में डूब गया है और बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है. इसके कारण स्थानीय लोगों के दैनिक जीवन को गंभीर रूप से प्रभावित कर रही है. स्थानीय निवासी धर्मेंद्र यादव ने बताया की हमारे गांव में लगभग 500 लोग रहते हैं, और यह पुल हमारे लिए जीवनरेखा की तरह था. अब हम अपने दैनिक कार्यों के लिए भी संघर्ष कर रहे हैं. चचरी पुल जो बांस से निर्मित था, विशेष रूप से बुजुर्गों और बच्चों के लिए महत्वपूर्ण था. पुल के क्षतिग्रस्त होने से, नदी पार करना अब एक जोखिम भरा काम बन गया है. फिर भी, कई ग्रामीण अपनी जान जोखिम में डालकर नदी पार करने को मजबूर हैं. गांव से बाहर मुख्य सड़क तक जाने के लिए दो किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है. जबकि चचरी पुल से महज 20 मीटर की दूरी ही तय करनी पड़ती है.

### मानपुर के रसलपुर गुमटी के पास हुआ हादसा

# गया में मालगाड़ी की 12 बोगियां बेपटरी

**संवाददाता ।पटना**

गया जिले के बंधुआ-मानपुर से होकर गुजरने वाली डेडिकेटेड फ्रंट कॉरिडोर रेल लाइन से क्रास कर रही मालगाड़ी मानपुर के रसलपुर गुमटी के निकट सोमवार को बेपटरी हो गईं, जिसमें 12 बोगियां एक साथ पटरी से नीचे उतर गईं. मालगाड़ी दो हिस्से में बंट गई. इस घटना से रेलवे गुमटी के दोनों तरफ यातायात बाधित है. घटना



की सूचना पर रेलवे कर्मी मौके पर पहुंच रहे हैं. मालगाड़ी में कोयला लदा है, जो झारखंड से बाढ़ जा रहा था. खास बात यह कि डेडिकेटेड फ्रंट कॉरिडोर के तहत हाल में ही पटरी बिछाई गई थी. संचालन भी तीन माह पूर्व शुरू हुआ था. हादसा क्यों और कैसे हुआ इस बाबत अधिकारी कुछ नहीं बता रहे हैं. ग्रामीणों का कहना है कि बारिश की वजह से पटरी के धंसने से यह हादसा हुआ है. डेडिकेटेड फ्रंट कॉरिडोर रेल लाइन से केवल गुड्स ट्रेन का संचालन होता है. वह भी केवल कोयला ले जाया जाता है.

### बेतिया में ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत

**बेतिया ।** बेतिया में ट्रेन की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई है. घटना शिकारपुर थाना क्षेत्र के सलेमपुर वार्ड नंबर 11 की है. मृतका की पहचान सुदर्शन रावत की पत्नी अनीता देवी के रूप में हुई है. घटना की सूचना अगल-बगल के गांवों मे आग की तरह फैल गई. घटना स्थल पर सैकड़ों की संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी. घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए जीएमसीएच बेतिया भेज दिया है. मृतका के पति सुदर्शन राउत ने बताया कि रविवार रात अनीता शौच के लिए घर के पीछे रेलवे लाइन की तरफ गई हुई थी. इस दौरान किसी अज्ञात ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई. सुबह स्थानीय लोगों ने रेलवे ट्रैक पर उसे देख घटना की जानकारी दी.

### सरकार ने 25000 का इनाम रखा था

# अपराधी नोखा गिरफ्तार, 6 कांडों में पुलिस को थी तलाश

**संवाददाता ।नवादा**

नवादा जिले के पकरीबरवां के थाना प्रभारी अजय कुमार ने 25000 के इनामी अपराधी विकास कुमार उर्फ नोखा को हरियाणा के पानीपत से गिरफ्तार कर लिया है, जिसकी जानकारी सोमवार को प्रेस वार्ता का आयोजन कर दी गई है.

नवादा जिले के पकरीबरवां में एसडीपीओ के साथ आयोजित प्रेस वार्ता में थाना प्रभारी अजय कुमार ने बताया कि 23 दिसंबर 2023 को पकड़ी पकरीबरावां इलाके में अपराधी विकास कुमार उर्फ नोखा ने एक राहगीर से जुगली मोड़ के समीप 23000 रुपए की लूट की थी. उसके बाद भी इलाके में दहशत पैदा कर रखा था.

जानकारी मिली कि विकास कुमार उर्फ नोखा पर सीमावर्ती जमुई जिले में चार तथा नवादा जिले के पकरीबरावां तथा कौवाकोल मिलाकर दो आपराधिक मामले दर्ज किए गए हैं. सभी मामले सड़क लूट के साथ ही हत्या के प्रयास से संबंधित धाराओं में दर्ज किए गए हैं. नवादा जिले में विकास कुमार उर्फ नोखा आतंक का पर्याय बन चुका था. बढ़ रहे अपराधी घटना को देखते हुए नवादा के पुलिस अधीक्षक ने एक विशेषता टास्कफोर्स का गठन किया था.

## कारोबार

### नैसकॉम ने सिंधु को चेयरपर्सन बनाया

**नयी दिल्ली ।** आईटी उद्योग निकाय नैसकॉम ने एसएपी लैब्स इंडिया की प्रबंध निदेशक सिंधु गंगाधरन को तत्काल प्रभाव से अपना चेयरपर्सन नियुक्त करने की सोमवार को घोषणा की है. गंगाधरन ने राजेश नांबियार की जगह ली है. नांबियार को नैसकॉम (नेशनल एसोसिएशन ऑफ सॉफ्टवेयर एंड सर्विस कंपनीज) का मनोनीत अध्यक्ष नियुक्त किया गया है. गंगाधरन ने कहा, नैसकॉम ने भारत को वैश्विक नवाचार में अग्रणि बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है.

### बाजार का आईपीओ 30 को खुलेगा

**नयी दिल्ली ।** रेखा झुनझुनवाला समर्थित बाजार स्टाइल रिटेल लिमिटेड ने 835 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के लिए 370-389 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है. कंपनी ने सोमवार को घोषणा की कि आईपीओ 30 अगस्त को खुलेगा और तीन सितंबर को बंद होगा. प्रस्तावित आईपीओ 148 करोड़ रुपये मूल्य के ताजा शेयर और 687 करोड़ रुपये मूल्य के 1.76 करोड़ शेयर की बिक्री पेशकश का संयोजन है. नए निर्गम से प्राप्त 146 करोड़ की राशि का इस्तेमाल ऋण के भुगतान के लिए किया जाएगा.

### बीएचईएल को 11 हजार करोड़ के मिले ठेके

**नयी दिल्ली ।** सार्वजनिक क्षेत्र की इंजीनियरिंग कंपनी भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड को तीन ताप विद्युत परियोजनाएं स्थापित करने के लिए 11,000 करोड़ रुपये से अधिक का ठेका मिला है. इस राशि में जीएसटी शामिल नहीं है. भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड ने बीएसई को दी सूचना में बताया, बीएचईएल ने रविवार को तीन बिजली परियोजनाओं के लिए उपकरणों की आपूर्ति और स्थापना व उसे चालू कराने की प्रक्रियाओं के लिए अदाणी पावर और उसकी अनुषंगी कंपनी के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं. कंपनी सूचना के अनुसार, इन तीन ठेकों का मूल्य 11,000 करोड़ से अधिक है, जिसमें जीएसटी शामिल नहीं है.

# पटेल रिटेल, गरुड़ कंस्ट्रक्शन को आईपीओ के लिए मिली मंजूरी

### दोनों कंपनियों ने सेबी के पास जमा किए थे दस्तावेज

**एजेंसी ।नयी दिल्ली**

सुपरमार्केट श्रृंखला का संचालन करने वाली कंपनी पटेल रिटेल और निर्माण कंपनी गरुड़ कंस्ट्रक्शन एंड इंजीनियरिंग को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए पूंजी बाजार नियामक सेबी की मंजूरी मिल गई है. दोनों कंपनियों ने अप्रैल और जून के बीच नियामक सेबी के पास अपने आईपीओ के लिए दस्तावेजों का मसौदा जमा किया था. भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के एक अपडेट से पता चला कि दोनों कंपनियों को 21-23 अगस्त के बीच नियामकीय निष्कर्ष मिल गया. इसका मतलब है कि सार्वजनिक निर्गम लाने के लिए सेबी की मंजूरी मिल गई है.

आईपीओ संबंधी दस्तावेजों के मसौदे के मुताबिक, पटेल रिटेल का आईपीओ 90.18 लाख शेयरों के नए शेयरों और प्रवर्तकों के 10.02 लाख शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का मिश्रण है. मर्चेंट बैंकिंग सूत्रों का कहना है कि इस आईपीओ का आकार 250 करोड़ रुपये से लेकर 325 करोड़ रुपये के बीच रह सकता है. पटेल रिटेल की स्थापना 2008 में महाराष्ट्र के




अंबरनाथ में स्टोर के साथ हुई थी. इसने महाराष्ट्र के ठाणे और रायगढ़ जिले के उपनगरीय क्षेत्रों में अपने परिचालन का विस्तार किया है. वहीं, गरुड़ कंस्ट्रक्शन एंड इंजीनियरिंग लिमिटेड के आईपीओ में 1.83 करोड़ नए इक्विटी शेयरों और प्रवर्तक पीकेएच वेंचर्स लिमिटेड के 95 लाख इक्विटी शेयरों की बिक्री का प्रस्ताव है. गरुड़ कंस्ट्रक्शन एंड इंजीनियरिंग आवासीय, वाणिज्यिक, आतिथ्य, बुनियादी ढांचा और औद्योगिक परियोजनाओं में शामिल है. दोनों कंपनियों के शेयरों को बीएसई और एनएसई पर सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है.

### भारत में कारोबार बढ़ाने को उत्सुक है कैथे कार्गो

**हांगकांग ।** हांगकांग स्थित कैथे कार्गो के निदेशक टॉम ओवेन ने कहा कि उनकी कंपनी भारत में विस्तार करने को इच्छुक है. उन्होंने कहा कि वे चाहते हैं उनके मालवाहक विमानों को देश के भीतर 'ओपन स्काई पॉलिसी' के तहत कई गंतव्यों के बीच उड़ान भरते समय सफर एक साथ पूरा करने की अनुमति दी जाए. भारत सरकार 'ओपन स्काई पॉलिसी' के तहत कई विदेशी मालवाहकों को सभी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों से परिचालन की अनुमति देती है, ताकि वस्तुओं की आवाजाही में तेजी लाई जा सके और खासकर शीघ्र खराब होने वाली वस्तुओं के निर्यात को बढ़ावा दिया जा सके. ओवेन ने 'पीटीआई-भाषा' का दिए साक्षात्कार में कहा, भारत के लिए 'ओपन स्काई पॉलिसी' एक सकारात्मक पहल है. उन्होंने कहा, इसके अलावा हम यह भी चाहेंगे कि हमारी उड़ानें एक साथ सफर पूरा करें. हम दिल्ली से उड़ान भरने के बाद कोलकाता और फिर हांगकांग वापस जाना पसंद करेंगे, ताकि हम दो स्थानों पर उड़ान भर पाएं. उन्होंने कहा कि कंपनी भारत की आर्थिक वृद्धि को लेकर उत्साहित है. ओवेन ने कहा कि उनकी कंपनी औषधि, मोटर वाहन कलपुर्जों, इलेक्ट्रॉनिक और कृषि उत्पादों के निर्यात में वृद्धि के साथ देश की संभावनाओं के बारे में बहुत आशावादी है.

# आरबीआई वित्तीय क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए नीतियां बनाने पर लगातार काम कर रहा : आरबीआई गवर्नर

**एजेंसी ।बेंगलुरु**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने सोमवार को कहा कि केंद्रीय बैंक लगातार ऐसी नीतियां, प्रणालियां और मंच तैयार करने पर काम कर रहा है जो वित्तीय क्षेत्र को मजबूत, जुझारू और ग्राहक केंद्रित बनाएंगे. आरबीआई @90 पहल के तहत डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना तथा उभरती प्रौद्योगिकियों पर वैश्विक सम्मेलन में दास ने यूनिफाइड लेंडिंग इंटरफेस (यूएलआई) और सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी (सीबीडीसी) के संबंध में आरबीआई द्वारा की जा रही विभिन्न पहलों का जिक्र किया. गवर्नर ने कहा कि यूपीआई प्रणाली में सीमा पार धन प्रेषण के उपलब्ध माध्यमों के लिए एक सस्ता तथा त्वरित विकल्प बनने की क्षमता है और इसकी शुरुआत छोटे मूल्य के



आरबीआई गवर्नर

व्यक्तिगत धन प्रेषण से की जा सकती है, क्योंकि इसे शीघ्रता से क्रियान्वित किया जा सकता है.

संसद में जुलाई में पेश आर्थिक समीक्षा के अनुसार, भारत में धन प्रेषण (जो सेवा निर्यात के बाद बाह्य वित्तपोषण का दूसरा सबसे बड़ा स्रोत है) 2024 में 3.7 प्रतिशत बढ़कर 124 अरब अमेरिकी डॉलर और 2025 में चार प्रतिशत बढ़कर 129 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है. दास ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक आरबीआई@100 की ओर बढ़ने की यात्रा को लेकर काफी आशावादी है.

**आने वाले वर्षों में यह प्रक्रिया और तेज होगी :** उन्होंने कहा, हम लगातार ऐसी नीतियां, दृष्टिकोण, प्रणालियां और मंच तैयार करने पर काम कर रहे हैं जो हमारे वित्तीय क्षेत्र को अधिक मजबूत, गतिशील और ग्राहक केंद्रित बनाएंगे. डीपीआई और उभरती प्रौद्योगिकियों के विषय पर उन्होंने कहा कि पिछले दशक में पारंपरिक बैंकिंग प्रणाली में अभूतपूर्व प्रौद्योगिकी बदलाव हुआ है. सभी संकेतों से पता चलता है कि आने वाले वर्षों में यह प्रक्रिया और भी तेज हो सकती है. डीपीआई को लेकर देश के अनुभव पर उन्होंने कहा, डीपीआई ने भारत को एक दशक से भी कम समय में वित्तीय समावेश के ऐसे स्तर को हासिल करने में सक्षम बनाया है, जिसे हासिल करने में अन्यथा कई दशक या उससे भी अधिक समय लग जाता. डीपीआई व्यापक रूप से सार्वजनिक क्षेत्र में निर्मित बुनियादी प्रौद्योगिकी प्रणालियों को संदर्भित करता है जो उपयोगकर्ताओं तथा अन्य डेवलपर के लिए खुले तौर पर उपलब्ध हैं.

**प्रौद्योगिकी प्लेटफ़ॉर्म का पायलट लॉन्च किया :** दास ने कहा, बैंकिंग सेवाओं के डिजिटलीकरण की इस यात्रा को जारी रखते हुए, पिछले साल हमने एक प्रौद्योगिकी प्लेटफ़ॉर्म का पायलट लॉन्च किया जो बिना किसी बाधा के ऋण उपलब्ध कराता है. अब से, हम इसे यूनिफाइड लेंडिंग इंटरफेस कहने का प्रस्ताव करते हैं. यूएलआई प्लेटफॉर्म विभिन्न डेटा सेवा प्रदाताओं से ऋणदाताओं तक विभिन्न राज्यों के भूमि रिकॉर्ड सहित डिजिटल जानकारी के निर्बाध तथा सहमति-आधारित प्रवाह की सुविधा प्रदान करता है.

### इंटरआर्क बिल्डिंग का शेयर हुआ सूचीबद्ध

**नयी दिल्ली ।** निर्माण समाधान प्रदाता इंटरआर्क बिल्डिंग प्रोडक्ट्स का शेयर निर्गम मूल्य 900 रुपये से 44 प्रतिशत से अधिक उछाल के साथ सोमवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ. बीएसई पर शेयर 43.46 प्रतिशत से अधिक उछाल के साथ 1,291.20 रुपये सूचीबद्ध हुआ. बाद में यह 46.22 प्रतिशत बढ़कर 1,316 रुपये पर पहुंच गया. एनएसई पर यह 44.33 प्रतिशत की उछाल के साथ 1,299 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ. कंपनी का बाजार मूल्यांकन 2,031.80 करोड़ रुपये रहा.



### रिपोर्ट के अनुसार

## जनवरी-जून में देश ने रिकॉर्ड 15 गीगावाट सौर क्षमता जोड़ी

**एजेंसी ।नयी दिल्ली**

चालू कैलेंडर साल की पहली छमाही जनवरी-जून, 2024 की अवधि में देश में लगभग 15 गीगावाट की रिकॉर्ड सौर क्षमता स्थापित की गई है. विलंब से चल रही परियोजनाओं को पूरा करने के काम में तेजी से ऐसा हुआ है. मेरकॉम कैपिटल की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है. देश ने वर्ष 2023 की समान अवधि में 3.89 गीगावाट सौर क्षमता जोड़ी थी.

अमेरिका स्थित शोध फर्म मेरकॉम ने अपनी ताजा रिपोर्ट में कहा है कि पहली छमाही में भारत में सौर क्षमता की स्थापना 15 गीगावाट तक पहुंच गई, जो पिछले सभी वर्षों के रिकॉर्ड को पार कर गई. यह पिछले साल की पहली छमाही की तुलना में 282 प्रतिशत अधिक है. रिपोर्ट कहती है कि सौर इकाइयों के डेवलपर ने देरी से चल रही परियोजनाओं को चालू करने में तेजी दिखाई. जून, 2024 तक, भारत की कुल स्थापित सौर क्षमता 87.2 गीगावाट हो गई जिसमें उपयोगिता-स्तरीय परियोजनाओं का योगदान लगभग 87 प्रतिशत था, और छत पर सौर ऊर्जा का योगदान 13 प्रतिशत से अधिक था.

भारत की स्थापित बिजली क्षमता में सौर ऊर्जा का योगदान 19.5 प्रतिशत और कुल स्थापित नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता का 44 प्रतिशत से अधिक हो गया. बड़े स्तर की सौर परियोजनाओं की औसत लागत में सालाना आधार पर लगभग 26 प्रतिशत और तिमाही स्तर पर दो प्रतिशत की कमी आई. मेरकॉम कैपिटल ग्रुप के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) राज प्रभु ने कहा, परियोजनाओं की मजबूत पाइपलाइन और तेजी से बढ़ती निविदा गतिविधियों का समय पर क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए यह महत्वपूर्ण कदम है.

### रिपोर्ट के अनुसार | बेंगलुरु के बगलुरु में 2020 से आवास 90 प्रतिशत महंगे हुए

# द्वारका एक्सप्रेस-वे पर दाम 79 प्रतिशत बढ़ गए

**एजेंसी ।नयी दिल्ली**

बेंगलुरु के बगलुरु में घरों की कीमतें 2020 के बाद से सबसे अधिक 90 प्रतिशत बढ़ी हैं, जबकि दिल्ली-एनसीआर में द्वारका एक्सप्रेसवे 79 प्रतिशत मूल्यवृद्धि के साथ चौथे स्थान पर है. एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है. रियल एस्टेट सलाहकार एनारॉक ने पिछले पांच वर्षों अधिकतम नई पेशकश के आधार पर सात प्रमुख शहरों के शीर्ष तीन सूक्ष्म बाजारों में मूल्य रुझानों का विश्लेषण किया है. आंकड़ों के अनुसार, बेंगलुरु के बगलुरु में 2019 के अंत और इस साल जून के बीच 90 प्रतिशत की सर्वाधिक मूल्यवृद्धि दर्ज की गई. एनारॉक के चेयरमैन



अनुज पुरी ने कहा, बगलुरु में औसत आवासीय कीमतें 2019 में 4,300 रुपये प्रति वर्ग फुट से बढ़कर 2024 की पहली छमाही में 8,151 रुपये प्रति वर्ग फुट हो गईं. हैदराबाद का कोकापेट 89 प्रतिशत मूल्यवृद्धि के साथ दूसरे स्थान पर है. वहां कीमतें 2019 में 4,750 रुपये प्रति वर्ग फुट से बढ़कर 2024 की पहली छमाही में 9,000 रुपये प्रति वर्ग फुट हो गईं. इस अवधि में आवासीय कीमतों में 80 प्रतिशत की वृद्धि के साथ बेंगलुरु का व्हाइटफील्ड तीसरे स्थान पर है. औसत कीमतें 2019 में 4,765 रुपये प्रति वर्ग फुट से बढ़कर 2024 की पहली छमाही में 8,600 रुपये प्रति वर्ग फुट हो गईं.

एनसीआर का द्वारका एक्सप्रेसवे 79 प्रतिशत मूल्यवृद्धि के साथ चौथे स्थान पर है. यहां औसत कीमतें 2019 के 5,359 रुपये प्रति वर्ग फुट से बढ़कर 2024 की पहली छमाही में 9,600 रुपये प्रति वर्ग फुट हो गईं. चेयरमैन अंगद बेदी ने कहा, उत्तरी बेंगलुरु, व्हाइटफील्ड और सरजापुर रोड में आवासीय रियल एस्टेट में पर्याप्त मूल्यवृद्धि की वजह इन सूक्ष्म बाजारों में तेजी से बुनियादी ढांचे का विकास है.

### सेंसेक्स 612 अंक चढ़ा, निफ्टी भी मजबूत

**मुंबई ।** अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की तरफ से ब्याज दरों में कटौती का सिलसिला जल्द शुरू होने की उम्मीदों के बीच सोमवार को स्थानीय शेयर बाजारों में खासी तेजी दर्ज की गई. मानक सूचकांक सेंसेक्स 612 अंक उछल गया, जबकि निफ्टी 25,000 अंक के ऊपर बंद हुआ. कारोबारियों ने कहा कि विदेशी पूंजी के प्रवाह और एचडीएफसी बैंक एवं रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसे प्रमुख शेयरों में खरीदारी से भी बाजार में तेजी आई. अमेरिकी फेडरल रिजर्व के चेयरमैन जेरोम पावेल के शुक्रवार के बयान से बाजार में तेजी की धारणा को बल मिला. पावेल ने कहा था कि नीतिगत ब्याज दर को दो दशक के उच्चस्तर से नीचे लाने का अब समय आ गया है. पावेल ने कहा, मौद्रिक नीति को समायोजित करने का समय आ गया है. इस सफर की दिशा स्पष्ट है, और दरों में कटौती का समय और रफ्तार आने वाले आंकड़ों, उभरते परिदृश्य और जोखिमों के संतुलन पर निर्भर करेगा. बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 611.90 अंक यानी 0.75 प्रतिशत उछलकर 81,698.11 अंक पर बंद हुआ. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का सूचकांक निफ्टी 187.45 अंक यानी 0.76 प्रतिशत बढ़कर 25,010.60 अंक पर पहुंच गया.

## न्यूज अपडेट

### कांग्रेस सांसद वसंत चव्हाण का निधन

**नांदेड़।** महाराष्ट्र की नांदेड़ लोकसभा सीट से कांग्रेस सांसद वसंत चव्हाण का लंबी बीमारी के बाद सोमवार को हैदराबाद के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया. 69 वर्षीय चव्हाण ने सुबह करीब चार बजे अंतिम सांस ली. वह पिछले सप्ताह से किडनी संबंधी समस्या का इलाज करा रहे थे. चव्हाण ने लोकसभा चुनाव में इलाके के रसूखदार नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण के भाजपा में शामिल होने के बावजूद जीत हासिल की थी.

### उ.कोरिया ने किया नए ड्रोन का प्रदर्शन

**सियोल।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने लक्ष्यों पर हमला करने के लिए तैयार किए गए नए विस्फोटक ड्रोनों का प्रदर्शन देखा और अपनी सेना की युद्ध की तैयारी मजबूत करने के लिए ऐसे हथियारों के विकास को बढ़ावा देने का संकल्प लिया. सरकारी मीडिया ने सोमवार को यह जानकारी दी. यह परीक्षण ऐसे समय पर किया गया जब अमेरिका और दक्षिण कोरियाई सेनाएं बड़े पैमाने पर युद्धाभ्यास कर रही हैं.

### सागर द्वीप पर डूबा मालवाहक जहाज

**कोलकाता।** भारतीय तटरक्षक ने कोलकाता से पोर्ट ब्लेयर जा रहे मालवाहक जहाज एमवी आईटीटी पुमा से चालक दल के 11 सदस्यों को रविवार रात को सफलतापूर्वक बचाया. यह जहाज खराब मौसम के कारण सागर द्वीप पर 70 समुद्री मील दक्षिण में डूब गया. एक अधिकारी ने सोमवार को बताया कि चालक दल के तीन सदस्य अब भी लापता हैं. तटरक्षक कर्मियों ने समुद्री हवा में चलाए गए समन्वित अभियान में 11 लोगों को बचाया.

### हिम गुफा ढहने से एक व्यक्ति की मौत

**बर्लिन।** दक्षिण आइसलैंड में बर्फ की एक गुफा आंशिक रूप से ढहने से कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गयी जबकि दो अन्य लापता हैं. यह हादसा तब हुआ जब पर्यटकों का एक समूह एक ग्लेशियर की यात्रा पर था. स्थानीय पुलिस ने एक बयान में कहा कि हादसे के बारे में रविवार अपराह्न करीब तीन बजे सूचना मिली. कई देशों के करीब 25 विदेशी पर्यटक हिम गुफाओं को देखने आए थे तभी चार लोगों पर बर्फ का हिस्सा गिर गया.

### शिवाजी की 35 फुट ऊंची प्रतिमा ढही

**मुंबई।** महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग जिले के एक किले में मराठा शासक छत्रपति शिवाजी महाराज की 35 फुट ऊंची प्रतिमा सोमवार को ढह गई. इस प्रतिमा का अनावरण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था. इस संबंध में एक अधिकारी ने बताया कि प्रतिमा मालवन स्थित राजकोट किले में अपराह्न करीब एक बजे ढही. विशेषज्ञ प्रतिमा के ढहने के वास्तविक कारण का पता लगाएंगे. हालांकि, उन्होंने कहा कि जिले में बीते दो-तीन दिनों में भारी बारिश हुई है और तेज हवाएं चली हैं.

### नदी में बही ट्रैक्टर ट्रॉली, 10 को बचाया

**मोरबी।** गुजरात के मोरबी जिले में भारी बारिश के बीच पानी में डूबे पुल को पार करते हुए ट्रैक्टर ट्रॉली समेत बह गए सात लोगों की तलाश में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) का अभियान जारी है. एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी. धावना गांव के पास घटी इस घटना में ट्रैक्टर ट्रॉली पर सवार 17 लोगों में से 10 को देर रात में चलाए गए अभियान में बचा लिया गया और बाकी सात की तलाश जारी है.

### सूडान में टूटा बांध, कई लोगों की मौत

**काहिरा।** सूडान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि 'पूर्वी लाल सागर' राज्य में भारी बारिश के कारण एक बांध टूट गया है, जिसमें कई लोगों के मरने और लापता होने की सूचना है. स्वास्थ्य मंत्रालय ने रविवार को एक बयान जारी कर कहा कि भारी बारिश के बाद अरबात बांध टूट गया था, और फंसे हुए लोगों की मदद के लिए संसाधनों को क्षेत्र में तैनात किया गया है. बांध टूटने से आई बाढ़ में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई है, लेकिन यह नहीं बताया गया कि कितने लोग लापता हैं.

### उत्तरी माली में ड्रोन हमले में 21 की मौत

**बमाको (माली)।** अल्जीरियाई सीमा के पास उत्तरी माली के एक गांव पर रविवार को हुए हवाई हमलों में 11 बच्चों सहित 21 नागरिक मारे गए. तुआरेग बहुल स्वतंत्रता समर्थक समूहों के गठबंधन के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि रविवार को किए गए हमलों में एक फार्मेसी को निशाना बनाया गया, इसके बाद अन्य हमलों में आसपास के क्षेत्र में एकत्रित लोगों को निशाना बनाया गया. राष्ट्रीय टेलीविजन पर प्रसारित एक बयान में माली के सशस्त्र बलों ने हमलों की पुष्टि की.

### नक्सलियों ने की एक ग्रामीण की हत्या

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में नक्सलियों ने पुलिस का मुखबिर होने के संदेह में एक व्यक्ति की हत्या कर दी है. पुलिस अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि जिले के भैरमगढ़ थाना क्षेत्र में नक्सलियों ने सीतु माड़वी की हत्या कर दी है. नक्सलियों ने रविवार सुबह भैरमगढ़ थाना क्षेत्र के जैगुर गांव के करीब जन अदालत लगाकर माड़वी की हत्या कर दी. घटना की सूचना मिलने के बाद आज सुबह पुलिस की टीम को इलाके के लिए रवाना किया गया.

---

**रूस-यूक्रेन युद्ध :** मॉस्को और कीव ने एक दूसरे पर किए भीषण हमले, पांच लोगों की मौत; कई घायल

# यूक्रेन में मिसाइलों की बौछार, रूस पर ड्रोन हमले

**लगातार न्यूज नेटवर्क ।** रूस और यूक्रेन ने रविवार की मध्य रात्रि और सोमवार की सुबह एक दूसरे पर भीषण हमले किए. रूस की सेना ने यूक्रेन के विभिन्न हिस्सों में बड़े पैमाने पर ड्रोन और मिसाइल हमला किया, जिसमें निशाने पर संभवत: ऊर्जा आधारभूत ढांचा था. इन हमलों में कम से कम पांच व्यक्तियों की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हो गए. यह हमला रविवार मध्य रात्रि से शुरू हुआ और सोमवार भोर तक जारी रहा. यह पिछले कुछ सप्ताह में सबसे बड़ा हमला प्रतीत होता है. वहीं यूक्रेन ने रूस में कई ड्रोन हमले किए. इससे क्षेत्र के दो प्रमुख शहरों में कई घरों को नुक़सान पहुंचा. रूस के मध्य क्षेत्र सारातोव में चार लोग घायल हो गए, जहां ड्रोन ने दो शहरों में आवासीय इमारतों को निशाना बनाया, जबकि एक महिला घायल हो गई.



रूसी सेना द्वारा यूक्रेन पर किया गया मिसाइल हमला.

## रूस के हमले से यूक्रेन के ऊर्जा क्षेत्र को भारी नुकसान

एजेंसी। कीव

यूक्रेन की वायुसेना के अनुसार, यूक्रेन के पूर्वी, उत्तरी, दक्षिणी और मध्य क्षेत्रों की ओर रूसी ड्रोन के कई समूह बढ़ रहे थे, जिसके बाद कई क्रूज और बैलिस्टिक मिसाइल भी दागी गईं. कीव के मेयर विताली क्लित्स्को ने बताया कि राजधानी कीव में विस्फोटों की आवाज सुनी गईं और हमले की वजह से शहर में बिजली और जल आपूर्ति बाधित हुई है. हमलों के मद्देनजर, शहर प्रशासन ने नागरिकों के लिए आश्रय केंद्र जैसे स्थल खोलने की योजना की घोषणा की जहां लोग बिजली कटौती के दौरान अपने उपकरणों को चार्ज कर सकते हैं और जलपान कर सकते हैं. इस तरह के केंद्र पहली बार यूक्रेन में 2022 की शरद ऋतु में खोले गए थे, जब रूस ने हमला कर देश के ऊर्जा बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया था. यूक्रेन के पश्चिमी शहर लुत्स्क के मेयर इगोर पोलिशचुक ने कहा कि एक बहुमंजिला आवासीय इमारत

### रूस ने हमले में 100 से अधिक मिसाइल और करीब 100 ड्रोन का इस्तेमाल किया : जेलेंस्की

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने अपने देश पर रूस की ओर से रातभर और सुबह की गयी बमबारी की सोमवार को निंदा करते हुए उसे 'घिनौना' बताया और कहा कि इसमें विभिन्न प्रकार की 100 से अधिक मिसाइलों तथा करीब 100 'शाहिद' ड्रोन का इस्तेमाल किया गया. यूक्रेन के नेता ने कहा कि 'कुछ लोगों की मौत हुई है' तथा कई अन्य लोग घायल हुए हैं. उन्होंने यह भी पुष्टि की कि रूस के हमले से यूक्रेन के ऊर्जा क्षेत्र को 'काफी नुकसान' पहुंचा है. जेलेंस्की ने कहा, 'रूस के पिछले हमलों की तरह यह भी घिनौना था जिसमें महत्वपूर्ण असैन्य बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया गया. खारकीव और कीव से लेकर ओडेसा तक तथा हमारे पश्चिमी क्षेत्रों को निशाना बनाया गया.'

और एक अज्ञात बुनियादी संरचना को हमले में नुकसान पहुंचा है और एक व्यक्ति की मौत हो गई है.

क्षेत्रीय प्रमुख सेरही लिसाक ने बताया कि मध्य निप्रोपेत्रोव्स्क क्षेत्र में एक और व्यक्ति की मौत हो गई, जहां हमले के कारण कई जगहों पर आग लग गई, एक दर्जन घर क्षतिग्रस्त हो गए और दो घर पूरी तरह से नष्ट हो गए. लिसाक ने बताया कि मलबे में दबे एक व्यक्ति को बचाया गया. क्षेत्रीय प्रमुख इवान फेडोरोव ने बताया कि जापोरिज्जिया के दक्षिण-पूर्वी, आंशिक रूप से कब्जे वाले क्षेत्र में भी एक व्यक्ति की मौत हो गई. फेडोरोव के अनुसार, एक बुनियादी ढांचा इकाई को नुकसान पहुंचा और उसमें आग लग गई. क्षेत्रीय प्रमुख

### पोलैंड और नाटो वायु रक्षा इकाइयां सक्रिय

क्षेत्रीय प्रमुख रुस्लान क्रावचेंको ने बताया कि कीव क्षेत्र के बाहरी इलाके में एक व्यक्ति एक हमले में घायल हो गया, जिसमें अनिर्दिष्ट बुनियादी ढांचे की वस्तुओं और आवासों को निशाना बनाया गया. यूक्रेन की निजी ऊर्जा कंपनी, डीटीईके ने आपातकालीन बिजली कटौती की शुरुआत की और एक ऑनलाइन बयान में कहा कि "पूरे देश में ऊर्जा कर्मचारी यूक्रेन के लोगों के घरों में रोशनी बहाल करने के लिए 24/7 काम करते हैं." सेना ने कहा कि हमले के परिणामस्वरूप देश के पूर्वी हिस्से में पोलैंड और नाटो वायु रक्षा इकाइयां सक्रिय हो गई हैं.

विटाली किम ने बताया कि दक्षिणी मायकोलाइव क्षेत्र में तीन लोग घायल हुए हैं. उन्होंने स्थानीय निवासियों से क्षेत्र में नागरिक सुविधा केंद्रों का उपयोग करने का आग्रह भी किया.

## रूस में दो ऊंची इमारतों से टकराया ड्रोन

**मॉस्को ।** इस बीच, यूक्रेन ने रूस में कई ड्रोन हमले किए. रूसी अधिकारियों ने रविवार रात के समय और सोमवार सुबह यूक्रेन के ड्रोन हमले की सूचना दी. स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि एक ड्रोन सारातोव शहर में एक ऊंची आवासीय इमारत से टकराया, जबकि दूसरा ड्रोन एंगेल्स शहर में एक आवासीय इमारत से टकराया, जहां एक सैन्य हवाई क्षेत्र स्थित है जिस पर पहले भी हमला हो चुका है. रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि रात के समय और सुबह रूस के सारातोव और यारोस्लाव सहित आठ रूसी क्षेत्रों में यूक्रेन के कुल 22 ड्रोनों को रोका गया. रूसी मीडिया ने जानकारी दी है कि यूक्रेनी ड्रोन रूस के एंगेल्स शहर में एक एयरबेस को निशाना बना रहे थे. इन्हें रूस के एयर डिफेंस सिस्टम ने रोकने की कोशिश की. इसी दौरान एक ड्रोन सारातोव में ऊंची इमारत से टकराया, जबकि दूसरा एंगेल्स की एक इमारत की छत से टकराया. इमारतों के मलबे से कई गाड़ियों को नुक़सान पहुंचा है.

बीबीसी रूसी सेवा के अनुसार, टेलिग्राम चैनल माश पर एक वीडियो जारी किया गया है. जिसमें एक ड्रोन को 37 मंज़िला रिहायशी इमारत से टकराकर उसमें विस्फोट होते देखा जा सकता है. कई चैनलों की तरफ से जारी तस्वीरों से पता चलता है कि इस इमारत की तीन मंज़िलों की खिड़कियां हमले के कारण क्षतिग्रस्त हो गईं. किसी की मौत को लेकर फ़िलहाल कोई जानकारी सामने नहीं आई है. टेलिग्राम चैनल माश पर क्षतिग्रस्त हुई गाड़ियों और एक घर की छत के वीडियो भी जारी किए गए हैं. ड्रोन दो ही थे या इससे ज़्यादा इसका पता नहीं चल सका है. हालांकि सारातोव क्षेत्र के गवर्नर रोमन बुसारगिन ने इस घटना की पुष्टि की है.

### यूक्रेन के हमले पर रूस का रक्षा मंत्रालय क्या बोला?

रूस के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया कि देश के विभिन्न क्षेत्रों में बीती रात और आज सुबह 20 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए गए. मंत्रालय का ये भी कहना है कि सारातोव क्षेत्र में नौ ड्रोन, कुर्स्क क्षेत्र में तीन, ब्रांस्क, बेलगोरोड और तुला क्षेत्रों में दो-दो और ओर्योल और रियाज़ान क्षेत्रों में एक-एक ड्रोन को मार गिराया गया. रूसी रक्षा मंत्रालय के मुताबिक एंगेल्स पर हमले में सात और ड्रोन भी शामिल थे. इन्हें मार गिराए जाने के बाद मलबा कहां गिरा, और क्या नुक़सान पहुंचा इसकी अभी कोई जानकारी नहीं है.



यूक्रेन द्वारा रूस में एक ऊंची इमारत पर किया गया ड्रोन हमला.

---

**त्रिपुरा :** उपद्रवियों ने रानीरबाजार क्षेत्र में घरों व वाहनों को फूंका, निषेधाज्ञा लागू

# मंदिर की मूर्ति खंडित होने पर बवाल

एजेंसी। अगरतला

पश्चिमी त्रिपुरा के रानीरबाजार क्षेत्र में एक मंदिर में मूर्ति क्षतिग्रस्त पाए जाने के बाद अज्ञात लोगों ने कम से कम 12 घरों और कुछ वाहनों को आग लगा दी. पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी. रानीरबाजार के अंतर्गत जिरानिया उपखंड में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है. तनाव कम करने के लिए इलाके में भारी सुरक्षा बल तैनात किया गया है.

सहायक महानिरीक्षक (कानून एवं व्यवस्था) अनंत दास ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, 'कैतुरबाड़ी में देवी काली की मूर्ति खंडित पाए जाने के बाद रविवार देर रात उपद्रवियों ने रानीरबाजार में करीब 12 घरों में आग लगा दी. आग में कुछ मोटरसाइकिलें और पिकअप वाहन भी जलकर खाक हो गए.' इस घटना में किसी व्यक्ति के हताहत की सूचना नहीं है. प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि उग्र भीड़ को देखकर लोग अपने घरों से भाग गए. दास ने कहा कि तनाव कम करने के लिए भारी संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है





और पुलिस महानिदेशक (खुफिया) अनुराग धनखड़ और पश्चिमी त्रिपुरा के पुलिस अधीक्षक किरण कुमार ने क्षेत्र का दौरा किया है. उन्होंने कहा, 'संपत्ति के नुकसान का आकलन पूरा होने के बाद पुलिस स्वतः संज्ञान लेकर मामला दर्ज करेगी. स्थिति नियंत्रण में है.'

वहीं जिला मजिस्ट्रेट विशाल कुमार ने एक आदेश में कहा कि शांति भंग की आशंका के मद्देनजर पश्चिम त्रिपुरा जिले के जिरानिया उपखंड में 26 से 28 अगस्त तक बीएनएसएस की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है. निषेधाज्ञा के तहत उपखंड में पांच या अधिक लोगों के एकत्र होने पर प्रतिबंध रहेगा. टिपरा मोथा के प्रमुख प्रद्युत किशोर माणिक्य देबबर्मा ने सोमवार को घटना पर चिंता व्यक्त की और सभी से कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील की. उन्होंने कहा कि उपद्रवियों से उनकी आस्था की परवाह किए बिना सख्ती से निपटा जाना चाहिए, कानून सभी के प्रति निष्पक्ष होना चाहिए. मैं त्रिपुरा से इस कठिन समय में एकजुट होने और एक-दूसरे से झगड़ा नहीं करने का आग्रह करता हूं. त्रिपुरा में 19 अगस्त से आई विनाशकारी बाढ़ के कारण कम से कम 26 लोगों की मौत हो चुकी है और 1.17 लाख लोग बेघर हो गए हैं.

---

**दुखद :** बसों से यात्रियों को उतारा और जातीय पहचान कर मार दी गोली

# पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में बंदूकधारियों ने की 40 लोगों की हत्या

एजेंसी। कराची

पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में सोमवार को दो अलग-अलग हमलों में हथियारबंद हमलावरों ने कम से कम 40 लोगों की हत्या कर दी. पहली घटना में बलूचिस्तान के मूसाखेल जिले में बंदूकधारियों ने बसों से यात्रियों को उतारकर और उनके पहचान पत्र देखने के बाद पंजाब प्रांत के कम से कम 23 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी. मूसाखेल के सहायक आयुक्त नजीब काकर के मुताबिक करीब 10 हथियारबंद हमलावारों ने जिले के राराशिम इलाके में अंतर सूबाई राजमार्ग को बाधित कर दिया और कई बसों से यात्रियों को उतार लिया.

काकर के मुताबिक हमलावरों ने कुछ वाहनों में भी आग लगा दी. वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अयूब खोसो ने बताया, 'यात्रियों को बसों से उतरने के लिए कहा गया और राष्ट्रीय पहचान पत्र देखने के बाद जातीय पहचान कर उनकी गोली मारकर हत्या कर दी गयी. एक अन्य हमले में बलूचिस्तान के कलात जिले में बंदूकधारियों ने चार पुलिस अधिकारियों समेत कम से कम 11 लोगों की हत्या कर दी गयी. कलात राजधानी क्वेटा से करीब 150 किलोमीटर दक्षिण में स्थिति है और बलूच कबीलों का इलाके में दबदबा है. आतंकवादियों ने 24 अगस्त और 25 अगस्त की रात को बलूचिस्तान में कई स्थानों पर हमले किए.



### चार महीने पहले भी इसी तरह का हमला हुआ था

मूसाखेल में हमले से करीब चार महीने पहले पंजाब के लोगों को निशाना बनाते हुए ऐसा ही हमला किया गया था. अप्रैल में नोश्की के समीप एक बस से नौ यात्रियों को उतारा गया था और बंदूकधारियों ने उनके पहचान पत्र देखने के बाद उन्हें मौत के घाट उतार दिया था. पिछले साल अक्टूबर में अज्ञात बंदूकधारियों ने बलूचिस्तान में केच जिले के तुरबत में पंजाब के छह श्रमिकों की गोली मारकर हत्या कर दी थी. ऐसी ही एक घटना 2015 में भी हुई थी जब बंदूकधारियों ने तुरबत के समीप श्रमिक शिविर पर हमला कर 20 लोगों की हत्या कर दी थी.

---

**ऐतिहासिक** 163 मीटर लंबा विध्वंसक पोत है, जिस पर 410 सदस्यों का दल सवार है

# श्रीलंका की पहली यात्रा पर पहुंचा भारतीय नौसेना का पोत 'मुंबई'

एजेंसी। कोलंबो

भारतीय नौसेना का पोत 'मुंबई' श्रीलंका की तीन दिवसीय यात्रा पर सोमवार को कोलंबो बंदरगाह पहुंचा. इस दौरान यह पोत श्रीलंकाई नौसेना के पोत के साथ 'पैसेज एक्सरसाइज' भी करेगा. श्रीलंका की नौसेना ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि भारतीय नौसेना के युद्धक पोत का नौसैन्य परंपराओं के अनुरूप स्वागत किया गया. भारतीय उच्चायोग ने रविवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि आईएनएस मुंबई 163 मीटर लंबा विध्वंसक पोत है जिस पर 410 सदस्यों का दल सवार है.

उच्चायोग ने कहा कि यह जहाज श्रीलंका के किसी बंदरगाह पर पहली बार आया है और यह इस साल भारतीय जहाजों द्वारा आठवां बंदरगाह दौरा होगा. श्रीलंकाई नौसेना की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि जहाज के आगमन पर इसके कमांडर कैप्टन संदीप कुमार ने पश्चिमी नौसेना क्षेत्र के कमांडर रियर एडमिरल चिंताका कुमारसिंघे से पश्चिमी नौसेना कमान मुख्यालय में मुलाकात की. श्रीलंकाई नौसेना की विज्ञप्ति में कहा गया कि जहाज के कोलंबो में ठहरने के दौरान, इसके चालक दल के सदस्य देश के कुछ पर्यटक केंद्रों का दौरा करेंगे. उसने कहा, "जहाज के परिचालन कार्यों पर एक सत्र आईएनएस मुंबई पर श्रीलंकाई नौसेना के कर्मियों के लिए आयोजित किया जाएगा." उच्चायोग के अनुसार, आईएनएस मुंबई - दिल्ली श्रेणी के विध्वंसकों में से तीसरा - श्रीलंका वायुसेना द्वारा संचालित डोर्नियर समुद्री गश्ती विमान के लिए आवश्यक पुर्जे लाएगा - जिसके पायलट और फ्लाइट नेविगेटर भारतीय नौसेना द्वारा प्रशिक्षित किए जा रहे हैं. उच्चायोग के अनुसार इसके अलावा, भारतीय नौसेना एक तकनीकी टीम और पुर्जों के साथ विमान के रखरखाव का समर्थन भी करती है. उसने कहा कि जहाज श्रीलंकाई नौसेना के साथ संयुक्त गतिविधियों जैसे खेल, योग और तटीय क्षेत्र की सफाई आदि में भी संलग्न रहेगा. आईएनएस मुंबई 29 अगस्त को कोलंबो तट पर श्रीलंका नौसेना के जहाज के साथ एक 'पैसेज एक्सरसाइज' में भी भाग लेगा. स्वदेश निर्मित आईएनएस मुंबई को 22 जनवरी, 2001 को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया था.



### म्यांमा की सीमा के पास गश्त करेगी चीन की सेना

**बीजिंग।** चीन की सेना इस सप्ताह म्यांमा सीमा के पास सशस्त्र गश्त करेगी क्योंकि चीनी सरकार म्यांमा में गृहयुद्ध में भीषण संघर्ष के संभावित नतीजों को लेकर चिंतित है. चीनी सेना की दक्षिणी थियेटर कमान ने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा बनाए रखने की क्षमता का परीक्षण करने के लिए सोमवार को दक्षिण-पश्चिमी चीन के युन्नान प्रांत में सैनिकों को तैनात किया गया है. एक जातीय मिलीशिया समूह ने म्यांमा की सेना को देश के पूर्वोत्तर में कई झटके दिए हैं, जो चीन के पास स्थित है. गत जनवरी में चीन के क्षेत्र में तोप का एक गोला गलती से गिरने से पांच लोग घायल हो गए थे. मंगलवार से बृहस्पतिवार तक चार स्थानों पर गोलीबारी के अभ्यास किए जाएंगे, जिनमें दो अभ्यास रुइली शहर में होंगे.

---

### महादेव सट्टेबाजी ऐप मामलों की सीबीआई जांच की सिफारिश

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सोमवार को बताया कि राज्य की सरकार ने महादेव सट्टेबाजी ऐप 'घोटाले' के संबंध में दर्ज मामलों को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दिया है. शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने पिछले सप्ताह इस संबंध में सहमति देते हुए एक अधिसूचना जारी की थी. शर्मा ने संवाददाताओं को बताया, 'कथित महादेव घोटाले से संबंधित 70 मामले राज्य के विभिन्न पुलिस थानों में और एक मामला आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा में दर्ज किया गया था. हमने इन सभी मामलों को सीबीआई को सौंपने का फैसला किया है और इस संबंध में एक अधिसूचना जारी की गई है.' उन्होंने कहा, 'यह मुद्दा (महादेव सट्टेबाजी ऐप घोटाला) केवल एक राज्य के बजाय कई राज्यों का मामला बन गया है. ऐसा कहा जाता है कि (कथित घोटाले के) कुछ 'किंगपिन' (सरगना) विदेश में रहते हैं.

---

# ईरान ने इजराइल पर जवाबी कार्रवाई का संकल्प दोहराया

एजेंसी। यरूशलम

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने तेहरान में हमास नेता इस्माइल हानिया की 'हत्या' पर अपने देश की योजनाबद्ध जवाबी कार्रवाई का फिर से उल्लेख किया है. अब्बास अराघची ने रविवार देर रात कहा कि उन्होंने यह टिप्पणी इतालवी विदेश मंत्री एंटोनियो तजानी के साथ टेलीफोन पर बातचीत में की. अराघची ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'तेहरान में इजराइली आतंकवादी हमले पर ईरान की प्रतिक्रिया निश्चित है. हमें तनाव बढ़ने का डर नहीं है, फिर भी हम इजराइल के विपरीत ऐसा चाहते नहीं हैं. उन्होंने 'क्षेत्र में सैन्य कार्रवाइयों के चक्र को रोकने के लिए संयम बरतने और रचनात्मक दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान किया, जिससे केवल और अधिक पीड़ा होने का खतरा है.' उन्होंने बयान में कहा, 'यह महत्वपूर्ण है कि ईरान लेबनान-इजराइल सीमा पर तनाव को रोकने के लिए हिजबुल्ला को लेकर संयम बरते, जहां यूनाइटेड नेशंस इंटरिम फोर्स इन लेबनान दल के इतालवी सैनिक तैनात हैं.' उनका यह आह्वान ऐसे समय में आया है जब इजराइल और लेबनानी चरमपंथी समूह हिजबुल्ला के बीच रविवार को भारी गोलीबारी हुई.

### इजराइल व हमास के बीच संघर्ष विराम के लिए उच्च स्तरीय वार्ता बेनतीजा रही

इस बीच गाजा में इजराइल व हमास के बीच 10 महीने से जारी युद्ध पर अस्थायी विराम लगाने के लिए काहिरा में उच्च स्तरीय वार्ता रविवार को बेनतीजा समाप्त हो गयी. अमेरिका के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी. बहरहाल, वार्ता आने वाले दिनों में निचले स्तर पर जारी रहेगी.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा राजकमल प्लाजा, रूम नंबर 102 जयप्रकाश नगर, डीनोवली स्कूल रोड बरटांड़, धनबाद-826001 झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **दीपक कुमार अम्बष्ठ***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)